# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

शुक्रवार

13 सितंबर 2024




बोले तेजस्वी यादव... डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के घुटने में है दिमाग

2



# अलविदा कॉमरेड... सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी का निधन, नहीं होगा अंतिम संस्कार

- फेफड़ों में संक्रमण व मल्टी ऑर्गन फेलियोर के चलते हुआ निधन
- परिवार ने येचुरी की बॉडी को एम्स को डोनेट करने का लिया फैसला



**एजेंसी/नई दिल्ली**

सीपीएम के महासचिव और लेफ्ट फ्रंट के जाने-माने नेता सीताराम येचुरी नहीं रहे। वो लंबे समय से एम्स में एडमिट थे। उन्हें सांसों का इन्फेक्शन था। आखिरी दौर में वेंटिलेटर पर भी रहे। लेकिन अंततः उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका जाना वाम राजनीति में एक बड़ा शून्य पैदा करने वाला है। भारतीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी क्षति है। निधन के बाद परिवार ने येचुरी की बॉडी को एम्स को डोनेट करने का फैसला किया है। 72 वर्षीय कॉमरेड नेता पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनको एक्यूट रेस्पिरेटी ट्रैक्ट इन्फेक्शन के चलते 19 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर थी और उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। एम्स ने बयान जारी करते हुए कहा कि सीताराम येचुरी को निमोनिया के साथ 19 अगस्त 2024 को एम्स में भर्ती कराया गया था और 12 सितंबर 2024 को दोपहर 3:05 बजे उनका निधन हो गया। फेफड़ों में संक्रमण और मल्टी ऑर्गन फेलियोर के चलते उनका निधन हुआ है।

## भाकपा-मा के पांचवें महासचिव थे

सीताराम येचुरी एक भारतीय राजनीतिज्ञ और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी - मार्क्सवादी के पांचवें महासचिव थे। वे वर्तमान में येचुरी सीपीआई-एम के संसदीय समूह के नेता और पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य भी रहे। वे एक प्रसिद्ध स्तंभकार, अर्थशास्त्री और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। सीताराम येचुरी को पार्टी के पूर्व महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत की गठबंधन निर्माण विरासत को आगे बढ़ाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1996 में संयुक्त मोर्चा सरकार के लिए साझा न्यूनतम कार्यक्रम का मसौदा तैयार करने के लिए पी चिदंबरम के साथ सहयोग किया था। साल 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के गठन के दौरान गठबंधन निर्माण प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 1952 में मद्रास में हुआ था जन्म

सीताराम येचुरी का जन्म मद्रास में 12 अगस्त 1952 को एक तेलुगु भाषी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता सर्वेश्वर सोमयाजुला येचुरी आंध्र प्रदेश राज्य सड़क निगम में इंजीनियर थे। उनकी मां कल्पकम येचुरी सरकारी अधिकारी थीं। उनका बचपन हैदराबाद में बीता। उन्होंने हैदराबाद के ऑल सेंट्स हाई स्कूल से मैट्रिक किया। 1969 के तेलंगाना आंदोलन के बाद वे दिल्ली आ गए। यहां उन्होंने प्रेजिडेंट एस्टेट स्कूल में दाखिला ले लिया। अपनी असाधारण शैक्षणिक कुशलता के कारण येचुरी ने 1970 में सीबीएसई उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज में प्रवेश लिया। हालांकि, 1975-1977 के आपातकाल के दौरान गिरफ्तार होने के कारण वह इसे जारी नहीं रख सके।

## 1975 में जेएनयू में पढ़ाई के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी से जुड़े

सीताराम येचुरी ने 1974 में भारतीय राजनीति में कदम रखा। उस समय वे स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य बने। वे 1975 में भाकपा-मार्क्सवादी में शामिल हो गए, जब वे दिल्ली में जेएनयू में छात्र थे। येचुरी उन कई लोगों में से थे जिन्हें 1975 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान गिरफ्तार किया गया था। 1977 में आपातकाल हटने के बाद जेल से रिहा होने के बाद सीताराम येचुरी एक साल में तीन बार जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए। सीताराम येचुरी और सीपीआई-एम के पूर्व महासचिव प्रकाश करात ने जेएनयू को वामपंथियों का गढ़ बना दिया। येचुरी को एसएफआई का महासचिव चुना गया और बाद में 1978 में उन्हें इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 1984 में येचुरी सीपीआई-एम की केंद्रीय समिति के सदस्य बने। 1992 में सीपीआई-एम की 14वीं कांग्रेस में सीताराम येचुरी को पार्टी पोलित ब्यूरो के लिए चुना गया। येचुरी पहली बार 2005 में पश्चिम बंगाल से राज्यसभा के लिए चुने गए थे। राज्यसभा के सदस्य के रूप में उनका वर्तमान कार्यकाल 19 अगस्त 2011 से 18 अगस्त 2017 तक है। 19 अप्रैल 2015 को वह दिन माना जाता है जिस दिन सीताराम येचुरी को विशाखापत्तनम में आयोजित 21वीं पार्टी कांग्रेस में सर्वसम्मति से भाकपा मा के पांचवें महासचिव के रूप में चुना गया था।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीताराम येचुरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। पहले एक छात्र नेता, फिर राष्ट्रीय राजनीति में सांसद के रूप में उनकी एक विशिष्ट और प्रभावशाली पहचान थी। एक प्रतिबद्ध विचारक होते हुए भी उन्होंने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर मित्र बनाए। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा कि सीताराम येचुरी वामपंथ के अग्रणी प्रकाश थे और राजनीतिक स्पेक्ट्रम से जुड़ने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने एक प्रभावी सांसद के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वह देश की गहरी समझ रखने वाले और भारत के विचार के रक्षक थे। सीताराम येचुरी जी एक मित्र थे। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है।

---

**विधानसभा चुनाव की तैयारी: गृह विभाग ने जारी की तबादले से जुड़ी अधिसूचना**

# बिहार में 29 आईपीएस अधिकारियों का तबादला, बदले गए 15 जिलों के एसपी

- पूर्णिया के एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा बने बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-10 पटना के कमांडेंट



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में भारतीय पुलिस सेवा के 29 अधिकारियों का गुरुवार को तबादला कर दिया गया। नए पुलिस महानिदेशक आलोक राज के आने के बाद यह सबसे बड़ा तबादला है। इस सूची के अनुसार एक साथ 15 जिलों के एसपी बदल गए हैं। गृह विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। राज्य सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, औरंगाबाद की एसपी डॉ. स्वप्ना गौतम मेश्राम को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-3 बोधगया का कमांडेंट बनाया गया है। इनके पास बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-17 बोधगया के कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। वहीं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-3 बोधगया के कमांडेंट दीपक रंजन अब सहायक पुलिस महानिरीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, पटना होंगे। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-16 के कमांडेंट शैलेश कुमार सिंह अब शिवहर के एसपी होंगे, जबकि पूर्णिया के एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा अब बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-10 पटना के कमांडेंट होंगे, जबकि प्रतिस्थापन की प्रतीक्षा में चल रहे आईपीएस डॉ. गौरव मंगला अब सहायक पुलिस महानिरीक्षक, रेल बिहार होंगे।

पश्चिमी चंपारण के एसपी डी. अमरकेश अब साइबर प्रशिक्षण पोर्टल एवं समन्वय, आर्थिक अपराधी इकाई के एसपी होंगे, जबकि लखीसराय के एसपी पंकज कुमार अब राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो में एसपी होंगे। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के सहायक पुलिस महानिरीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा अब पूर्णिया के एसपी होंगे, जबकि कटिहार के एसपी जितेंद्र कुमार अब (कमजोर वर्ग एवं महिला कोषांग) अपराध अनुसंधान विभाग के एसपी होंगे।

## आईपीएस नवजोत सिमी बनीं पुलिस मुख्यालय पटना की एसपी

नवादा के एसपी अंबरीश राहुल को औरंगाबाद का एसपी बनाया गया है। वहीं भोजपुर के एसपी प्रमोद कुमार यादव को विशेष कार्य बल (अभियान) एसपी बनाया गया है। बक्सर के एसपी मनीष कुमार अब केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) में एसपी होंगे। वहीं साइबर अनुसंधान एवं अभियान, आर्थिक अपराध इकाई, पटना एसपी वैभव शर्मा अब कटिहार के एसपी होंगे। कमजोर वर्ग एवं महिला कोषांग, अपराध अनुसंधान विभाग की एसपी नवजोत सिमी अब पुलिस अधीक्षक, बिहार पुलिस मुख्यालय पटना होंगी।

**आइपीएस विनय तिवारी मुजफ्फरपुर के रेल एसपी बने:** समस्तीपुर के एसपी विनय तिवारी मुजफ्फरपुर के रेल एसपी होंगे। वहीं नालंदा के एसपी अशोक मिश्रा समस्तीपुर के एसपी होंगे। शिवहर के एसपी अनंत कुमार राय अब बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-16 पटना के कमांडेंट होंगे, जबकि अब तक गोपालगंज के एसपी रहे स्वर्ण प्रभात को पूर्वी चंपारण मोतिहारी का एसपी बनाया गया है। जमुई के एसपी शौर्य सुमन अब पश्चिम चंपारण, बेतिया के एसपी होंगे, रोहतास के एसपी विनीत कुमार विशेष शाखा पटना एसपी होंगे।

## आईपीएस चंद्रप्रकाश जमुई के एसपी बनाए गए

पटना के एसपी (ग्रामीण) रोशन कुमार अब एसपी रोहतास होंगे, जबकि मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी रहे अवधेश दीक्षित गोपालगंज के एसपी होंगे। पटना पूर्वी के सिटी एसपी भारत सोनी नालंदा के एसपी होंगे, जबकि भागलपुर के सिटी एसपी श्री राज भोजपुर के एसपी होंगे। पटना सेंट्रल के सिटी एसपी चंद्रप्रकाश अब जमुई के एसपी होंगे। वहीं पटना पश्चिम के सिटी एसपी अभिनव धीमान अब नवादा के एसपी होंगे। दरभंगा के सिटी एसपी शुभम आर्य को बक्सर का एसपी बनाया गया है, जबकि राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो में एसपी अजय कुमार अब लखीसराय के एसपी होंगे। विशेष शाखा में एसपी बम बम चौधरी को अब निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का एसपी बनाया गया है।

---

# सीएम से बातचीत को नहीं आए जूनियर डॉक्टर ममता बनर्जी बोलीं- मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं

**ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस**



**एजेंसी/कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर केस के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ममता सरकार ने तीसरी बार जूनियर डॉक्टरों को बातचीत के लिए चिट्ठी लिखी है। सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को मिलने के लिए बुलाया। सीएम राज्य सचिवालय नबान्नो में 2 घंटे तक इंतजार करती रहीं लेकिन हड़ताल कर रहे डॉक्टर बाहर एक मांग को लेकर अड़े रहे। डॉक्टरों की मांग है कि सीएम से मुलाकात और बातचीत का लाइव टेलीकास्ट किया जाए। इसके बाद सीएम ममता बनर्जी का बयान सामने आया है।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा, मैंने डॉक्टरों से बात करने की पूरी कोशिश की। तीन दिनों तक उनसे मिलने का इंतजार किया। गुरुवार को नबान्नो में 2 घंटे तक उनका इंतजार करने पर भी वो मिलने नहीं आए। मैं इस्तीफा देने को भी तैयार हूं। सीएम ने कहा, पहले हमने लाइव टेलीकास्ट की परमिशन दी थी लेकिन अब मामला सुप्रीम कोर्ट और सीबीआई में है। लिहाजा इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। वहीं, डॉक्टरों ने कहा कि अगर मीटिंग का लाइव-टेलीकास्ट नहीं किया गया, तो वो मीटिंग में शामिल नहीं होंगे।

ममता बनर्जी ने कहा, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर का मामला कोर्ट में है। इसलिए हम मीटिंग की लाइव स्ट्रीमिंग की इजाजत नहीं दे सकते थे। हमने इस बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की तैयारी की थी अगर डॉक्टर्स चाहते, तो हम सुप्रीम कोर्ट की इजाजत लेकर उनसे यह रिकॉर्डिंग शेयर कर देते। लेकिन वो अपनी बात पर अड़े हुए हैं। मैं बंगाल की जनता से माफी मांगती हूं। मैं डॉक्टरों को वापस नहीं बुला सकी। मुझे सीएम पद से कोई मोह नहीं है।

डॉक्टरों ने सीएम से बातचीत के लिए 4 शर्तें रखी हैं:- मीटिंग में जूनियर डॉक्टरों के 30 डेलीगेशन को शामिल करने की इजाजत मिले। मीटिंग नबन्नो में हो। मीटिंग की लाइव टेलीकास्ट की जाए। मीटिंग का पूरा फोकस जूनियर डॉक्टर्स की 5 मांगों पर हो। मीटिंग में सीएम ममता बनर्जी जरूर शामिल हों।

---

# सुल्तानपुर ज्वेलरी शॉप डकैती केस पर डीजीपी बोले- पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर की है निष्पक्ष कार्रवाई

**केटी न्यूज/लखनऊ**

सुल्तानपुर ज्वैलरी शॉप डकैती मामले में पुलिस ने साक्ष्यों की गहन जांच के बाद ही कार्रवाई को अंजाम दिया है। पूरी कार्रवाई निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की गई है। इसको लेकर फैलायी जा रही भ्रांतियां गलत हैं। यूपी पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। ये बातें डीजीपी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कही। इस दौरान एडीजी एलओ अभिताभ यश और एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर भी मौजूद रहे। इसी के साथ पुलिस ने घटना की सीसीटीव फुटेज, फोटो और मंगेश यादव की मां के साथ बहन की बाइट भी जारी की है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने में बताया कि 28 अगस्त को सुल्तानपुर के कोतवाली नगर क्षेत्र में दिन में 12:45 पर भरत ज्वैलर्स के यहां दिनदहाड़े डकैती हुई थी। इसको लेकर पुलिस द्वारा अब तक जो भी कार्रवाई की गई है वह पूरी तरह निष्पक्ष है। इस पूरे घटनाक्रम को आपके सामने प्रस्तुत करने के लिए हमारी टीम एकत्र हुई है। डीजीपी ने बताया कि घटना में कुल 12 आरोपी शामिल थे। इसमें विपिन सिंह गैंग लीडर था। विपिन, फुरकान और उसके तीन साथियों ने घटना को अंजाम देने के लिए 13 और 15 अगस्त को दुकान की रेकी की थी।

# इंदौर में सेना के दो अधिकारियों से मारपीट के बाद महिला मित्र से रेप

**एजेंसी/इंदौर**

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में मंगलवार की देर रात पिकनिक मना रहे दो युवा सैन्य अधिकारियों और उनकी दो महिला मित्रों पर कथित तौर पर बदमाशों द्वारा हमला किया गया है। इनमें से एक महिला के साथ रेप की खबर भी सामने आई है। पुलिस ने बताया है कि दोनों सैन्य अधिकारी महू छावनी शहर के इन्फैंट्री स्कूल में यंग ऑफिसर्स (वाईओ) पाठ्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे हैं। वे अपनी दो महिला मित्रों के साथ मंगलवार को पिकनिक मनाने गए थे। पुलिस ने बताया है कि मंगलवार को देर रात करीब दो बजे कुछ ज्ञात लोग महू-मंडलेश्वर मार्ग पर स्थित पिकनिक वाली जगह पर पहुंचे। उन्होंने कार में बैठे एक अधिकारी तथा महिलाओं को पीटना शुरू कर दिया। मेडिकल जांच के बाद पता लगा कि बदमाशों ने एक महिला से बलात्कार किया था।

---

**बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में सजा काटने के दौरान ही लालू यादव को आई थी हार्ट में समस्या**

# राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की मुंबई में हुई एंजियोप्लास्टी

**एजेंसी/मुंबई**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुंबई में की एंजियोप्लास्टी हुई है। मुंबई डॉक्टर ने ही लालू यादव का ट्रीटमेंट किया है। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में सजा काटने के दौरान ही लालू यादव के हार्ट में समस्या सामने आई थी, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें स्पेशलिस्ट से ट्रीटमेंट कराने की सलाह दी थी। साल 2021 में लालू यादव के हार्ट में समस्या सामने आई थी। हालांकि अभी तक वह मेडिसिन पर इसे कवर किए हुए थे। लालू यादव 10 सितंबर को मुंबई रवाना हुए थे।



पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने तेजस्वी यादव की आभार यात्रा को लेकर कहा था कि 'तेजस्वी यादव की यात्रा शुरू हो गई है, वह पूरा भ्रमण करेंगे।' वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इधर-उधर न जाने के सवाल पर लालू यादव ने कहा, 'ठीक है, नहीं जाएंगे तो बढ़िया है। बताया जा रहा है कि बीच में किडनी ट्रांसप्लांट होने के चलते एंजियोप्लास्टी को टाल दिया गया था।

## 4 दिसंबर 2022 में सिंगापुर में हुआ था किडनी ट्रांसप्लांट

4 दिसंबर 2022 में सिंगापुर में लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। लालू को उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने अपनी किडनी डोनेट की थी। 76 वर्षीय बिहार के पूर्व सीएम का किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन सिंगापुर में किया गया था। रोहिणी आचार्य परिवार के साथ सिंगापुर में ही रहती हैं। लालू यादव कई सालों से दिल्ली एम्स में किडनी की बीमारी का इलाज करा रहे हैं। लेकिन वे पिछले दिनों इलाज करवाने सिंगापुर गए थे। जहां डॉक्टर्स ने उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट करवाने की सलाह दी थी। मगर क्रॉनिक किडनी डिजीज के अलावा लालू यादव और भी कई बीमारियों से ग्रस्त हैं, जिसके कारण उनकी सेहत काफी खराब है। लालू यादव को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट की समस्या भी है। साल 2022 जुलाई में घर पर गिरने के कारण उनकी हड्डी भी फ्रैक्चर हो गई थी।




केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण
बिहार
बक्सर, 13 सितंबर 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


# गया आने वाले श्रद्धालुओं को उपहार में दिया जाएगा गंगाजल, तैयारी पूरी

- 17 सितंबर से विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष शुरू होने वाले हैं, जो दो अक्तूबर को समाप्त होगा।
- बिहार के सीएम नीतीश कुमार गया समाहरणालय में पितृपक्ष मेला की तैयारियों की समीक्षा की थी

**केटी न्यूज/गया**

पितृपक्ष मेला में गया में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान कर स्वदेश लौटने वाले तीर्थयात्रियों को इस वर्ष राज्य सरकार की तरफ से उपहार के रूप में गंगाजल दिया जाएगा। इस योजना को लेकर तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। 17 सितंबर से विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष शुरू होने वाले हैं। जो दो अक्तूबर को समाप्त होगा। इस वर्ष पितृपक्ष मेला 2024 में देश विदेश से पिंडदान करने आ रहे गया आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए राज्य सरकार काफी कुछ अलग करने का प्रयास कर रही है। पितृपक्ष मेला अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित नहीं किया गया, लेकिन तैयारी उसी तर्ज पर किया जा रहा है। बता दें कि बीते सात सितंबर में बिहार के सीएम नीतीश कुमार गया समाहरणालय में पितृपक्ष मेला की तैयारियों की समीक्षा



की थी। समीक्षा बैठक के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने पिंडदानियों और तीर्थयात्रियों को पैकेजिंग कर गंगाजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। वहीं, सीएम के निर्देश के बाद गया के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक तथा जल संसाधन विभाग (गंगाजल) को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों समन्वय स्थापित कर अविलंब तैयारी शुरू करें। वहीं, इस संबंध में पूछे जाने पर जल संसाधन विभाग (गंगाजल) के एक अभियंता ने बताया कि यहां से प्यूरीफाई गंगाजल सुधा डेयरी उपलब्ध कराया जाएगा। उसके बाद डेयरी में गंगाजल का पैकेजिंग किया जाएगा। पितृपक्ष मेला के दौरान गयाजी से पिंडदान कर लौटने वाले श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र के कई स्टालों से मुफ्त में यह उपहार घर ले जाने के लिए दिया जाएगा।फिलहाल, सुधा डेयरी में गंगाजल की पैकेजिंग की जाएगी। पैकेज के ऊपर सरकार की ओर से स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद स्लोगन और राज्य सरकार की इस उपहार योजना का संदेश प्रिन्ट कराया जाएगा। तीर्थयात्रियों को पीने के लिए और गंगाजल घर तक ले जाने के लिए तैयार किया जा रहा है। सभी पैकेज में गंगाजल की क्षमता 500 मिली लीटर होगी।

### होने लगी गंगाजल पैकेजिंग की तैयारियां

इस संबंध में मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक ज्ञान प्रकाश ने बताया कि सीएम नीतीश कुमार का निर्देश था कि इस बार देश दुनिया से पितृपक्ष मेला में गयाजी आने वाले पिंडदानी और तीर्थयात्रियों को राज्य सरकार की ओर से गंगाजल उपहार स्वरूप भेंट दिया जाएगा। इस पर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए अलग से कर्मियों को लगाया गया है। साथ ही विभिन्न स्टॉल लगाये जायेंगे। ताकि यहां आने वाले हर किसी को गंगाजल आसानी से उपलब्ध हो सके।

**प्रतिदिन दस हजार तीर्थयात्रियों को मिलेगा गंगाजल**

पितृपक्ष मेला में देश के विभिन्न राज्यों और देशों से गयाजी आने वाले लाखों की संख्या में आने वाले सभी पिंडदानियों और तीर्थयात्रियों का गंगाजल उपलब्ध करा सके। इसके लिए जिला प्रशासन ने प्रतिदिन दस हजार तीर्थयात्रियों को गंगाजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## सर्च अभियान में पुलिस को मिला दो शक्तिशाली आईईडी बम

**औरंगाबाद।** अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को दो शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम मिले हैं। यदि ये बम विस्फोट कर जाते तो सर्च ऑपरेशन में लगे सुरक्षा बलों के परखच्चें उड़ जाते। संयोग वश दोनों आईईडी बम सुरक्षा बलों की नजर में आ गए और अनहोनी टल गई। दरअसल, 3-3 किलो के दो शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बमों की बरामदगी सर्च ऑपरेशन के दौरान मदनपुर के सुदूरवर्ती जंगली-पहाड़ी इलाके में पचरूखियां के जंगल से की गई, जिसे बरामदगी के बाद ब्लास्ट कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया।

## खबरें फटाफट

### छात्रों ने स्कूल में शिक्षक को जमकर पीटा

**कैमूर।** एक विद्यालय में छात्रों और ग्रामीणों ने विद्यालय के शिक्षक की पिटाई कर दी। हालांकि इस दौरान वहां उपस्थित शिक्षकों ने उन शिक्षक को बचाने की कोशिश भी की। फिर उनके सहयोगी शिक्षकों ने घायल शिक्षक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। मामला कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सरैया का है।शिक्षक के डांटने पर बिगड़े छात्र और ग्रामीण घटना के संबंध में घायल शिक्षक कुमार अभिषेक का कहना है कि दो दिन पहले पढ़ाई के दौरान गलत हरकत करने पर 10वीं के छात्र को उन्होंने डांट-फटकार लगायी थी। इसके बाद वह स्कूल से घर चला गया। दो दिन बाद स्कूल में पढ़नेवाले कुछ अन्य छात्रों और अभिभावकों के साथ लगभग शाम पांच बजे जब स्कूल बंद होने लगा, तब पहुंचे और शिक्षक कुमार अभिषेक की पिटाई करने लगे। इस दौरान शिक्षक अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागने लगे लेकिन आरोपियों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटते रहे। हालांकि मौके पर मौजूद अन्य शिक्षकों ने बीच-बचाव करते हुए घायल हो गये। उनका भी इलाज चल रहा है।

**दरभंगा में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की**

# बोले तेजस्वी यादव... डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के घुटने में है दिमाग

- नीतीश कुमार 20 साल से लगातार विशेष राज्य का दर्जा की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हो रही है

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कार्यकर्ता जन संवाद यात्रा के क्रम में तीसरे दिन दरभंगा पहुंचकर प्रेक्षागृह में पांच विधानसभा के कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक से पहले तेजस्वी यादव ने परिसदन में पत्रकारों से बात करते हुए एनडीए सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने डिप्टी सीएम विजय सिन्हा पर तंज कसते हुए कहा कि घुटने में जिसका दिमाग है तो उसके बारे में क्या कहेंगे। वह सिर्फ लोगों बरगलाने का काम करते है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है। नीतीश कुमार 20 साल से लगातार विशेष राज्य का दर्जा की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हो रही है। वहीं, तेजस्वी ने कहा कि अब तो केंद्र सरकार ने भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन वोट बिहार के मतदाता से लेंगे। लेकिन यहां के जनता के साथ सौतेला व्यवहार करेंगे। इन्ही सभी मुद्दों को लेकर अभी कार्यकर्ता के साथ संवाद चल रहा है। उसके बाद जनता के बीच पूरी टीम के साथ उतरेंगे और तमाम बिहार के मुद्दे को सड़क से सदन तक उठाने का काम करेंगे। वहीं, तेजस्वी ने बिहार के विजय सिन्हा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से वो उप मुख्यमंत्री बने हैं। एक काम बता दें, जो उनके द्वारा किया गया हो। सिर्फ गाड़ी और सिक्योरिटी लेकर जनता के पैसे से घूमते हैं। घूमना कोई काम है क्या। हम से ज्यादा जनता के बीच में रहे हैं। रात दिन हम लोगों ने सड़कों पर बिताए हैं। क्या वो हम से ज्यादा जनसभा किए हैं। ये लोग बेकार की बातें कर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। कार्यकताओं के साथ इंटरनल बैठक हो रही है तो खुले में थोड़ी ही होगी। वहीं, उन्होंने मिथिलांचल के चुनावी नतीजे पर कहा कि ठीक है, नतीजे हमारे हिसाब से नहीं आए। लेकिन हम कमजोर नहीं हैं।



### सरल नियम में नहीं हो रहा है सर्वे कार्य, भ्रष्टाचार का बड़ा खेल

उस सर्वे में बड़ा भ्रष्ट्राचार हो रहा है। बहुत खेला हो रहा है। सर्वे के नियम को सरल बनाना चाहिए। वहीं, उन्होंने कहा कि पिछले बार तो सरकार लगभग बना लिए होते, अगर बेइमानी नहीं होती। बिहार में सबकी लड़ाई हमसे ही होती है। वहीं, उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार भरष्टाचार में लगी हुई है। अभी जो बिहार में सर्वे हो रहा है। जनता को जानबूझका परेशान किया जा रहा है। जनता अपने दस्तावेज को प्राप्त करने के लिए सरकारी कार्यालय का चक्कर लगा रही है। उन्हें वह कागजात नहीं मिल पा रहा है। जनता सिर्फ परेशान हो रही है।

### शराब बंदी नीति पर राजनीति कर रही है राजद : श्रवण कुमार

**नालंदा।** बिहार के राजनीतिक माहौल में एक बार फिर गरमाहट देखने को मिली है। राज्य के मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को नालंदा में विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून को खत्म करने के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मंत्री कुमार ने कहा, कुछ लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते हैं। लेकिन समाज राजनीति से नहीं, बल्कि समाज की बुराइयों को दूर करने से चलता है। उन्होंने महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा, गांधीजी ने कहा था कि अगर उन्हें एक क्षण के लिए भी तानाशाह बनना पड़े तो वे सबसे पहले शराब जैसी बुराइयों को खत्म कर देंगे।मंत्री कुमार ने आगे कहा, देश की आधी आबादी चाहती है कि शराबबंदी हो और समाज नशामुक्त हो। जो लोग राष्ट्रपिता के सपनों को चकनाचूर करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें कौन समझाए। इसी बीच, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा लगाए गए आरोपों पर भी मंत्री ने प्रतिक्रिया दी। यादव ने दावा किया था कि उनके पास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो है, जिसमें वे सरकार बनाने के लिए गिड़गिड़ा रहे थे। इस पर मंत्री कुमार ने कहा, नीतीश कुमार किसी के सामने गिड़गिड़ाया नहीं है। उनका सपना बिहार की तरक्की, शांति और अमन का है। लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे पर बोलते हुए मंत्री ने स्वीकार किया कि राज्य में अपराध की घटनाएं हो रही हैं।

## एक नजर

### सीएए और एनआरसी का विरोध करना पड़ा था महंगा, जेडीयू से मुझे निकाला गया : पीके



**पूर्णिया।** प्रशांत किशोर ने पूर्णिया में एक प्रेस वार्ता के दौरान नीतीश कुमार और जदयू पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें जदयू से निकाल दिया, जब उन्होंने सीएए और एनआरसी का विरोध किया। प्रशांत किशोर ने कहा कि मैंने सीएए और एनआरसी का विरोध किया था, जिसके बाद नीतीश कुमार ने मुझे जदयू से निकाल दिया। मैंने हमेशा से ही मुस्लिम समाज के हितों की लड़ाई लड़ी है। लेकिन जदयू ने मुस्लिम समाज के साथ खड़े नहीं होने का फैसला किया। उन्होंने आगे कहा कि जदयू ने संसद में वक्फ कानून का समर्थन किया, जिससे पूरा मुस्लिम समाज आज असहज महसूस कर रहा है। जदयू केवल मुस्लिम समाज को कुछ एमएलसी या बोर्ड के सदस्य बनाने का लॉलीपॉप देकर उनसे उनका वोट ले लेती है, पर जब जरूरत होती है तब समाज के साथ खड़ी नहीं होती है।प्रशांत किशोर ने जदयू के मुस्लिम नेताओं से भी सवाल किया कि वह किस आधार पर जदयू का साथ दे रहे हैं। जबकि जदयू संसद में वक्फ बोर्ड जैसा कानून का समर्थन कर रही है, जिससे पूरा मुस्लिम समाज आज असहज महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि जदयू आज भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल हो गई हैं, जिसने देश की संसद से सीएए और एनआरसी के कानून पास किए और जिसके खिलाफ पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुए थे। फिर भी नीतीश कुमार ने अपनी कुर्सी बचाए रखने के लिए बीजेपी के साथ गठबंधन किया।

### सारण की घूसखोर महिला सीओ पर गिरी गाज

**पटना।** बिहार की घूसखोर महिला अधिकारी के खिलाफ विभाग ने सख्त एक्शन लिया है। घूसखोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भूमि एवं राजस्व विभाग ने आरोपी महिला अंचलाधिकारी को सस्पेंड कर दिया है और उसे वापस पटना बुला लिया है। महिला सीओ सारण के तरैया अंचल में तैनात थी।दरअसल, सारण के तरैया अंचल कार्यालय में तैनात महिला अंचलाधिकारी श्रेया मिश्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में सीओ किसी व्यक्ति से रिश्वत के तौर पर रुपए लेती नजर आई थीं। सोशल मीडिया पर घूसखोरी का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग की खूब फजीहत हुई थी।मीडिया में खबर आने के बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने संज्ञान लिया था और जांच कराने की बात कही थी।

## बिहार के नए सूचना आयुक्तों को राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के नए मुख्य सूचना आयुक्तों को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने राज भवन में शपथ दिला दी। गुरुवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बिहार सरकार के वरीय मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल ने सबसे पहले सेवानिवृत आईएएस अधिकारी व पूर्व मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को सबसे पहले शपथ दिलाई। उसके बाद बिहार के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश कुमार को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद तीन साल के लिए दोनों बिहार के सूचना आयुक्त बन गए हैं। पूरी मेहनत और लगन से काम करूंगा शपथ ग्रहण के बाद सूचना आयुक्त प्रकाश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सूचना के अधिकारों को सशक्त बनाना उनका लक्ष्य है। सूचना के अधिकार में एक बड़ी शक्ति है, इसके जरिए आम लोगों तक हर वह सूचना पहुंचाई जाती हैं, जिससे सरकार का कामकाज पारदर्शी प्रतीत हो। सूचना से जुड़ी हर एक जानकारी में पारदर्शिता रहे।वहीं पूर्व मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने कहा कि लोगों तक सही और समय पर सूचना पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सीएम नीतीश कुमार ने लगाई थी मुहर बता दें कि सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति में सीएम नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शामिल थे।

## मोतिहारी में मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन, बनता था देसी पिस्टल

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

मोतिहारी में अवैध ऑर्म्स निर्माण के बड़े सिंडिकेट के उद्भेदन से पुलिस भी सकते में है और चिंता इस बात को लेकर बनी है कि क्या अंदरखाने में मोतिहारी भी मुंगेर की राह पर चल पड़ा है। दो सप्ताह में चिरैया और चकिया में देशी कट्टा और पिस्टल निर्माण का मोतिहारी पुलिस ने खुलासा किया है। हालांकि, मोतिहारी पुलिस को इन अपराधियों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है और पुलिस की कार्रवाई से ऐसे लोगों में अफरा- तफरी भी है। बता दें कि मोतिहारी पुलिस ने एक सप्ताह पहले ही चिरैया थाना क्षेत्र के एकौना बांध पर कृषि यन्त्र निर्माण के आड़ में देशी कट्टा बनाते अपराधी को पकड़ चुकी है। इसके द्वारा निर्मित देशी कट्टा भी तस्करों के माध्यम से आपूर्ति की जाती थी। इसके द्वारा हथियार तस्करों को छह से दस हजार रुपयों में कट्टा उपलब्ध कराया जाता था और तस्कर अवैध हथियारों की आपूर्ति किस उदेश्य के लिए करते थे। यह बात किसी से भी नहीं छुपा है।वहीं, मोतिहारी पुलिस को इधर दूसरी बड़ी सफलता में एक और मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। यह उद्भेदन चकिया के शास्त्रीनगर नगर में किया गया। यहां चकिया थाना के पुलिस चौकी के ठीक सामने यह कारोबार चलता था और लोकल थाना को इसकी भनक भी नहीं थी। इस मिनी गन फैक्ट्री में देशी पिस्टल का निर्माण होता था।




**पर्यटन गीत का भी होगा निर्माण, सांस्कृतिक धरोहर होंगे विकसित**

# बिहार पर्यटन का होगा अपना ब्रांड एंबेसडर : मंत्री

**केटी न्यूज/ पटना**

बिहार में पर्यटकों की संख्या में सतत उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है। पर्यटन विभाग के द्वारा राज्य के पर्यटक स्थलों पर आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए आकर्षक पर्यटन केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए देश-विदेश में बिहार पर्यटन की बेहतर ब्रांडिंग हो इसके लिए बिहार पर्यटन ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति 2024 को राज्य मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गयी है। अब नयी नीति के तहत ब्रांडिंग के लिए रणनीति बनेगी। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि इस नीति का दृष्टिपथ बिहार को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक पर्यटन के केन्द्र के रूप में और प्रभावी रूप में स्थापित करना है। बिहार पर्यटन का अपना ब्रांड एंबेसडर, पर्यटन गीत का निर्माण, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर का प्रभावी प्रयोग सहित अन्य निर्णयों से बेहतरीन ब्रांडिंग का मार्ग प्रशस्त होगा। इस नीति में बिहार के पर्यटकीय धरोहर सुदूर प्रखंडो एवं कस्बों तक बिखरे पड़े हैं, जिनको अभी तक पूर्णतः प्रकाश में नहीं लाया जा सका है। ऐसे स्थलों के बारे में शोधपरक सामग्री का निर्माण किया जाएगा। इस हेतु विशेषज्ञ व्यक्ति-संस्था का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। दृश्य एवं श्रव्य सामग्री के निर्माण हेतु विशेषज्ञ एजेंसियों के साथ संबद्धता की जायेगी। बिहार पर्यटन के लिये लोगो का निर्माण किया जायेगा। बिहार पर्यटन के ब्रांडिंग हेतु सरकार की स्वीकृति से ब्रांड एम्बेसडर का चयन किया जायेगा। सोशल मीडिया इन्फ्लूऐसर, सेलिब्रिटी, यूटूबर आदि का फैम टूर के माध्यम से सेवायें प्राप्त की जायेंगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन की ब्रांडिंग के क्रम में बिहार पर्यटन गीत' की रचना की जायेगी और गायन एवं अभिनय हेतु बिहार से सम्बद्ध विभूतियों की सेवायें प्राप्त की जायेगी। पर्यटन की ब्रांडिंग, प्रचार-प्रसार तथा पर्यटकों की सुविधा हेतु ई-सर्विसेज यथा वेबसाईट, वेबपोर्टल तथा अन्य डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जा सकेगा। विविध प्रकार की प्रतियोगितायें यथा, स्क्रिप्ट राईटिंग, रील मेकिंग, फोटोग्राफी, क्विज प्रतियोगिता, कार बाईक रैली आदि का आयोजन किया जायेगा। पर्यटन के प्रचार-प्रसार एवं इसकी मार्केटिंग के लिये कई तरह के साधनों का प्रयोग किया जाता है और इसमें नई तकनीकी का समावेश किया जाएगा। सोशल मीडिया, डीजिटल मीडिया सहित सभी प्रकार के टूल्स के लिये उच्च स्तरीय सामग्रियों का निर्माण कर और इनका समुचित उपयोग कर बिहार पर्यटन की जानकारी को सुलभ कराया जाएगा।

# शहरी के साथ ग्रामीण इलाकों में लोगों को परिवार नियोजन का संदेश देगा सारथी रथ : जिलाधिकारी

- डीएम ने 12 सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- 17 से 30 सितंबर तक मनाया जाएगा परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा

केटी न्यूज/बक्सर



जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से जिले में दो सितंबर से विशेष ड्राइव चलाया जा रहा है। जिसके तहत 14 सितंबर तक दंपति संपर्क सप्ताह तथा 17 से 30 सितंबर तक पुरुष परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें इच्छुक लाभुक महिलाओं का बंध्याकरण के साथ साथ पुरुषों की नसबंदी भी की जाएगी। इसके लिए जिले के शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण इलाकों के पुरुषों को जागरूक करने के लिए गुरुवार को सारथी रथ रवाना किया गया। जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने समाहरणालय से 13 सारथी रथ को हरी झंडी दिखाई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग का पूरा ध्यान स्थिरीकरण पर है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा न केवल महिलाओं बल्कि पुरुषों को भी आगे आना होगा। ताकि, सभी अपने परिवार के साथ समाज को भी खुशहाल बना सकें। उन्होंने बताया कि 12 प्रखंडों के लिए 12 सारथी रथ भेजे गए हैं। वहीं, एक सारथी रथ सदर प्रखंड के शहरी इलाकों में लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने में लगाया गया है। सभी सारथी रथ पर एक आशा प्रतिनियुक्त है, जो लोगों के बीच परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों का वितरण करेंगी। साथ ही, लोगों को पुरुष नसबंदी के लिए भी प्रेरित करेंगी।

**निर्धारित अवधि में पुरूष नसबंदी लक्ष्य पूरा करना है :** प्रभारी सिविल सर्जन ने बताया कि पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण के लिए लाभुकों को सारथी रथ के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। सारथी रथ शहरी और ग्रामीण चौराहों पर खड़ा कर परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। पखवाड़ा में हर स्वास्थ्य केंद्र के लिए पुरूष नसबंदी कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित अवधि में पुरूष नसबंदी लक्ष्य पूरा करना है। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी कराने पर व्यक्ति को 3000 हजार रुपये और प्रेरक को 400 रुपये प्रोत्साहन धनराशि तत्काल मिलता है। महिला नसबंदी कराने पर 2000 महिला को और प्रेरक को 300 रुपये मिलते हैं। प्रसव के बाद तत्काल महिला नसबंदी पर 3000 और प्रेरक को 400 रुपए प्रोत्साहन धनराशि दी जाती है। इसके अलावा अंतरा इंजेक्शन और आईयूसीडी पर भी प्रोत्साहन धनराशि की सुविधा है।

मौके पर डीपीएम मनीष कुमार, डीपीसी जावेद आब्दी, डीएएम राजेश कुमार, डीसीएम हिमांशु कुमार सिंह, सदर बीएचएम प्रिंस कुमार सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

### परिवार नियोजन में पुरुषों की भूमिका भी अहम

प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में पंचायतों में पुरुषों को जागरूक करने के लिए सारथी रथ भी रवाना किया गया है। जिसके माध्यम से पुरुषों को जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी दोनों साधानों के प्रति जानकारी दी जाएगी। ताकि अधिक से अधिक पुरुषों को नियोजन के स्थायी साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। परिवार नियोजन में महिलाओं के साथ पुरुष की भी अहम भूमिका होती है। दो बच्चों के बाद यदि किसी कारण से महिला नसबंदी नहीं कर सकती है तो पुरुष को नसबंदी करा लेनी चाहिए।

## शुभम आर्य बने नये एसपी, केन्द्रीय चयन पर्षद में हुआ मनीष कुमार का तबादला



**बक्सर।** राज्य गृह विभाग ने गुरुवार को राज्य के 29 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसी कड़ी में बक्सर के पुलिस कप्तान भी बदल गए है। दरभंगा के नगर पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत शुभम आर्य को बक्सर का नया एसपी बनाया गया है। जबकि बक्सर के एसपी मनीष कुमार को केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। नये आईपीएस अधिकारियों को जल्दी ही अपने नये पदस्थापना स्थल पर योगदान करना है।

बता दें कि बक्सर जिले में पुलिस अधीक्षक के तौर पर मनीष कुमार का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। खासकर अपराध नियंत्रण, शराब तस्करी व बालू तस्करी रोकने तथा आम जनता से इनके अच्छे व्यवहार की चर्चा हर कोई करता है। इसके अलावे इनकी गिनती स्वच्छ व इमानदार छवि के आईपीएस अधिकारी में होती है। यही कारण है कि बक्सर से उनके तबादले की जानकारी होते ही लोग मायूश हो गए।

## टुड़ीगंज रेलवे क्रासिंग के समीप अचानक दोनों ओर से ट्रेनों के आने से हुआ हादसा

# ट्रेन की चपेट में आ सैकड़ों भेड़ मरीं इलाज के दौरान चरवाहे की हुई मौत

- दोनों ट्रेनों के अचानक आ जाने से भेड़ों में मची अफरातफरी
- भेड़ों को बचाने के चक्कर में ट्रेन की चपेट में आया भोला पाल

केटी न्यूज/डुमरांव



दानापुर रेखखंड पर टुड़ीगंज व डुमरांव स्टेशन के बीच धरौली हाल्ट के रेलवे क्रासिंग पर गुरूवार की सुबह एक भीषण हादसें में करीब 100 भेड़ ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उनके चिथड़े उड़ गए। वहीं, इस दौरान एक चरवाहा भी जख्मी हो गया, जिसका सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृत के भतीजे सोनू पाल ने बताया कि वो लोग सिकरौल थाना क्षेत्र के बेलांव गांव के रहने वाले हैं। मृतक उनका चाचा भोला पाल है, जो भेंड़ पालक है। उसके पास करीब 300 भेड़े है। भेड़ों को चराने तथा रखवाली के लिए उसके साथ रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के धनखड़ गांव का गौरी पाल भी रहता है। दोनों पूरे दिन भेड़ चराने का काम करते थे। बुधवार की रात उसने अपने भेड़ को टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन के पास एक खेत में बैठाया था। अल सुबह करीब तीन बजे भेड़ों को चराने के लिए लेकर दोनों वहां से चले। इस दौरान क्रासिंग बंद था, लेकिन भेड़ क्रॉसिंग पार करने लगी थी। गौरी आगे था और भोला पीछे-पीछे चल रहा था। लेकिन इसी दौरान अप और डाउन दोनों लाइन से ट्रेन गुजरने लगी, जिनकी चपेट में आने से करीब 100 भेड़ मर गई, जबकि भेड़ों के झूंड के आगे-आगे चल रहा गौरी भी ट्रेन की चपेट में आ गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में भेड़ पालक को लाखों रूपए का नुकसान हुआ है।

**दर्जनों भेड़ों के उड़ गए चिथड़े :** प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुर्घटना के समय दोनों ट्रेनों की स्पीड काफी अधिक थी, जिस कारण दर्जनों भेड़ों के तो चिथड़े उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। इधर घटना के बाद से भेड़ पालक जख्मी होने के कारण अचेत था। जख्मी चरवाहे गौरी का प्राथमिक इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देख सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। जहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह ने भेड़ पालक को उचित मुआवजा देने की मांग रेल प्रशासन से की है।

**पूर्व में भी हुआ है ऐसा हादसा :** टुड़ीगंज में ट्रेन की चपेट में आ भेड़ों के मरने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इसके पहले बीबीगिरी हॉल्ट पर भी ट्रेन की चपेट में आने से दर्जनों भेड़ो की मौत हो चुकी है। इस घटना के बाद भी रेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया। जिसका नतीजा है कि एक अन्य भेड़ पालक को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है।

**चार दिन पहले भी हुआ था एक ट्रेन हादसा :** वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों में कई प्रकार की चर्चाएं हो रही हैं। गांव के लोगों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से उक्त स्थान पर कई रेल दुर्घटनाएं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि चार पहले भी मगध एक्सप्रेस उसी स्थान पर दो हिस्सों में बंट गई थी। हालांकि, उक्त घटना में किसी की जान नहीं गई थी। लेकिन, ट्रेन की गति तेज होती तो मंजर कुछ और भी हो सकता था। वहीं, कुछ माह पूर्व भी धरौली हाल्ट से आगे नार्थ ईस्ट ट्रेन का बड़ा हादसा हुआ था। जिसमें दर्जन भर से अधिक लोगों की जान गई थी। इन घटनाओं से लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

### पूरी रात ट्रैक पर पड़ा रहा भेड़ों का शव, डुमरांव एसडीओ ने कहा संसाधनों का है अभाव

वहीं, दूसरी ओर हादसे के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। स्थानीय गांव के निवासियों का कहना है कि हादसे के बाद हाल्ट के दोनों ओर भेड़ों का शव पड़ा हुआ है। जिसके कारण अब गांव के लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि भेड़ों के खून से लथपथ शव पड़ा हुआ है। जिनसे अब दुर्गंध आने लगी है। ऐसे में लोगों का कहना है कि गुरुवार को तेज धूप के कारण भेड़ों का शव सड़ना शुरू हो गया है। यदि कुछ और दिना भेड़ों का शव वहां रहने से बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। जिसको लेकर ग्रामीणें ने डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार से संपर्क किया। एसडीओ ने ग्रामीणों से कहा कि फिलहाल उनके पास संसाधनों की कमी है। लेकिन, मामले की गंभीरता को देखते हुए वो डुमरांव नगर परिषद के अधिकारियों से बात कर भेड़ों का शव जल्द से जल्द हटवाने का प्रयास करेंगे। ताकि, ग्रामीणों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। एसडीओ से आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों को थोड़ी राहत महसूस हुई। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन को शव हटाने के बाद उक्त स्थल पर ब्लिचिंग व चूना पाउडर का भी छिड़काव कराना होगा। ताकि, संक्रमण का खतरा न रहे।

## कूलर मेकैनिक और पेंटर ने मिलकर की थी वृद्धा की हत्या

### वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार



केटी न्यूज/बक्सर

- पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद किया लूटा गया आभूषण व चाकू

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेय पट्टी गांव में विगत सात सितंबर की रात हुई वृद्ध महिला की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। इस घटना में शामिल दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही लूटे हुए गहने तथा वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किए गए है। इस हत्याकांड में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। एक युवक पेंटर का कार्य करता था तो वही, दूसरा कूलर मैकेनिक था। दोनों लूट की नियत से घर में घुसे और लूट की घटना को अंजाम देने के बाद महिला की हत्या कर दी थी।

एसपी मनीष कुमार ने बताया कि वृद्ध महिला की हत्या करने की जानकारी मिली थी। जिसकी जांच हेतु पुलिस टीम भेजी गई। वृद्धा के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आते ही पुलिस सक्रिय हो अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य साक्ष्य के आधार पर जासो गांव से दोनों की गिरफ्तारी हो गई। नगर थाना क्षेत्र के गजाधरगंज का निवासी बबलू सिंह यादव का पुत्र प्रेम कुमार यादव जो की पेंटर था तथा धनसोई के कैलख गांव निवासी दिनेश सिंह का पुत्र शशि रंजन मौर्य शामिल हैं, जो कूलर मैकेनिक था। पेंटर प्रेम कुमार यादव का उस घर मे पहले से आना जाना था। उसी के साथ कूलर मैकेनिक का भी आना-जाना लग गया। जहां दोनों ने लूट का प्लान बनाकर घर मे घुस गए। घर मे अकेली वृद्धा के रहने पर इन लोगों द्वारा गहने आदि सामान की लूट की। फिर उसके बाद वृद्धा कमलावती देवी की धारदार हथियार से गला रेत हत्या कर दी।

एसपी ने बताया कि ये पहली बार कोई अपराध किये है। इनपर कोई भी पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि यह घटना उन्होंने शौक पूरे करने के लिए किए है। पुलिस ने लूटे गए गहने भी बरामद कर लिए हैं। जिन्हें यह दोनों बेचने के प्रयास में थे। साथ ही घटना के दिन पहने गए कपड़े भी पुलिस ने बरामद किए हैं।

## खबरें फटाफट

### डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव बने सीएस

**बक्सर।** जिले में स्वास्थ्य विभाग के खाली चल रहे सिविल सर्जन के पद पर डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव को प्रभारी सिविल सर्जन बनाया गया है। इसको लेकर विभागीय स्तर पर नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव अपने पूर्व के निर्धारित दायित्वों को पूरा करते हुए सिविल सर्जन के दायित्वों को पूरा करेंगे। डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव जिले के चौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदाधिकारी के पद पर तैनात है। ज्ञात हो 31 अगस्त को जिले का सिविल सर्जन डॉ सुरेश कुमार सिंहा सेवानिवृत हो गये हैं। जिनका पद प्रभार के सहारे चल रहा था। नोटिफिकेशन के बाद श्री श्रीवास्तव प्रभारी सिविल सर्जन से प्रभार प्राप्त करेंगे। वहीं डॉ. श्रीवास्तव एसीएमओ एवं अधीक्षक सदर अस्पताल बक्सर के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### लोगों से रूबरू होगी जन सुराज की टीम

**बक्सर।** बिहार के राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले व मूल रूप से बक्सर निवासी प्रशांत किशोर के जनसुराज का बक्सर में पहला बड़ा कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम बक्सर बाइपास रोड स्थित काली मंदिर के करीब शिव प्रभा वाटिका मैरेज हॉल में आयोजित किया गया है। पार्टी से जुड़ी पूर्णिमा कुमारी ने बताया कि सुबह 10 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें जनसुराज की टीम मीडिया से भी रूबरू होगी।

## लोगों को एनीमिया व आईसीडीएस योजनाओं की जानकारी देगा पोषण जागरूता रथ: डीएम

- नावानगर में डीएम ने पोषण जागरूकता रथ को किया रवाना

केटी न्यूज/बक्सर



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने गुरूवार को प्रखंड कार्यालय, नावानगर से पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पोषण जागरूकता रथ के माध्यम से एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक पोषाहार और आईसीडीएस के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में आम जनता को जागरूक किया जाएगा। डीएम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2024 में एक सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह में एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी, पढाई भी, सेवाओं की गुणवता में वृद्धि एवं पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण इत्यादि विषयों पर सामूहिक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाती है।

डीएम ने कहा कि पोषण माह 2024 के दौरान प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र पर प्रतिदिन अधिकतम पांच गतिविधियां आयोजित किया जाना है एवं उसका प्रतिवेदन ससमय जन आंदोलन डैश बोर्ड पर अपलोड किया जाना है। प्रत्येक गतिविधि की अधिकतम एक-दो उच्च गुणवता वाली फोटो या वीडियों ही अभियान के व्हाट्स एप ग्रुप में साझा करेंगे।

पोषण माह के दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माता, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण के स्तर में अपेक्षित सुधार लाने एवं 03-06 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक देखभाल एवं शिक्षा के प्रति समुदाय को संवेदनशील बनाने के लिए जन भागीदारी से गतिविधियों का आयोजन कर जन आंदोलन का रूप दिये जाने का प्रयास किया जाता है।

## चोरी के 330 लीटर हाई स्पीड डीजल के साथ दो गिरफ्तार, जेल

केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म

- वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को मिली सफलता

कृष्णाब्रह्म पुलिस ने थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर बड़का ढकाईच से पूरब एक पिकअप पर लदे हाई स्पीड डीजल के साथ ही पिकअप चालक तथा सह चालक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में डुमरांव एमओ विजय कुमार तिवारी के बयान पर कृष्णाब्रह्म थाने में दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

बताया जाता है कि एक पिकअप पर दो गैलन में हाई स्पीड डीजल लेकर चालक तथा सह चालक पटना से बक्सर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान स्थानीय पुलिस बड़का ढकाईच के पास एनएच 922 पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। पिकअप चालक पुलिस को देखते ही सकपका गया। जिसके बाद शक के आधार पर पुलिस ने पिकअप रूकवा पड़ताल की तो पिकअप में दो गैलन में छिपाकर रखा गया 330 लीटर हाई स्पीड डीजल बरामद हुआ। पकड़े गए चालक व सह चालक की पहचान पटना जिला के बेउर थाना क्षेत्र के सिपरा गांव निवासी गुड्डु कुमार व टिंकू कुमार के रूप में हुई है। हलांकि, पुलिस ने यह नहीं बताया कि बरामद डीजल कहां से चोरी कर लाया जा रहा था तथा उसे कहां खपाने की योजना थी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकरी ने बताया कि हाई स्पीड डीजल का कारोबार गैरकानूनी है। वही, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दोनों को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है कि उनके पास हाई स्पीड डीजल कहां से आया।

## एक नजर

### पत्नी से विवाद में जवान ने की थी आत्महत्या

**डुमरांव।** बीएसएपी कैंप परिसर में बाथरूम के खिड़की से फंदा लगा आत्महत्या करने वाले बिसैप जवान अजय राय की पत्नी से दो-तीन वर्षों से अनबन चल रही थी। इसी विवाद में उसने आत्महत्या किया है। यह कहना है बिएसएपी के कमांडेंट अजय पांडेय का। उन्होंने कहा कि मृत जवान का भाई दिल्ली के केनरा बैंक में काम करता है। उसने कमांडेंट को बताया है कि उसकी पत्नी से दो-तीन वर्षों से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में फांसी लगाने के पहले उसने अपने भाई से बात कर बताया था कि वह फांसी लगाने जा रहा है। भाई ने उसे ऐसा करने से मना किया था और कहा था कि सब ठीक हो जाएगा। लेकिन, उसने भाई की बात नहीं मानी और फोन काट मोबाईल को पानी में डाल फंदे से लटक गया। कमांडेंट की माने तो वह 20 दिन की छुट्टी पर गया था तथा मरने से एक-दो दिन पहले ही आया था तथा आने के बाद फिर दो दिन की विशेष छुट्टी लिया था। उसके पारिवारिक हालत को समझ मैने छुट्टी दे दिया था। इसी बीच उसने फांसी लगा लिया। इस मामले में बिएसएपी प्रशासन ने यूडी केस दर्ज कराया है।

### पहली से 12वीं तक की परीक्षो कैलेंडर जारी

**बक्सर।** राज्य के सरकारी विद्यालयों में नामांकित एवं अध्ययनरत कक्षा पहली से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मासिक, सावधिक, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक परीक्षा का आयोजन एवं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन को लेकर निर्देश जारी किया गयो है। निर्देश निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग पटना योगेन्द्र सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को दियो है. जिले के सरकारी विद्यालयों में कक्षो एक ली से 12वीं में नामांकित एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिऐ कैलेण्डरे वर्ष 2024 हेतु परीक्षो कैलेण्डरे तैयार कर उपलब्ध कराया गयो है। उक्त परीक्षो कैलेंडरे में जिले के साथ ही राज्य के सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अर्द्धवार्षिक परीक्षो सितम्बरे 2024 में निर्धारित किया जातो है। कक्षो 1ली से 8वीं के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 18 से 24 सितंबर 2024 तके होगी। वहीं कक्षो 9वीं एवें 10वीं के विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा 23 से 26 सितंबर तथा कक्षो 11वीं एवें 12वीं के विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा 23 से 30 सितम्बरे तक निर्धारित किया गयो है। निर्धारित परीक्षा कैलेंडर अनुसार पूर्व निर्धारित तिथियों का दृढ़ता से अनुपालन करने का निर्देश दिया गयो है। वहीं परीक्षाओं के लिए कक्षावार निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा कराया जाना आवश्यके है।

## डुमरांव में बन रहे अतिपिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका विद्यालय का के निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

# मजदूरों को बढ़ाकर निर्धारित अवधि पूरा करें काम: जिलाधिकारी

- विद्यालय के निर्माण की प्रगति पर डीएम ने जताया असंतोष

केटी न्यूज/बक्सर



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने गुरूवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछडा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत डुमरांव प्रखंड में अन्य पिछडा वर्ग बालिका प्लस 2 आवासीय उच्च विद्यालय अदफा के भवन निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान अबतक के कार्य प्रगति पर डीएम ने असंतोष जताया तथा दिसंबर के आखिरी तक निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर काफी कम मजदूर मिले। जिससे डीएम नाराज दिखे तथा मजदूरों की संख्या बढ़ा निर्धारित अवधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने को कहा।

बता दें कि इस योजना का कार्य एक अगस्त 2023 को प्रारंभ हुआ है, जबकि कार्य पूर्ण करने की तिथि एक जनवरी 2025 तक निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने भवन में आवश्यक उपस्कर, उपकरण तथा फर्नीचर इत्यादि के लिए निविदा आदि की प्रक्रिया ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि दिसम्बर 2024 के अंत तक पूर्ण रूप से भवन को हस्तांतरित भी किया जा सकें।

**जिला कल्याण पदाधिकारी प्रति सप्ताह करें निरीक्षण :** डीएम ने जिला कल्याण पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया कि इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रति सप्ताह निरीक्षण कर प्रगति लाने एवं इस निरीक्षण की एक प्रति अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव को भी उपलब्ध कराए। ताकी निर्धारित समय में इसका निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण पूरा हो सकें। डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव को भी भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण करते रहने को कहा।

निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि भवन निर्माण के लिए भारी वाहनों के परिचालन के कारण पथ क्षतिग्रस्त हो गया है। कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया गया कि संवेदक द्वारा क्षतिग्रस्त की गई पथ को उनके माध्यम से शीघ्र मरम्मति करना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, जिला कल्याण पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर, प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरांव, संवेदक एवं अन्य उपस्थित थे।




## डुमरांव के बैरिया पुल से कसिया रामदास टोला भाया अटाव खैरही मार्ग का भी होगा निर्माण

# अच्छी खबर : डुमरांव अनुमंडल की आधा दर्जन सड़कों का जल्द शुरू होगा निर्माण

♦ 10 किमी लंगी चक्की -जवही दियर मार्ग का भी निर्माण होगा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दियरांचल का मुख्यमार्ग डुमरी चक्की लहना मार्ग का जल्द ही निर्माण होगा। इस सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग के माध्यम से किया जाएगा। इस योजना की प्रक्रिया निविदा के अंतिम चरण में है। बताया जा रहा है कि सबकुछ ठीक रहा तो एक से दो माह के अंदर की सड़क में काम लग जाएगा। इसके लिए विभाग 3 करोड़ की राशि खर्च करेगी। गौरतलब हो कि यह मार्ग करीब पांच वर्षों से जर्जर था। इसकी बदहाली से आमजनता के साथ अधिकारी भी त्रस्त थे। तीन किलोमीटर लंबा इस मार्ग पर सफर करना खतरों से खेलना जैसा था। लेकिन कुछ माह में ही इस मार्ग पर सरपट वाहन दौड़ेगी।

वही इस सड़क के साथ चक्की -जवही दियर मार्ग का भी निर्माण होगा। जिसकी लम्बाई करीब 10 किलोमीटर है। जिसके लिए करीब 10 करोड़ का प्रकलन तैयार किया गया है। जबकि एक मार्ग भरियार से अरक तक करीब 2.6 किलोमीटर इस मार्ग का अनुरक्षण(मरम्मत) किया जाएगा। इन पथों के निर्माण होने से पूरे दियरा एवं उत्तर प्रदेश के लोगो को सफर करने में काफी सहूलियत मिलेगा। यही नहीं अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय का सफर भी अब सुगम हो जाएगा। सहायक अभियंता गुड्डू कुमार साह ने बताया कि अरक जवही रोड के निर्माण की दिशा में कुछ जगहों पर जमीन को लेकर फिलहाल मामला विवाद है। जमीन के विवाद का समाधान कराने का प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि आरंभिक तौर पर अरक से भरियार बाजार तक सड़क का मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा। वही डुमरी चक्की मार्ग के निर्माण में दो विभागों का पेच फंसा था। विधायक शंभू नाथ यादव के हस्तक्षेप से इस मार्ग की निर्माण में आ रही बधाएं दूर हुई। जिसके बाद इसको हरी झंडी मिला।



चक्की-जवही दियर मार्ग।

**प्रशासनिक स्वीकृति के लिए विभाग को दर्जनों सड़कों का भेजा गया डीपीआर**

कार्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक डुमरांव डिवीजन के दर्जन सड़कों का प्रशासनिक स्वीकृति के लिए विभाग को एक वर्ष पूर्व ही डीपीआर भेजा गया है। जिसमें डुमरांव के अटाव से दहिगना पथ लम्बाई 2.2 किलोमीटर, टेडकी पुल अटाव पीएमजेवाई रोड से सीधी महुआ से एकौनी महादलित टोला तक 1.1 किलोमीटर,सोनकी पुल से खडेचा तक 4 किलोमीटर,खडेचा नहर से बेलहरी नहर तक 2 किलोमीटर एवं अरियाव ब्रह्म बाबा से बगेन गोला तक सड़को का डीपीआर तैयार कर ग्रामीण कार्य विभाग को भेजा गया है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा मुख्यालय को एक वर्ष पहले डीपीआर तैयार करके भेजा है। लेकिन विभाग ने अब तक इन सड़कों का प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दिया है जिसके कारण आमजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**70 प्रतिशत सड़के अनुरक्षण अवधि को कर चुकी है पार :** ग्रामीण कार्य विभाग के डुमरांव डिवीजन स्थित प्रखंड क्षेत्र में आरडब्लूडी के द्वारा बनाई गई सड़को में 70 प्रतिशत सड़क अनुरक्षण(मरम्मत) की अवधि को भी पार कर गया है। इन सड़कों का निर्माण होना अत्यंत जरूरी है। लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण इस ओर ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है। जिससे वाहन चालक एवं ग्रामीण को परेशानी हो रहा है। निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर आमजन तक पत्राचार भी कर रहे है। लेकिन इस विभागीय अधिकारी एवं इस विभाग के माननीय मंत्री का भी कोई ध्यान नहीं है।

### ब्रह्मपुर के तीन सड़कों का भी होगा निर्माण

वहीं, डुमरांव प्रखंड क्षेत्र के बैरिया पुल से कसिया रामदास टोला भाया चुआड़ अटाव एवं खैरही पथ का भी निर्माण होगा। इसकी लम्बाई 6.96 किलोमीटर है। इस पथ के निर्माण होने से तीन पंचायत का जुड़ाव होगा। वही खैरही की बच्ची बड़ी आसानी से अटाव हाई स्कूल में जाकर शिक्षा ग्रहण करेगी। जबकि ब्रह्मपुर प्रखंड में प्रखंड मुख्यालय सहित दो गांवो को जोड़ने वाली लिंक रोड जो ब्रह्मपुर-नैनीजोर (रमदतही, धनछपरा) को जोड़ती है। जिसकी लम्बाई 8.58 किलोमीटर है। बगेन गोला से कुरीतियां पथ जिसकी लम्बाई 6.6 किलोमीटर एवं एनएच 30से उसरा मोड़ तक 4.76 किलोमीटर पथ का भी निर्माण होगा। इसकी प्रकार नवानगर में भी कुछ सड़को को चयन किया गया है। एसडीओ आरडब्लूडी गुड्डू साह ने कहा कि इस सभी पथों का निविदा अंतिम चरण है।

## 79 लाख रुपये की लागत से नावानगर में 12 एकड़ क्षेत्र में बन रहा कृष्ण मृग रेस्क्यू सेंटर

♦ केंद्र का नर्माण हो जाने से दुर्लभ प्रजाति के काले हिरणों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव अनुमंडल के विभिन्न इलाकों में बड़े पैमाने पर पाए जाने वाले काले हिरणों को बचाने के लिए कवायद शुरू हो गयी है। विलुप्त हो रहे काले हिरणों को संरक्षित करने को लेकर बक्सर वन प्रक्षेत्र के नावानगर में 12 एकड़ भूखंड पर 79 लाख की लागत से पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा कृष्ण मृग रेस्क्यूव एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कार्य तेजी से चल रहा है। इस केंद्र के निर्माण हो जाने से दुर्लभ प्रजाति के काले हिरणों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। यही नहीं कुत्तों या जंगली जानवरों का शिकार हुए हिरणों को लाकर उनके इलाज समेत रहने की समुचित व्यवस्था भी इस सेंटर में रहेगा। ताकि दूर-दराज से आये लोग इनका दीदार कर सकें। बक्सर में हिरणों की कई प्रजातियां पायी जाती हैं। इनकी हत्या पर वाइल्ड एनिमल एक्ट के तहत जेल और अर्थदंड की सजा है।

**यहां ज्यादा मिलती है हिरणों की विभिन्न प्रजाति**

जिले के नैनीजोर स्थित गंगा के किनारे, बिहार घाट व शिवपुर दियारे का इलाका, विनोबा वन, सुरौंधा, बगेन गोला, भदवर गांव के जमुई वन, चौगाईं, सरैयां, राजपुर के इलाके में ये हिरण बहुतायत पाये जाते हैं। वर्ष 2010-11 में सरकार ने ब्लैक बक सफारी नाम से योजना भी बनायी थी।तब कैंपा फंड के तहत बोर्ड लगाकर इन इलाकों को वन विभाग ने सुरक्षित घोषित किया था। रेंजर सुरेश पतन ने कहा कि रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

## मांगों के समर्थन में जीविका कैडर संघ ने सीएम का किया पुतला दहन



**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के बन्नी मनरेगा भवन परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ के तत्वाधान में विशाल सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संगीता देवी ने की। सभा आरंभ होने से पूर्व संघ की जीविका दीदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन कर जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.इसके बाद सभा की गई। सभा में मौजूद जीवीका में कार्यरत कर्मियों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से सरकार के तरफ से संचालित विभिन्न योजनाओं में सहयोग कर रहे हैं। काम के बदले मानदेय बहुत कम मिल रहा है। अभी भी जीविका कैडर का मानदेय महज 3000 रुपये हैं। बढ़ती महंगाई के बाद भी ऑफिस जाना एवं अन्य कार्य को निपटाना काफी मुश्किल भरा काम होता है। ऐसे में मानदेय का बढ़ोतरी होना चाहिए। इन लोगों ने कहा कि नियमित नौकरी करने, मानदेय 18- 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने, दुर्घटना बीमा एवं अन्य सुविधाओं का होना जरूरी है। साथ ही इन लोगों ने सामूहिक रूप से कार्य का बहिष्कार करते हुए कहा कि जब तक सरकार मांगों को पूरा नहीं करती है। तब तक अनिश्चितकालीन कामकाज पूरी तरह से बंद रहेगा। सभी 19 पंचायत में कार्यरत जीविका कैडरों ने समर्थन करते हुए तत्काल प्रभाव से सभी कार्य को बंद कर दिया है। जिसमें तारा,उपकर एवं सागर सीएलएफ के सभी कैडरों ने सर्वसम्मति से आवाज बुलंद करते हुए इसका समर्थन किया। इस मौके पर रूबी देवी, सुनीता देवी ,बैजंती देवी, लक्ष्मीना देवी, चिंता देवी, पूनम देवी, रेणु देवी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### औपबंधिक वरीयता सूचि को लेकर सकारात्मक वार्ता पर हुई चर्चा

**बक्सर।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना विष्णुकांत राय से उनके कक्ष में जिला प्रारंभिक शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले का औपबंधिक वरीयता सूची एवं रिक्ति के प्रकाशन को लेकर कार्यालय का घेराव कर रहे सेवानिवृत्ति बुजुर्ग शिक्षकों से गुरूवार को वार्ता हुई। वार्ता काफी सौहार्दपूर्ण व सकारात्मक वातावरण में हुई। वार्ता के लिए सेवानिवृत शिक्षकों का शिष्टमंडल में शामिल शिक्षकों में अध्यक्ष आलमगीर अंसारी, जिला सचिव अंजनी कुमार, उपसचिव तारकेश्वर पांडेय, ललन सिंह, शिवप्रसन्न राय, काशीनाथ सिंह, मोतीराम एवं अखौरी हरेन्द्र वार्ता में सम्मिलित रहे। वहीं करीब 50 से अधिक शिक्षक कार्यालय के समक्ष उपस्थित रहे। वार्ता में सम्मिलित शिक्षकों ने अपनी दो मुख्य मांगों को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के समक्ष शिष्टमंडल में शामिल शिक्षकों ने रखा। इनका कहना था कि सर्व प्रथम वर्षवार रिक्ति का प्रकाशन और उसी के अनुरूप वर्षवार औपबंधिक वरीयता सूची का प्रकाशन किया जाना चाहिए. तत्पश्चात प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निराकरण के बाद ही अंतिम सूची तैयार होनी चाहिए थी जो कि नहीं किया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शिक्षकों के द्वारा रखे गए प्रस्ताव से काफी हद तक सहमत हुए और उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह तक जो भी बातें हैं, इसका स्पष्ट निराकरण किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### मारपीट को लेकर दर्ज हुई प्राथमिकी

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र के सुग्गी बाल गांव में आहर की भूमि का अतिक्रमण गांव के लोगों द्वारा किये जाने की शिकायत करने पर अतिक्रमण करने वालों ने वार्ड पार्षद के परिजनों के साथ मारपीट की। इस संबंध में वार्ड पार्षद भगवती देवी के पुत्र तरूण कुमार ने काराकाट थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि ग्रामीणों के शिकायत पर मेरी मां वार्ड पार्षद काराकाट सीओ से आहर की भूमि के अतिक्रमण कर लिए जाने की शिकायत की। इस शिकायत से आक्रोशित अतिक्रमणकारी सुग्गी बाल निवासी धनजी सिंह, राकेश सिंह और मुकेश सिंह अन्य लोगों के साथ लाठी-डंडा और हथियार से लैस होकर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। इसकी सूचना पुलिस को दिया गया। पुलिस के पहुंचने पर भाग निकले। फिर मेरे परिवार के एक युवक गांव में जा रहा था तो उसे पकड़ कर मारपीट किये। जिसमें वह जख्मी हो गया है। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि मारपीट का एक मामला आया है। उसकी छानबीन की जा रही है।

### सरकार को बदनाम करने में लगे हैं नोखा के अधिकारी: लोजपा

**नोखा।** प्रखंड के अधिकारियों तथा कर्मियों में ब्याप्त अफसर शाही के विरुद्ध गुरुवार को प्रखंड परिसर में लोक जन शक्ति पार्टी (रा)प्रखंड अध्यक्ष राम जी पासवान के अध्यक्षता में विशाल धरना के माध्यम से प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को सचेत करते हुए राज्य के नीतीश कुमार की सुसासन सरकार को इनके द्वारा बदनाम करने की साजिश किया पदार्फाश। पार्टी के वरीय कार्यकताओं ने इस विशाल धरना सभा को संबोधित करते हुए अपने कार्यालयों में बैठे अधिकारियों की ओर इसारा करते हुए कहा कि समूचे राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन की सरकार चल रही है बिना भेदभाव किए चौतरफा विकास किया जा रहा है परन्तु इसके बावजूद नोखा प्रखंड के अधिकारियों द्वारा एक सोची समझी साजिस के तहत सरकार को बदनाम करने के उदेश्य से अफसर शाही चला गरीब गुरबों का दोहन करने में मशगूल है जिसे मेरी पार्टी पदार्फास करने का बीड़ा उठा ली है।

## तीन दिनों से गायब हैं अनुमंडल अस्पताल से शिशु रोग विशेषज्ञ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। डाक्टरों की मनमानी से मरीजों को लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। तीन दिनों से अस्पताल में बच्चा के डाक्टर नहीं बैठ रहे हैं। अनुमंल के विभिन्न गांवों से अपने बच्चे को दिखाने के लिए मरीज आते जरूर हैं, लेकिन डाक्टर के नहीं रहने पर निजी क्लीनिक में चले जाते हैं, जहां इलाज के नाम पर उनका दोहन शुरू हो जाता है।

बता दें की अनुमंडलीय अस्पताल में दो बच्चा के डाक्टर पदस्थापित हैं। सोमवार से बुधवार तक डा. उपेन्द्र कुमार की ड्यूटी लगी हुई थी। सोमवार को उन्होंने ओपीडी किया फिर मंगल और बुधवार को ओपीडी में नहीं मिले। वहीं गुरूवार को बच्चा के चिकित्सक डा. सतीश कुमार की ड्यूटी लगी हुई थी, लेकिन वो नादारद थे। ओपीडी में गुरूवार को ओपीडी में डीएस डा. गिरीश कुमार सिंह का भी नाम था, लेकिन वे भी नहीं थे। उनसे जब बात की गई तो उन्होंने बताया की मेरी तबियत खराब है, इसलिये ओपीडी में ड्यूटी नहीं कर सका।




वहीं जब बच्चा के डाक्टर के नहीं रहने पर उन्होंने कहा की दोनों बच्चा के डाक्टरों की रिपोर्ट सीएस और विभाग को भेजा जा रहा है। बहरहाल आगे जो भी हो, लेकिन यह सच्चाई है कि अस्पताल में ड्यूटी करने वाले डाक्टर रोस्टर पर ताक पर रखते हुए अपनी सुविधा अनुसार ड्यूटी करते हैं।

### दिव्यांग बच्चों के लिए 14 को लगेगा शिविर

**संझौली।** सहायक उपकरण पाने से वंचित दिव्यांग बच्चों के लिए चौदह सितंबर को केके +2 उच्च विद्यालय संझौली के प्रांगण में चिह्नीकरण शिविर लगेगा। समावेशी शिक्षा अंतर्गत लगने वाले इस शिविर में छह से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को चिह्नित किया जायेगा। ताकि चिह्नित दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, वाकर, ब्लाइंड स्टिक आदि सहायक उपकरण में उपलब्ध कराया जा सके। बीपीएम रवि कुमार ने बताया कि 14 सितंबर को दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करने के लिए चिह्नीकरण शिविर का आयोजन होगा। शिविर में सभी आरटी, बीआरपी व आरपी समावेशी शिक्षा को लगाया गया है। उन्होंने सभी प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है।

### वामन द्वादशी पर बक्सर में 15 को निकलेगी रथयात्रा

**बक्सर।** शहर के चीनी मिल स्थित कार्यालय में भगवान वामन चेतना मंच के सदस्यों की गुरुवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षतो मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने की। वहीं संचालन मंच के कोषाध्यक्ष संजय ओझा ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से आगामी 15 सितंबर को वामन द्वादशी के अवसर पर भगवान वामन के रथयात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार- विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि रथयात्रा रामरेखा घाट स्थित श्री रामेश्वर नाथ मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चारण के पुजन के साथ निकलेगा। जो शहर का भ्रमण करते हुए सोमेश्वर स्थान स्थित वामन धाम में संपन्न होगा।

## जिले में राज्य स्तरीय कराटे अंडर-19 बालक की तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आगाज 25 से

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कराटे आयुवर्ग अंडर 19 (बालक) विद्यालय खेल प्रतियोगिता के आयोजन समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। प्रतियोगिता में बिहार राज्य के 22 जिले के खिलाड़ी, टीम प्रभारी सहित कुल 176 लोग भाग लेंगे।

प्रतियोगिता का आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक नगर भवन बक्सर में किया जाएगा। प्रतिभागियों का आवासन स्थल डीएवी जूनियर विंग बक्सर में बनाया गयो है। उपाधीक्षक,



शारीरिक शिक्षा बक्सर को निर्देश दिया गया कि प्रतिभागियों के लिए अच्छी गुणवत्ता का खान-पान, नींबू पानी, ग्लूकोन-डी, ओआरएस घोल आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चिते करें। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बक्सर को निर्देश दिया गया कि सभी प्रतिभागियों का प्रत्येक दिन 2-2 बार उपस्थिति लेना सुनिश्चिते करेंगे। प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी बक्सर को आवासन एवं आयोजन स्थल के पास 3-4 गृहरक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि आवश्यक दवाओं, चिकित्सक दल के साथ तैयार हालत में एंबुलेंस की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

## राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर में बिहार स्टूडेंट्ड क्रेडिट कार्ड योजना पर शैक्षणिक सेमिनार

# छात्रों को योजनाओं की दी गई जानकारी

♦ शिविर में स्टूडेंट्ड क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी पा छात्र खुश

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजकीय अभियंत्रण कॉलेज, बक्सर में गुरवार को बिहार सरकार द्वारा संचालित योजना क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में छात्रों को जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को बिहार स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के आवेदन प्रक्रिया के साथ-साथ उसके लाभों व छात्र हित के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इस योजना के माध्यम से सरकार छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके शैक्षणिक और व्यवसायिक सपनों को आगे बढ़ने में सहायता प्रदान कर रही है।



यह योजना छात्रों की वित्तीय समाधान के साथ, यह सुनिश्चित करती है कि छात्र अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधनों और अवसरों का समुचित उपयोग कर सके। संस्थान के प्राचार्य प्रो. राम नरेश राय ने शैक्षणिक विकास के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली क्रेडिट कार्ड योजना के समुचित उपयोग एवं प्रबंधन हेतु छात्रों को प्रोत्साहित किया। जिला पंजीकरण एवं परामर्श केंद्र सहायक प्रबंधक एमडी मुमताजउद्दीन व सिंगल विंडो ऑपरेटर अमित कुमार तथा रंजन कुमार ने इस योजना के वारे में विस्तृत जानकारी व माप दंडों को छात्रों के साथ साझा किया। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित जरूरी दिशा निर्देशन, आवश्यक दस्तावजों व इससे जुड़ी संसाधनों के वारे में पूछा एवं समाधान प्राप्त किया। इसके साथ ही सरकार की इस योजना का छात्रों के साथ-साथ सभी ने सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के छात्र क्रेडिट कार्ड समन्वयक सहायक प्राध्यापक अन्नपूर्णा वर्मा व विकास कुमार का योगदान सराहनीय रहा।



# डेंगू के लक्षण दिखे तो तुरंत करें चिकित्सक से करें संपर्क : सिविल सर्जन

- सदर अस्पताल भभुआ में 10 बेड का अलग से डेंगू वार्ड बनाया गया
- इस सीजन में कुल 477 लोगों का कराया गया रैपिड एंटिजेंट टेस्ट

**केटी न्यूज/कैमूर**

कैमूर जिले में इस सीजन में डेंगू का कोई मामला अब तक सामने नहीं आया है। इस संबंध में कैमूर के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा. शांति कुमार मांझी ने बताया कि सदर अस्पताल भभुआ तथा सभी अनुमंडलीय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस बीमारी से निपटने के लिए तैयार है और जरुरी के सारी व्यवस्थाएं कर चुका है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल भभुआ में 10 बेड का अलग से डेंगू वार्ड बनाया गया है। साथ ही अनुमंडल अस्पताल मोहनियां में 05 बेड तथा सभी प्रखंड स्तरीय सामुदायिक अस्पतालों में दो-दो बेड डेंगू पीड़ितों के लिए व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस सीजन में अबतक कुल 477 लोगों का रैपिड एंटिजेंट टेस्ट कराया गया है, जिसमें 4 लोग पोजिटिव पाए गए। पोजिटिव पाए गए सभी मरीजों का एलाईजर टेस्ट कराया गया तो चारो मरीज निगेटिव पाए गए। अमूमन 15 जुलाई के बाद



डेंगू के केस बढ़ते हैं। डेंगू के केस नहीं बढ़े, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क है और बाहर से आने वाले लोगों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य प्रबंधक व अन्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अस्पताल की साफ-सफाई में कोई कोताही नहीं बरती जाए, और थोड़ी भी आशंका होने पर डेंगू के सभी जरूरी टेस्ट करवाए जाएं।डा. शांति कुमार मांझी ने लोगों से अपील की कि डेंगू के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। तेज बुखार आना, बदन दर्द, सर एवं जोड़ों में दर्द, नाक, मसूड़ों से उल्टी के साथ खून निकलना, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, काला पैखाना होना डेंगू के प्रमुख लक्षण हैं। यदि किसी व्यक्ति को पहले कभी डेंगू हो चुका है तो उन्हें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। वैसे व्यक्ति दोबारा डेंगू की आशंका होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल/चिकित्सक से संपर्क करें। तेज बुखार के उपचार हेतु एस्प्रीन अथवा ब्रुफेन की गोलियां का कदापि इस्तेमाल नहीं करें। इसके लिए पारासिटामोल सुरक्षित दवा है।मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने डेंगू से बचने के लिए उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, मच्छर भगाने वाली दवा/क्रीम का प्रयोग दिन में भी करें, पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें, घर एवं सभी कमरों को साफ-सुथरा एवं हवादार बनाएं रखें , टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी/फ्रिज के पानी निकासी ट्रे, पानी टंकी एवं घर के अंदर एवं अगल-बगल में अन्य जगहों पर पानी न जमने दें। अपने आसपास के जगहों को साफ-सुथरा रखें एवं गंदगी पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें। गमला, फुलदान इत्यादि का पानी हर दूसरे दिन बदलें।

## एक नजर

### तरारी विधानसभा के प्रभारी बनीं अरुणा देवी

**बिक्रमगंज।** जनता दल यूनाइटेड पार्टी के वरिष्ठ नेत्री राज्य परिषद सदस्य अरुणा देवी को भोजपुर जिला के तरारी विधानसभा का प्रभारी बनाने पर लोगों ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि तरारी विधानसभा उप चुनाव तैयारी को लेकर पूरे बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जदयू बिहार प्रदेश के 243 विधानसभा सीटों के नवनियुक्त विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी की गई है। जिसमें काराकाट विधानसभा क्षेत्र के बिक्रमगंज प्रखंड के धावा गांव निवासी जदयू की वरिष्ठ नेत्री अरुणा देवी को तरारी विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिसकी सूचना मिलते ही जदयू के सभी कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें विधानसभा चुनाव में उज्ज्वल कार्यकाल की हार्दिक बधाई दी है। जबकि जदयू नेत्री अरुणा देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा सौंपी गई दायित्व को तरारी विधानसभा में तन मन निर्वहन करते हुए पुनः एक बार विकास पुरुष नीतीश कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए मतदाता जनता से आग्रह करते हुए जदयू पार्टी प्रत्याशी को वोट करने की उनसे आग्रह करूंगी। इस अवसर पर अरुण प्रताप सिंह, पंकज पासवान, संगीता सिंह, बद्री भगत, विजय चौधरी, जियूत राम, कल्लू खान, संजय वर्मा, नजीब अंसारी, इरशाद खां, हसनेन खां, अंजनी सिंह सहित सैकड़ों जदयू कार्यकताओं ने बधाई दी।

### धर्मावती नदी में डूबने से मजदूर की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सरना गांव के नौवाघाट स्थित धर्मावती नदी में डूबने से चारा लाने गए एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के सरना गांव निवासी अशोक चौधरी का 28 वर्षीय पुत्र भोला चौधरी एवं वह पेशे से मजदूर था। इधर सरना पंचायत के मुखिया बीरबल सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह मवेशी के लिए चारा लाने नौवाघाट स्थित धर्मावती नदी के किनारे गया था। चारा लेकर जब वह नदी के किनारे होते हुए वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह धर्मावती नदी में गिर कर डूब गया। इसके बाद वहां मौजूद लड़के द्वारा फोन करें इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। इसके पश्चात पर परिजनों इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पर अगर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप की इकलौती संतान था। उसके परिवार में पत्नी मानती देवी,दो पुत्री विद्या,निशा व दो पुत्र कृष्णा एवं शिवम है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मानती देवी हम परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रक ने बुलेट सवार प्रोफेसर पुत्र को कुचला, मौत

**आरा।** आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के गीधा स्थित गैस एजेंसी गेट के सामने गुरुवार की सुबह ट्रक ने बुलेट सवार प्रोफेसर पुत्र को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव वार्ड नंबर 5 निवासी रमेश कुमार सिंह का 20 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु है एवं वह एमबीए का छात्र था। इधर मृत छात्र के चाचा सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह बुलेट पर सवार होकर अपने गांव से आरा आ रहा था। आने के क्रम में गीधा गैस एजेंसी गेट के सामने बालू लदा ट्रक लगा हुआ था। तभी एक ट्रक चालक ने गेट खोल दिया। जिससे वह ट्रक के गेट से टकरा कर सड़क गिर पड़ा। तभी पीछे से आ रही दूसरी ट्रक में उसे कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद सूचना वहां मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना उन्हें दी गई।सूचना पाकर वे लोग वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां सुनीता देवी व दो भाई आशु एवं रीत है। मृत छात्र के पिता रमेश कुमार सिंह आरा के गौसगंज स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलेज में केमिस्ट्री विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। घटना के बाद में छात्र के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां सुनीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जीविका कैडर ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**कैमूर।** जिला में बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ तत्वधान में जीविका दीदीयों द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया प्रदर्शन। आपको बता दे की बिहार सरकार ग्रामीण विकास विभाग के तहत एक स्वायत्त निकाय, बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसाइटी के माध्यम से, ग्रामीण गरीबों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से, विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना का नेतृत्व करती है, जिसे स्थानीय रूप से जीविका के रूप में जाना जाता है, जिनके द्वारा गांव से घर घर तक योजनाएं पहुंचने का कार्य किया जाता है। जिनका कहना है कि कार्य तो हम लोगों से समय से अधिक लिया जाता है पर मानदेय के नाम पर ना के बराबर दिया जाता है। प्रदर्शन में शामिल जीविका दीदीयों के द्वारा सरकार से, जीविका कैडरों को 20000 वेतन लागू करने, सुरक्षा के साथ-साथ 500000 रुपए की दुर्घटना बीमा, पोशाक के साथ-साथ पहचान पत्र, साप्ताहिक वह सरकार द्वारा जारी अन्य छुट्टी, समूह से मानदेय देना बंद कर कैडरो को 60 साल की उम्र में पदस्थापन, समूहों के अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्षों को अतिरिक्त 5000 तक मानदेय, समूहों के महिलाओं को 2 वर्षों तक के ब्याज मुक्त ऋण, असहाय महिलाओं की लोन माफ करें।

## खबरें फटाफट

### 15 लीटर देसी महुआ शराब को किया गया विनिष्ट

**कुदरा।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के कझार घाट नदी तट से छापेमारी कर 15 लीटर देसी महुआ वाली शराब सहित शराब उत्पादक यंत्र को किया गया जप्त, स्थल पर 50 लीटर महुआ जावा (अर्धनिर्मित शराब) को किया गया विनिष्ट, प्रशासन को देख उत्पादक हुआ फरार। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा बताया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मद्य निषेध कानूनों को संकल्पित रूप से पालन करते हुए नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में थाना प्रशासन को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि थाना क्षेत्र के कझार घाट नदी तट में, देसी महुआ वाली शराब के उत्पादकों द्वारा शराब उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु थाना प्रशासन द्वारा स्थल पर छापेमारी किया गया। जहां प्रशासन को दूर से देख उत्पादक फरार हो गया, मौके से 15 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ ही शराब उत्पादक यंत्र व महुआ जावा बरामद किया गया। जहां से 15 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ उत्पादक यंत्र को जप्त किया गया तो 50 लीटर महुआ जावा (अर्धनिर्मित शराब) को स्थल पर ही विनष्ट कर दिया गया। उत्पादक का पहचान कर लिया गया है मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## सीएम नीतीश पहुंचे सारण के मढ़ौरा व अमनौर के अपहर, किया शिलान्यास

# भवन के अभाव में नहीं होगी बच्चों की पढ़ाई बाधित : सीएम

- एकदिवसीय दौरे पर छपरा पहुंचे मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं की दी सौगात
- मढ़ौरा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में नवनिर्मित 300-300 क्षमता के दो छात्रावासों का उद्घाटन



**सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम, यातायात बाधित नहीं हो इसलिए बनाये गये थे नियम**

जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष द्वारा मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरी तरह से चुस्त और दुरुस्त व्यवस्था की गई थी।सीएम के काफिला के साथ मोबाइल जैमर एक्टिवेट था। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से अलग -अलग कार्यक्रम स्थल पर नोडल पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मुख्यमंत्री मढ़ौरा से उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद सड़क मार्ग से अमनौर के अपहर पहुंचे। इस दौरान यातायात व्यवस्था को संधारण के लिए अनुमंडल क्षेत्र के चिन्हित जगहों पर पुलिस पदाधिकारी के साथ फोर्स की व्यवस्था की गयी थी। यातायात बाधित नहीं हो। इसलिए नियम बनाया गया था।



**केटी न्यूज/छपरा**

सारण में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिलेवासियों को कई योजनाओं की सौगात दी। उनका कार्यक्रम मढौरा एवं अमनौर के अपहर में था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिले के अमनौर प्रखंड मुख्यालय स्थित अमृत सरोवर पर्यटक स्थल पहुंचे। जहां स्थानीय भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने उनका स्वागत किया। पर्यटक स्थल परिसर में मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण कर पर्यटक के सौंदर्यीकरण को देखा तथा अपहर के लिए प्रस्थान कर गए। अपहर गांव स्थित हरिजी उच्च विद्यालय पहुंच कर चारदीवारी का लोकार्पण किया। वहीं, आरएन प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय के आठ भवन निर्माण का शिलालेख रखा। विद्यालय परिसर में बने बैडमिंटन कोर्ट, बॉलीबॉल कोर्ट और ओपन जिम का अवलोकन करने के बाद अपहर स्थित शिवालय पहुंचे। अपहर शिवालय परिसर में बिहार सरकार द्वारा चल रहे विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। जहां प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। यहां लाखों की लागत से सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सहित अन्य विकास कार्यो का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मढ़ौरा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में नवनिर्मित 300-300 क्षमता के दो छात्रावासों का उद्घाटन तथा अन्य विकास की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। जबकि मढ़ौरा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। वहीं, अमनौर प्रखंड के अमनौर हरनारायण पंचायत में अमृत सरोवर का अवलोकन किया गया। ग्राम पंचायत राज अपहर में लगाए गए स्टॉल का भ्रमण एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों को चेक, पर्चा और चाभी वितरित किया गया। इस अवसर पर सारण के स्थानीय भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, विधायक कृष्ण कुमार मंटू, भाजपा और जदयू के जिलाध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सीएम नीतीश को शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत

**छपरा।** विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने छपरा पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए शीघ्र उचित समाधान की मांग की।शिक्षक नेता ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षकों की भर्ती बीपीएससी के माध्यम से करने का फैसला लिया। बीपीएससी के द्वारा नियुक्त होने वाले शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया गया। परन्तु वर्षो से कार्यरत राज्य के साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी अब तक राज्यकर्मी का दर्जा पाने का इंतजार कर रहे है। राज्य के सभी नियोजित शिक्षकों को शीघ्र राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाए।साथ ही शिक्षक नेता ने विधानसभा सत्र के दौरान शिक्षा विभाग को सदन में दिए गए आदेश को भी याद दिलाया,उन्होंने कहा कि आपने सदन में विभाग को विद्यालय संचालन अवधि में परिवर्तन कर सुबह दस से चार बजे करने का आदेश दिया था। इस आदेश के महीनों बीत जाने के बाद भी अब तक विभाग ने विद्यालय संचालन अवधि में कोई परिवर्तन नही किया है।मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर आश्वासन दिया कि समय में बदलाव करने के लिए मैं अधिकारियों से बात करूंगा। ताकि शिक्षकों को किसी तरह की परेशानी हो। शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर संजय यादव,विनोद राय,निजाम अहमद, पप्पू सिंह,फिरोज इकबाल, अंकित कुमार, हवलदार मांझी, इंद्रजीत महतो, अनुज राय, अनिल दास, सुमन कुशवाहा, पीयूष तिवारी, श्यामबाबु सिंह, पंकज प्रकाश, रणजीत सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# मुख्यालय व अनुमंडल क्षेत्रों में सड़क जाम से लोगों को मिलेगी राहत : डीएम

**केटी न्यूज/ सासाराम**

रोहतास जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण करते ही सड़क जाम से लोगों को होने वाली परेशानी को लेकर एक्शन मूड में दिखी। उन्होंने स्थाई वाहन स्टैंड के लिए विभिन्न जगहों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया की शहर में लगने वाले जाम, ट्रैफिक की अव्यवस्था, चौक-चौराहों पर ई रिक्शा और टेंपो की लगने वाली लंबी कतारों, सड़कों पर अवैध रूप से लगने वाली गाड़ियों, पुराने बस स्टैंड को पूरी तरीके से नए बस स्टैंड बेदा में शिफ्ट करने आदि को लेकर डीएम उदिता सिंह ने डीटीओ, एसडीओ, डीएसपी, उप नगर



आयुक्त, एसएचओ (ट्रैफिक) और पुल निगम के जेई व एई के साथ गहन चर्चा की। अगले माह से त्योहारों का मौसम शुरू हो रहा है और ऐसे में सड़क पर इस प्रकार की अव्यवस्था आमजनों के लिए समस्या उत्पन्न करेगी। लिहाजा समय रहते हमें जाम की समस्या को दूर करना होगा। शहर के अंदर दो लेन में सड़क की चौड़ाई को बेहतर बताया। लेकिन इसके बावजूद शहर में जाम की समस्या बनी रहती है। डीएम ने डीटीओ और ट्रैफिक एसएचओ को निर्देश दिया कि वे अवैध रूप से सड़कों पर लगने वाले टू व्हीलर और फोर व्हीलर को क्रेन के माध्यम से सड़क से उठाकर जब्त करना और उनका चालान काटना सुनिश्चित करें।

### मोथा विद्यालय से चोरी के बर्तन के साथ दो चोर गिरफ्तार

**काराकाट।** काराकाट थाना पुलिस ने 3 दिन पहले मोथा कन्या मध्य विद्यालय में हुए चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के मामले में दो चोरों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों गिरफ्तार चोर मोथा गांव के ही नवासी बताए जा रहे है। पिछले कुछ महीनों में कुल 11 बार स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने तीन दिन पहले किया गया चोरी की बर्तन हाहित सभी चोरी की गई समान बरामद कर लिया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए लिए ग्चोरी की गई सभी वर्तन व समान के साथ दो चोरी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जांचोप्रांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

# विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से बुजुर्ग किसान की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते नहीं दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक धनगाई थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी स्व.राम समूह सिंह के 63 वर्षीय पुत्र बबन सिंह है एवं वह पेशे से किसान थे। इधर मृतक के बेटे जितेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह खेत घूमने के लिए घर से निकले थे। जहां रास्ते में पहले से विद्युत प्रवाहित तार टूट कर गिर पड़ा था। खेत में जाने क्रम में वह उसी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने घर में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी ,दो पुत्री व तीन पुत्रों को छोड़ गये है।

## जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने की आपूर्त्ति टास्क फोर्स का किया मासिक समीक्षात्मक बैठक

# अनियमित्ता करने वाले 28 पीडीएस विक्रेताओं पर कार्रवाई

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में आपूर्ति टास्क फोर्स की मासिक बैठक में आपूर्ति विषयों से संबंधित अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। निम्न बिन्दुओं पर समीक्षोपरांत निर्देश जारी किये गये। जिसमें सर्वप्रथम खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जहानाबाद जिलान्तर्गत माह अगस्त, 2024 का खाद्यान्न वितरण 89.72 प्रतिशत है तथा प्रखण्ड घोषी का वितरण अन्य प्रखण्डों की अपेक्षा कम है। इस हेतु निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण के लिए सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया गया। आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि जहानाबाद जिलान्तर्गत आधार सीडिंग 98.41 एवं ईकेवाईसी, 71 प्रतिशत हुआ है। जिसकी राज्य में क्रमशः 6वीं एवं 4वीं रैकिंग है। आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी शत-प्रतिशत करने हेतु उपस्थित, अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को कार्य का लक्ष्य निर्धारित कर तदनरूप शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया। जन वितरण प्रणाली दुकानों का किये गये निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन के



अवलोकनोपरान्त पाया गया कि जहानाबाद जिलान्तर्गत माह अगस्त, 2024 में ,कुल 172 जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया है, जिसमें 28 जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता पायी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी को कंट्रोल एक्ट 2016 के तहत नियमानुसार उक्त जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में खाद्यान्न उठाव-वितरण में पारदर्शिता लाने एवं कालाबाजारी को रोकने हेतु विभागीय निदेर्शानुसार जन वितरण प्रणाली की दुकानों का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण करने हेतु उपस्थित सभी पदाधिकारियों को भी निदेश दिया गया है। बैठक में राशन कार्ड संबंधित सभी लंबित मामलों का निष्पादन अविलंब करने का निदेश दिया गया। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में राशन कार्ड के आवेदन अस्वीकृत नहीं किया जाए। इसके लिए गंभीरतावूंक ध्यान में रखकर इसका समय-सीमा के अंदर निष्पादन करेंगे। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन केस में अभिनेता पवन सिंह को मिली जमानत

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत काराकाट संसदीय क्षेत्र से भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने चुनाव लड़ा था। चुनाव प्रचार के दौरान उनके ऊपर विभिन्न थानों में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिक दर्ज की गई थी। उन मामलों में जमानत लेने के लिए पवन सिंह गुरुवार को व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज पहुंचे। यहां पहुंचने की खबर मिलते ही काफी संख्या में उनके प्रशंसा कोर्ट परिसर के बाहर इकट्ठे हो गए। परंतु न्यायालय द्वारा प्राप्त समय के अनुसार वे सीधे



परिसर में प्रवेश कर गए। किसी के तरफ मुड़कर भी उन्होंने नहीं देखा और नहीं अभिवादन स्वीकार किया। अभिनेता के अधिवक्ता पवन सिंह ने बताया कि नासरीगंज, राजपुर, करकट एवं संझौली थाना में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिक की दर्ज है। नासरीगंज मामले में एसडीजेएम जन्मेजय श्रीवास्तव, राजपुर मामले में जेम आदित्य गर्ग, काराकाट मामले में एसीजेएम प्रथम राकेश कुमार एवं संझौली मामले में एसीजेएम तृतीय विजयंत सिंह कि न्यायालय में उन्हें जमानत मिली। इससे उन्हें काफी राहत मिली है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर का हाल बेहाल, क्या दिन, क्या रात हमेशा गायब रहते हैं प्रभारी डॉक्टर

# कैसे हो इलाज... जब हॉस्पीटल खुद है बीमार

**केटी न्यूज/मनियर**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है। क्योंकि इस अस्पताल का ही इलाज अब जरूरी हो गया है।इस डाक्टर विहीन हॉस्पिटल से लोगों का मोह भंग होता जा रहा है जिसका लाभ झोलाछाप डॉक्टरों को मिल रहा है। बलिया सीएमओ कई जगह हॉस्पिटल का निरीक्षण तो कर चुके हैं तथा मना भी कर चुके हैं कि डॉक्टर बाहर की दवा न लिखें लेकिन मनियर में तो लोगों का बाहर इलाज करना मजबूरी बन गया है। जबकि यह सरजू नदी के बाढ़ का क्षेत्र है। गंभीर मामलों में तो लोग सीधे बलिया या सिकंदरपुर जाना पसंद करते हैं क्योंकि क्षेत्रीय लोगों को जानकारी है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर के प्रभारी डॉक्टर दिग्विजय कुमार तो रात को तो छोड़िए दिन में भी उनका दर्शन नसीब नहीं होता है । उनकी पत्नी सिकंदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टेड हैं। दोनों पति-पत्नी वहां सर्जरी करते हैं तथा मोटी रकम कमाने में व्यस्त हैं। उनकी पकड़ इतनी मजबूत है कि विधायक को कौन कहे स्वास्थ्य मंत्री एवं सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से शिकायत के बावजूद भी उनका कोई बाल बांका नहीं कर सका ।सीएमओ बलिया विजयकांत द्विवेदी की मजबूरी है कि जिले में डॉक्टर ही नहीं है। वह कह चुके हैं कि दिग्विजय को मैं कल ही हटाता हूं लेकिन कल कल करते-करते महीना बीत जाते हैं डॉक्टर दिग्विजय कुमार प्रभारी के पद पर यहां अंगद की तरह पांव जमाये बैठे हैं जबकि अस्पताल पर उनकी उपस्थिति नगण्य रहती है ।चाहे दिन हो या रात हॉस्पिटल तो आयुष के डॉक्टर या फार्मासिस्ट के भरोसे चलता है।





### दो डॉक्टर की हुई है नियुक्ति, नहीं ले रहे चार्ज



भाकपा माले के राज्य कमेटी के सदस्य वशिष्ठ राजभर ने कहा कि जिला अधिकारी महोदय ने हम लोगों के मांग पर सीएमओ को चिट्ठी बनाया तथा कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें। सीएमओ ने डाक्टर रामकिशुन राम एवं डाक्टर ओ पी यादव यहां नियुक्ति किए थे। यह दोनों डॉक्टर न तो यहां चार्ज ले रहे हैं या यहां के प्रभारी डॉक्टर दिग्विजय कुमार उन्हें चार्ज नहीं दे रहे हैं। जिलाधिकारी महोदय ने सीएमओ से कहा है कि अस्पताल की व्यवस्था में क्या सुधार हुआ हमें बताएं।

### 220 की जगह सिर्फ 120 डॉक्टर उपलब्ध



समाजवादी पार्टी के बांसडीह विधानसभा अध्यक्ष उदय बहादुर सिंह ने कहा कि दिशा की बैठक में हमारे सांसद रमाशंकर विद्यार्थी सीएमओ के समक्ष प्रश्न उठाए थे तो सीएमओ का जवाब था कि 220 डॉक्टर की जगह 120 डॉक्टर ही हमारे यहां उपलब्ध है ।बेरुआरबारी के डॉक्टर की यहां तैनाती करने के लिए कहे थे लेकिन बेरुआरबारी के डॉक्टर ने हाई कोर्ट से स्टे ले लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिगवन के लिए भी डॉक्टर की मांग किए थे लेकिन वहां पानी की टंकी चालू नहीं है। इसलिए डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पाए । जिले में डॉक्टर की उपलब्धता कम होना सरकार की विफलता कही जाएगी।

### व्यवस्था नहीं सुधरी, तो अगली लड़ाई के लिए हैं तैयार



परिवर्तन यूथ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ मीटर सिंह ने कहा कि हम लोगों की मांग थी कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज की व्यवस्था अच्छी हो, यहां डॉक्टर रहे। जो भी यहां मशीन है उन्हें चालू किया जाए ताकि जांच के लिए गरीबों को प्राइवेट में न जाना पड़े तथा अस्पताल से भ्रष्टाचार खत्म हो। इस संबंध में करीब 10 दिन पूर्व हम लोगों ने जिला अधिकारी से मिलकर मांग पत्र दिया था। अगर हॉस्पिटल की व्यवस्था नहीं सुधरी तो फिर हम लोग अगली लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं।

अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाकपा माले केंद्रीय कमेटी के सदस्य श्रीराम चौधरी ने इस मामले में सीधे उत्तर प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि मनियर में जब हम लोग धरना किए थे तो एडिशनल सीएमओ डॉक्टर योगेंद्र दास डॉक्टर की व्यवस्था तथा महिला डॉक्टर को दो से तीन दिन रहने की व्यवस्था करने का आश्वासन दिए थे ।इसके बावजूद भी कुछ भी सुधार नहीं हुआ। सरकार की मंशा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक से न चलें ।प्राइवेट हॉस्पिटल को सरकार धनी बना रही है। अस्पतालों में क्यों नहीं दवा उपलब्ध कराई जा रही है। अगर आयुष्मान कार्ड पर 5 लाख की इलाज सरकार फ्री की है तो हॉस्पिटल में दवा क्यों नहीं उपलब्ध कराती है। प्राइवेट हॉस्पिटलों में तो धनी लोग ही इलाज कराने जाते हैं सामान्य लोग तो सरकारी अस्पताल में ही जाते हैं ।अगर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो फिर हम लोग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले एवं युथ परिवर्तन दल मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## एक नजर

### चाकू से हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**बलिया।** हरिछपरा गांव में चाकू से हमला कर मौत के घाट उतारने वाले तीनों आरोपियों को दुबहड़ थाना की पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को उनके घर ग्राम ओझवलिया से गिरफ्तार किया। वहीं हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया। इस संबंध में गुरूवार को थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि तीनों अभियुक्तों के खिलाफ संबं?धित धारा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। पुलिस की मानें तो हरिछपरा (ओझवलिया) निवासी मृत्युज्य तिवारी (छोटु तिवारी) को चाकू मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दबिश देकर हत्यारोपी अजीत कुमार वर्मा पुत्र भिखारी वर्मा, दिलीप कुमार वर्मा उर्फ गुड्डू पुत्र भिखारी वर्मा तथा विशाल कुमार वर्मा पुत्र छोटेलाल वर्मा निवासीगण ग्राम ओझवलिया को उनके घर ग्राम ओझवलिया से गिरफ्तारी किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा घटना में प्रयुक्त होने वाली चाकू को उनकी निशानदेही पर बरामद किया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

### घर में घुसकर महिला को पीटा, घायल



**बलिया।** बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्र के मठिया गांव स्थित एक घर में घुसकर दबंगों ने महिला को मारपीट कर बुरी तरह घायल करने के साथ ही जमकर तांडव मचाया। यही नहीं, महिला के हाथ की उंगलियां तोड़ने के अलावा बीच बचाव करने आए घर के पुरुषों की पिटाई करते हुए दवंगों ने पक्का दीवार भी गिरा दिया। मामले में बैरिया पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मिश्रा के मठिया गांव निवासी शांति देवी पत्नी धर्मदेव यादव को पड़ोसियों ने भूमि विवाद में मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। हाथ की उंगलियां तोड़ डाली। बीच बचाव करने आए रंजीत यादव व ब्रह्मदेव यादव की भी पिटाई पड़ोसियों ने कर दी। शांति देवी के पुत्र रंजीत कुमार यादव की तहरीर पर मिश्रा के मठिया गांव निवासी संजय सिंह, अंकित सिंह उर्फ राकी सिंह, मनीष सिंह व इंतजार (पता अज्ञात) के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, महिला को इलाज के लिए परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### श्री अन्न की वैज्ञानिक खेती के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**मऊ।** रोहतास, बिहार से आए 40 कृषकों का भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्, भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, कुशमौर, मऊ में श्री अन्न (छोटे एवं मोटे अनाज) की वैज्ञानिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । निदेशक डॉ संजय कुमार के दिशा निर्देशन में चल रहा यह कार्यक्रम कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), रोहतास, बिहार द्वारा प्रायोजित है । प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने कृषकों को संबोधित करते हुए मोटे अनाजों के महत्त्व के बारे में बताया तथा यह भी रेखांकित किया कि मोटे अनाज की खेती हमारी धरोहर रही है जिसे पुनः जीवित करने की आवश्यकता है । किसानों की पारंपरिक खेती के अतिरिक्त प्रशिक्षण से उन्हें खेती की वैज्ञानिक विधियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी । वैज्ञानिक डॉ अलोक कुमार ने किसानों को मंडुआ, ज्वार, मक्का और बाजरे के गुणवत्तायुक्त बीज के महत्त्व के बारे में बताया तथा किसान भाई अपने ही खेत में गुणवत्तायुक्त बीज का उत्पादन कर आत्मनिर्भर कैसे बनें इसका उपाय बताया।

## खबरें फटाफट

### मऊ में छोटे-बड़े कोचिंग संस्थानों की भरमार

**मऊ।** क्षेत्र में कोचिंग केंद्रों पर विद्यार्थियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पूर्व में नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले समृद्ध जन ऊँची कक्षाओं में शिक्षारत बच्चों को कठिन विषयों व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यालय से इतर योग्य शिक्षकों के पास अथवा कोचिंग कक्षाओं में भेजते थे किंतु अब निचली कक्षाओं के बच्चे भी कोचिंग संस्थानों की ओर रुख कर रहे हैं। क्षेत्र के कस्बों, बाजारों व गाँवों में भी उच्च शिक्षित युवाओं द्वारा विद्यालयों के समानांतर छोटे-बड़े कोचिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं जिसमें बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के मद्देनजर अर्थव्यवस्था को दरकिनार कर लोग अपने शिक्षारत पाल्यों का नामांकन करा रहे हैं।

### मां दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर

**गाजीपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवकली के तत्वावधान में स्वास्थ्ये शिविर मां दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारी पचदेवरा में आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व चेयरमैन व सर्वदलीय संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने क्रमशः फीता काटकर व दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में सैकड़ों लोगों की जांच व इलाज स्वास्थय केन्द्र के प्रभारी डा० एसके सरोज, बाल रोग विशेषज्ञ डा० शैलेंद्र कुमार सिंह, डा० अंकिता पांडेय, फार्मासिस्ट शीतल कुमार, एलटी अभिषेक कुमार व सुनील कुमार ने किया तथा मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया।

## ज़िला महिला अस्पताल में हुआ कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम



**केटी न्यूज/बलिया**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम जिला महिला चिकित्सालय में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बालिकाओं के जन्म पर उनकी माँ को बेबी किट, बेबी कपड़ा, मिष्ठान, सम्मान-पत्र व फूल माला देकर सम्मानित किया। उन्होंने नवजात बच्चियों के माता-पिता से कहा कि यहां से जाने के बाद सुमंगला योजनांतर्गत आवेदन कर दें। सभी जनसेवा केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा सभी बच्चियों का नियमित टीकाकरण कराते रहें। इस दौरान जिलाधिकारी को अपने बीच देखकर धात्री माताएँ भी काफी उत्साहित थीं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा सुमिता सिन्हा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मो.मुमताज, सेन्टर मैनेजर वन स्टाप सेन्टर प्रिया सिंह उपस्थित थीं।

## कब बदलेगी तस्वीर... प्लास्टर कटवाने ठेले से जिला अस्पताल पहुंचा मरीज

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला चिकित्सालय में स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जिला चिकित्सालय के जिम्मेदार अपनी गैर जिम्मेदाराना हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला यह है कि जिला चिकित्सालय में एक मरीज ठेले से पहुंचा। प्लास्टर कटवाने के लिए मरीज के भाई ने मरीज को ठेले पर बैठाया और हनुमानगंज इलाके से 8 किलोमीटर दूर बलिया जिला चिकित्सालय पहुंच गया। प्लास्टर कट जाने के बाद पैर में लगी चोट पर पट्टी बंधवाने के लिए मरीज को अस्पताल के अलग-अलग विभागों में चक्कर लगाना पड़ा। मरीज के भाई कहना है की कोई भी पट्टी बांधने को तैयार नहीं था। दूसरी बार इमरजेंसी में जाने के बाद सुनवाई हुई और डॉक्टर ने पट्टी बांधी। मरीज के परिजन काशीनाथ ने बताया कि अस्पताल में आने के बाद प्लास्टर तो कट गया लेकिन मरहम पट्टी करवाने के लिए मुझे पूरा अस्पताल घुमाया गया। 19 अगस्त को प्लास्टर हुआ था। आज प्लास्टर काटने के बाद डाक्टर साहब ने कहा कि ले जाइए पट्टी बंधवा दीजीए। जब मैं 12 नंबर में गया तो उन्होंने कहा कि यहां पर नहीं होगा। इमरजेंसी में ले जाकर भर्ती करा दीजीए। इमरजेंसी में गया तो मैंने कहा कि डॉक्टर साहब आदेश कर दीजीए कि पट्टी बंध जाय। तो उन्होंने कहा कि हम आदेश नहीं करेंगे। यहां से हटाओ। हालांकि बाद में किसी तरह पट्टी बंधी। बताया कि मेरे छोटे भाई हैं,रात में सोते समय गिरने से हड्डी में मोच आ गयी थी। मैं एम्बुलेंस का इंतजार करने की बजाय अपने ठेले पर ही इनको बैठा कर अस्पताल लाया हूं।



### क्या बोले इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर

**बलिया।** इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर समीर का कहना है कि मरीज के अटेंडेंट ने पट्टी बांधने के लिए कहा तो मरीज को इमरजेंसी में लाकर पट्टी बांधा गया। प्राथमिक उपचार के दौरान इस मरीज को भर्ती कराया गया है। तथा सर्जन को भी फोन किया गया है, वो आयेंगे तो इन्हें देखेंगे।

## गाजीपुर के दीपक को मुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा वन रक्षक के पद पर गाजीपुर से दीपक कुमार सहित कुल 21 युवाओं का चयन हुआ है। ग्राम तरांव निवासी दीपक कुमार पुत्र रामनिवास को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्त प्रमाण पत्र मिला। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा.अरुण कुमार सक्सेना, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केपी मलिक, डीएफओ अवध आदि उपस्थित रहे।

इस मौके पर दीपक कुमार ने कहा कि मैं एक सामान्य परिवार से आता हूं। लंबे समय से कठिन परिश्रम के बाद सफलता प्राप्त हुई है। मैं पूरे लगन, मेहनत एवं ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा। मुख्यमंत्री से नियुक्ति पत्र मिलने के बाद दीपक के परिवार सहित पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।



## रंगोली प्रतियोगिता में दिखी छात्राओं की कलात्मकता

**केटी न्यूज/सेवराई**

रेवतीपुर ब्लाक के गदाधर श्लोक महाविद्यालय में छात्राओं में हुनर और आपसी प्रतिद्वंद्विता विकसित करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डाक्टर जितेंद्र नाथ राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में 200 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इसमें प्रतिभागी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कलाकृति उकेरे कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस रंगोली प्रतियोगिता में ज्योति कन्नौजिया टीम प्रथम, ज्योति राम टीम द्वितीय और कार्तिका पांडेय टीम तृतीय जबकि श्वेता कुशवाहा की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया।



मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. जितेंद्र नाथ राय ने विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिभागी छात्राओं ने इस रंगोली प्रतियोगिता में बेटी बचाओं-बेटी पढाओ, जलसंरक्षण- पर्यावरण, प्रदूषण रोकने के लिए प्लास्टिक के उपयोग जैसी कलाकृतियों के जरिए समाज को एक नया संदेश दिया। इस रंगोली प्रतियोगितो को चार ग्रुपों में बांटा गया था। इस अवसर पर प्राचार्य डा. जितेंद्र नाथ राय ने रंगोली प्रतियोगितो के प्रतिभागी छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इसमें शामिल सभी प्रतिभागी छात्राओं का प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्राओं में एक दूसरे के प्रति प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है और इससे कलाकृतियों को भी बढावा मिलता है। इस अवसर पर प्राचार्य डा. जितेंद्र नाथ राय, डाक्टर मनोज कुमार राय, डाक्टर पुष्पा, प्रज्ञा पांडेय, भूपेश राय व अन्य उपस्थित थे।

## रामकरन इंटर कॉलेज परिसर में 68वीं जनपदीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

# 50 व 54 भार वर्ग में अनिता और स्वाति बनीं विजेता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

खानपुर क्षेत्र के ईशोपुर रामपुर स्थित रामकरन इंटर कॉलेज परिसर में 68वीं जनपदीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक और बालिका के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने करतब दिखाया। जिसमें 50 व 54 किलो भारवर्ग में क्रमशः अनिता और स्वाति ने रामकरन इंटर कालेज को प्रथम स्थान दिलाया।

जबकि चौधरी चरण कालेज के बृजेश 57 किलो, माता भगवती इंटर कालेज के सचिन 61, श्यामलाल बाल गोपाल के सहेंद्र 65, बीजीडी कालेज के अभिषेक 70, रामजी कालेज के के आशीष ने 55 किलो भारवर्ग में अपने अपने विद्यालयों को प्रथम स्थान दिलाया। वहीं बालिका वर्ग में रामकरन की अनिता, स्वाती और महात्मा ज्योतिराव इंटर कॉलेज की प्रतिमा ने प्रदर्शन के बल पर अपने विद्यालयों को प्रथम ऊंचाई के रैंक पर रखा। इसके अलावा धर्मेंद्र, किशन, विपुल, पियुषम, पिंटू, कृष्णानंद और अनिल राजभर ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।



इसके पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी डॉ विजय यादव ने प्रतियोगियों से हाथ मिलाकर और फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि खेल को लेकर लोगों का नजरिया अब बदल गया है। पढ़ने लिखने में अव्वल के अलावा खेलने कूदने में अव्वल बच्चों का भविष्य अब उज्जवल होने लगा है। कहा कि खेलकूद को बढ़ावा देने में अन्य संस्थानों को भी आगे आना चाहिए। खेल के अंत में मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। इस मौके पर निर्णायक गोरखनाथ यादव प्रेम शंकर तिवारी, बलवंत यादव,अमित यादव, आशीष यादव इस मौके पर जीतेन्द्र यादव,नागेंद्र, जयप्रकाश, अनिल यादव, काशीनाथ यादव, बंशीधर यादव आयोजक जय सिंह पप्पू ने किया।

### देर शाम तक चली कुश्तियो में दिखाया दम

**गाजीपुर।** खानपुर क्षेत्र के ईशोपुर रामपुर स्थित रामकरन इंटर कॉलेज परिसर में 68वीं मंडलीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित हुई और देर शाम तक चली। जिसमें विभिन्न भार वर्गों में बालक-बालिका वर्ग के प्रतियोगियों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। अंडर 14 बालिका वर्ग में वाराणसी जनपद की सोनाली, कोमल, प्रिया, खुशी, माही, शिवांगी, रिया, अंदरी और कौशिकी ने क्रमशः 30, 33, 36, 39, 42, 46, 50, 54 व 58 किलो भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अंडर 17 बालिका आयु वर्ग में वाराणसी के ही वैष्णवी, अकांक्षा, नेहा, आंचल, गुड़िया, रिया, आरोही, आस्था, सरिता व पायल ने क्रमशः 40, 43, 46, 49, 53, 57, 61, 65, 69 व 73 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 बालिका आयु वर्ग में जौनपुर की आंचल ने 50 किलो के अलावा वाराणसी की माला, पायल, वसुंधरा, लक्ष्मी व जान्हवी ने क्रमशः 53, 55, 62, 72 व 76 किलो भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि बालकों की अंडर 14 में हुई फ्री स्टाइल कुश्ती में 44 किलो भारवर्ग में चंदौली के सूरज के अलावा वाराणसी के प्रवेश, शिवम, किशन, अशोक, अरुण, अंशू, वंशपाल, लालू और विक्रांत ने क्रमशः 35, 38, 41, 48, 52, 57, 62, 68 व 75 किलो भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## क्षेत्र के विकास के लिए मनोयोग से कार्य करें विकास कार्यों में नहीं हो कोई भेदभावः बिंद

**केटी न्यूज/मनियर बलिया**

विकास खण्ड मनियर के डकवारा हाल में गुरुवार को स्वच्छ गांव, सुन्दर गांव को लेकर ब्लॉक प्रमुख सपना सोनी की अध्यक्षता में सांसद, विधायक , जिला पंचायत सदस्यों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ,ग्राम प्रधानो की खुली बैठक की गई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते खंड विकास अधिकारी मनियर विनोद कुमार बिंद ने आय व्यय पर विचार, प्रधानमंत्री आवास सर्वे 2024, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आयुष्मान कार्ड बनाने, कृषि संबंधित योजनाओं पर विचार, विधवा, वृद्धा व विकलांग पेंशन तथा क्षेत्र पंचायत से कराए जाने वाले विकास संबंधी योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।



इसके लिए सभी लोग क्षेत्र के विकास के लिए मनोयोग से कार्य करें तथा विकास कार्यों में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होनी चाहिए। बैठक में एमएलसी प्रतिनिधि कुंवर विजय सिंह उर्फ पप्पू, सांसद प्रतिनिधि श्याम बिहारी राजभर, सिकन्दरपुर विधायक प्रतिनिधि राजिक रिजवी, बांसडीह विधायक प्रतिनिधि प्रधान राजेश सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी मुकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, जिला पंचायत सदस्य कुंजन राजभर, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू मलिक, आदि रहे। संचालन पूर्व प्रधान श्री निवास मिश्रा ने किया।

## मुख्यमंत्री योगी ने सभी अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का किया शुभारंभ

# 57 जिलों, 350 तहसीलों, 825 विकासखंडों में बनाएंगे अटल आवासीय जैसे विद्यालय : सीएम

**केटी न्यूज/लखनऊ**

- कहा- चरणबद्ध तरीके से आवासीय विद्यालयों का करेंगे विस्तार
- बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का बनेंगे माध्यम
- अगले चरण में 57 स्कूलों में पहली से लेकर 12वीं क्लास तक की पढ़ाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं।

तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। यही नहीं, उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी। इससे पूर्व सीएम योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। वहीं सीएम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया। इसके अतिरिक्त विज्ञान रत्न और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अग्रणी छात्रों को भी सीएम ने पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, छात्रों ने सीएम योगी के स्वागत में नृत्य प्रस्तुतियां देकर उनका दिल जीत लिया।





### अभाव व अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन

सीएम योगी ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी कहते थे कि जो समाज अशिक्षा और अभाव का सफलतापूर्वक मुकाबला कर ले उसको सुरक्षित और समृद्ध होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ये अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। अभाव आता है गरीबी से, अकर्मण्यता से, अराजकता से, भ्रष्टाचार से, आपसी बंटवारा से और जहां भी भ्रष्टाचार होगा, अराजकता होगी, अभाव होगा, वहां पर जंगलराज भी होगा, अव्यवस्था होगी, असुरक्षित माहौल होगा, किसी का सम्मान नहीं होगा।

### आने वाले समय में प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे 2000 ऐसे विद्यालय

सीएम योगी ने आगामी कार्ययोजना को लेकर कहा कि प्रदेश के हर गरीब बच्चे को, हर वंचित के बच्चे को बिना भेदभाव शिक्षा प्राप्त हो सके इसके लिए अगले सत्र में हमने बेसिक शिक्षा परिषद को 57 जनपदों में विद्यालयों की स्थापना हेतु पैसा दे दिया है। 57 जनपदों में ऐसे विद्यालय खुलने जा रहे हैं। सीएम कंपोजिट विद्यालय के रूप में हम उन्हें स्थापित करने जा रहे हैं और तीसरे चरण में इसे हम सभी तहसीलों में लेकर के जाएंगे। प्रदेश में 350 तहसील हैं , उनमें एक-एक विद्यालय बनेगा। चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालय बनेंगे। 825 विकास खंडों में इस तरह के विद्यालय बनेंगे तो किसी भी गरीब का बच्चा अच्छी और उत्तम शिक्षा से वंचित नहीं रहने पाएगा। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। अटल आवासीय विद्यालय कक्षा 6 से लेकर 12वीं क्लास तक के लिए हैं। इनमें कंप्यूटर, स्किल डेवलपमेंट, खेलकूद, कला और संगीत की जानकारी दी जा रही है। हालांकि जो 57 विद्यालय बनने जा रहे हैं उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। उनमें बाल वाटिका भी बनेगी। यानी प्री प्राइमरी से लेकर 3 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को भी वहां एडमीशन देकर नई पीढ़ी को भी इससे जोड़ने का काम करेंगे, ताकि वो भी अपने भावी विद्यालय को देख सकें। इन विद्यालयों में खेलकूद के साथ हेल्थ चेकअप की भी व्यवस्था की गई है। बच्चे स्वस्थ होंगे तभी तो स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगे।

## अटल आवासीय विद्यालय में टीचर बने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिए छात्रों के सवालों के जवाब

- छात्रों को दी नसीहत, बार-बार न दोहराएं गलतियां
- मुख्यमंत्री ने छात्रों के साथ खुद क्लिक की सेल्फी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

अटल आवासीय विद्यालयों के द्वितीय शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करने लखनऊ के मोहनलालगंज के सिठौली कला स्थिति विद्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री ने यहां बच्चों के साथ क्वालिटी समय बिताया। इस दौरान न सिर्फ सीएम योगी ने प्रतिभाशाली छात्रों के द्वारा बनाए गए इनोवेटिव मॉडल्स को देखा और उसकी सराहना की, बल्कि क्लासरूम जाकर बच्चों से संवाद भी किया। सीएम योगी ने शिक्षक बनकर छात्रों को सफलता के मंत्र भी बताए, जबकि छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। इस दौरान सीएम योगी ने छात्रों के साथ ग्रुप फोटोशूट भी कराया तो सेल्फी भी क्लिक की।

**छात्रों के बनाए मॉडल्स देखकर सीएम ने जताई खुशी :** कार्यक्रम के लिए मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे सीएम योगी ने सबसे पहले छात्रों द्वारा बनाए गए इनोवेटिव मॉडल्स की प्रदर्शनी देखी। इस प्रदर्शनी में स्मार्ट डस्टबिन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, ऑबस्टिकल अवॉइडिंग रोबोट, कंप्यूटर मॉडल, कैलीग्राफी और आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे डिवाइस प्रस्तुत किए गए, जिसे देखकर सीएम योगी ने छात्रों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया।



### श्रमिकों और निराश्रित बच्चों के बेहतर भविष्य की शुरूआत

कक्षा 6 की छात्रा छवि गौतम ने सीएम से पूछा कि बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय खोलने का विचार उनके मन में कब और कैसे आया? इस पर सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसके बारे में हमें कहा था कि जो बीओसी बोर्ड होता है जहां पर रजिस्टर्ड श्रमिकों के सेस का पैसा इकट्ठा होता है उसका कमोवेश दुरुपयोग होता है। उन्होंने कहा था कि इसके बारे में कुछ सोचिए। मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मंत्रणा करने के बाद हमारे मन में आया कि जो हमारा श्रमिक है वो निरंतर चलता रहता है। आज एक जिले में तो अगले दिन दूसरे जिले में कार्य करता है। वह अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पाते हैं तो क्या हम उसके लिए व्यवस्था कर पाएंगे।

## एक नजर

### डीएम की अध्यक्षता में तिमाही डीसीसी व डीएल आरसी के साथ ऋण जमानुपात बैठक संपन्न




**गाजीपुर।** तिमाही डीसीसी व डीएल आरसी के साथ ऋण जमानुपात की बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी संतोष वैश्य, अग्रणी जिला प्रबंधक पीयूष सिंह परमार, आरबीआई के अग्रणी जिलाधिकारी श्रवण कुमार राम तथा सभी बैंक समन्वयक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जून 2024 तक की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें वित्तीय समावेशन ऋण जमानुपात के एवं जिले में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं की लंबित पत्रवालियों को अतिशीघ्र निस्तारित करें तथा शासकीय योजना संबन्धित आवेदनों को अकारण अस्वीकृत ना करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद के ऋण जमानुपात में अपेक्षित वृद्धि न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़े शब्दों में ऋण जमानुपात बढ़ाने के लिऐ बैंकों को ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने वीसी को किया सम्मानित



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की तरफ से विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह को सम्मानित किया गया. शिक्षकों ने कुलपति को अंग वस्त्र एवं सम्मान पत्र प्रदान किया। कुलपति वंदना सिंह ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुणवत्तायुत शिक्षा देने का हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। विश्वविद्यालय से जुड़े महाविद्यालयों के शिक्षकों और प्रबंधकों की समस्याओं को भी प्राथमिकता पर दूर किया जा है। इस अवसर पर कार्य परिषद के सदस्य डॉक्टर जगदीश सिंह दीक्षित ने कहा,कि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय दिनों दिन प्रगति कर रहा है ।आगे भी बहुत सारे नई गतिविधियां विद्यार्थियों के हित में होगी ऐसी पूरी उम्मीद है। इस अवसर पर कार्य परिषद के सदस्य डॉक्टर राघवेंद्र पांडे, डॉक्टर बब्बन राम, डॉक्टर रणंजय सिंह एवं सहकारी पीजी कॉलेज की डॉक्टर पुष्पा सिंह एवं प्रोफेसर मुक्ता राजे, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय उपस्थित रहे।

### जनपद समेत पूरे राज्य में तथाकथित पत्रकारों से धूमिल हो रही कलमकारों की छवि: सूर्यवीर

**गाजीपुर।** गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह के नेतृत्व में संगठन के समस्त पत्रकारगण पत्रकारिता की छवि खराब करने वाले तथाकथित पत्रकारों के संबंध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी से मुलाकात की। जिलाधिकारी को अवगत कराया कि गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के संज्ञान में लगातार इस तरह की बात आ रही है कि अपने को पत्रकार कहने वाले लोग सरकारी व निजी अस्पताल, सरकारी व प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं व सरकारी कर्मचारी जैसे शिक्षक, डॉक्टर, सफाई कर्मी, ब्लॉक कर्मी आदि के यहां पहुंचकर पत्रकारिता की हनक दिखाकर उनसे पैसे की मांग कर रहे हैं। लोग इन तथाकथित पत्रकारों के झांसे में आकर इनको पैसे दे देते हैं। अपने को तथाकथित पत्रकार कहने वाले ऐसे लोगों की वजह से वास्तविक पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों की छवि समाज में धूमिल हो रही है। इस पत्र का संज्ञान तत्काल लेते हुए जिलाधिकारी से निवेदन किया गया कि समस्त विभागों के अधिकारियों को सूचित कर दिया जाए की किसी प्रकार की वसूली या जबरन पैसा वसूलते हैं तो उनके खिलाफ आप करवाई सुनिश्चित करें। अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह के साथ पूर्व अध्यक्ष विनोद पांडेय, अशोक कुमार श्रीवास्तव, रविकांत पांडे, मुमताज अहमद, शशिकांत तिवारी, देवब्रत विश्वकर्मा, विनोद गुप्ता, वसीम राजा, अजय शंकर तिवारी, दुर्ग विजय सिंह, आलोक त्रिपाठी, मोनू शर्मा सहित अन्य पत्रकारगण उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण शिविर में बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से सबल बनाएं जाएंगे कांग्रेसी : डॉ. प्रमोद

**चंदौली।** यूपी कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डा. प्रमोद कुमार पाण्डेय गुरुवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने 14 से 18 सितंबर तक चंदौली में आयोजित होने वाले प्रादेशिक प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा व तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि 14 को चंदौली में कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी देसाई द्वारा प्रादेशिक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद लोकतंत्र व संविधान से संबंधित सभी विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा चर्चा होगी। प्रशिक्षण के जरिए कांग्रेस कार्यकताओं को बौद्धिक व शारीरिक रूप से सबल बनाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रोफेसर अवधेश प्रधान, प्रोफेसर सतीश राय, प्रोफेसर आनंद दीपायन, प्रोफेसर आरके मण्डल, प्रोफेसर क्षेमेन्द्र त्रिपाठी, प्रोफेसर अवधेश सिंह, डा. आर्दूल चौबे अपनी सेवाएं देंगे। बताया कि उक्त शिविर में शारीरिक बौद्धिक प्रशिक्षण के अतिरिक्त विभिन्न विषयों पर ग्रुप डिस्कशन किया जाएगा।

## साइबर फ्रॉड पीड़ित के 4.7 लाख रुपये पुलिस ने कराया वापस

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष शाहगंज प्रभारी रोहित मिश्रा के नेतृत्व में श्रीराम पुर शाहगंज निवासी गौरव गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता के साथ हुये ऑनलाइन फ्राड में साइबर पुलिस की सतर्कता से पीड़ित के अधिकतम रुपये वापस हुए। गौरव गुप्ता अपने पैसे को डबल करने के लिए आन लाइन किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर बराबर पैसा डालते गये और जब उन्होने अपने लगभग 5-6 लाख रुपये लगा दिये तथा जब आन लाइन स्कीम के तहत गौरव गुप्ता का पैसा डबल नही हुआ तो उनको एहसास हुआ कि मेरे साथ फ्राड हो गया है। उन्होंने तत्काल थाना शाहगंज जाकर सम्पर्क किया।उनके शिकायत पर कम्पलेन दर्ज कर कार्यवाही की गयी, जिसमें थाना शाहगंज पर तैनात सीसीटीएनएस कम्प्यूटर आपरेटर नीरज कुमार शर्मा के प्रयास से सम्बन्धित फ्रॉड एकाउन्ट से पीड़ित आवेदक गौरव गुप्ता के एकाउन्ट में कुल 4,70,000/- रुपये (चार लाख सत्तर हजार रुपये ) विभिन्न तिथियों को वापस कराया।

## केंद्र और प्रदेश सरकार में समाज के सभी वर्ग परेशान



**केटी न्यूज/चंदौली**

- अनिश्चितकालीन धरने के दौरान माले कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

भाकपा माले के कार्यकर्ताओं की ओर से गुरुवार को भी 23 सूत्री मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन जारी रहा। जहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सरकार को निरंकुश बताया।वहीं कार्यकर्ताओं ने चकिया तहसील अंतर्गत शिकारगंज क्षेत्र के बैराठ फार्म का मुद्दा जोर शोर से उठाया।

इस दौरान कंचन देवी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों गरीबों को खत्म करने का कार्य कर रहे हैं। यही कारण है कि आज गरीब नौजवान समाज का सभी वर्ग परेशान है।कहा कि सीलिंग प्रक्रिया के तहत अतिरिक्त घोषित बैराठ फार्म की भूमि को गरीबों में बांटे जाने की लड़ाई लड़ी जा रही है, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोर्ट में अपील दायर नहीं की जा रही है। कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बेपटरी हो गई है। आम आदमी को न्याय नहीं मिल पा रहा है। नौगढ़, चकिया, शहाबगंज के गांवों में वनाधिकार कानून के तहत गरीबों को मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। इस दौरान विजई राम, चंद्रिका यादव, मेहदी हसन, तारा बेगम, विनोद वनवासी, बबीता कुमारी, राम सागर प्रजापति उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के छित्तो गांव के समीप बुधवार की रात ट्रेन की चपेट में आने एक 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मौके पर जुटे आस पास के लोगो ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई जुट गई।

बताते हैं कि नगर के वार्ड नंबर छह इंदिरा नगर निवासी रामबिलास का 23 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार किसी काम से छित्तो गांव के रेलवे क्रॉसिंग को पार कर रहा था। इसी दौरान वो तेज रफ़्तार ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर जुटे आस पास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुचे मंडी चौकी प्रभारी एसआई रावेंद्र सिंह ने युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी परिजनों को दी। मनीष के मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।

## डीएम ने की विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक



**केटी न्यूज/मऊ**

- ए+ ग्रेड से कम ग्रेड वालों को रैंकिंग में सुधार के दिए निर्देश

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी ने अगस्त माह की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में जनपद का विकास कार्यों में द्वितीय स्थान आने पर मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारियों को बधाई दी तथा आगे भी जनपद की रैंकिंग बेहतर रखने हेतु अनवरत विशेष प्रयास करने को कहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे और भी बेहतर कार्य होंगे जिससे जनपद प्रथम स्थान हासिल कर सके। समीक्षा के दौरान डे एनआरएलएम में बैंक क्रेडिट लिंकेज में लंबित आवेदनों की दृष्टिगत सी ग्रेड होने पर उन्होंने एलडीएम को कैंप लगाकर समस्त लंबित आवेदनों का निस्तारण करने तथा पूरी कार्रवाई को पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। 15 वें वित्त आयोग एवं पांचवें राज्य वित्त आयोग में भी बी ग्रेड पर उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को इसमें आवश्यक कार्रवाई करते हुए इस माह रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में भी लंबित आवेदनों के दृष्टिगत बी ग्रेड होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को इसमें बेहतर कार्य करते हुए रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिए।

## पर्व-त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ की संभावना को देखते हुए भारतीय रेलवे ने की पहल

# दानापुर प्रमंडल से कई स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन

**केटी न्यूज/चंदौली**

आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे द्वारा दानापुर से रानीकमलापति एवं जबलपुर, गोंदिया से पटना तथा दरभंगा एवं संतरागाछी से अजमेर के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा।



रानी कमलापति-दानापुर पूजा स्पेशल रानीकमलापति से 26 अक्टूबर से 12 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को 14.25 बजे खुलकर अगले दिन 05.10 बजे डीडीयू, 06.45 बजे बक्सर, 07.40 बजे आरा रूकते हुए 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 01662 दानापुर-रानीकमलापति पूजा स्पेशल दानापुर से 27 अक्टूबर से 13 नवंबर तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को 11.45 बजे खुलकर 12.18 बजे आरा, 13.08 बजे बक्सर, 15.10 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 07.40 बजे रानीकमलापति पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे । जबलपुर-दानापुर-जबलपुर पूजा स्पेशल गाड़ी सं. 01705 जबलपुर-दानापुर पूजा स्पेशल जबलपुर से 23 अक्टूबर से 15 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को 19.35 बजे खुलकर अगले दिन 05.10 बजे डीडीयू, 06.45 बजे बक्सर, 07.40 बजे आरा रूकते हुए 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 01706 दानापुर-जबलपुर पूजा स्पेशल दानापुर से 24 अक्टूबर से 16 नवंबर तक प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार को 11.45 बजे खुलकर 12.18 बजे आरा, 13.08 बजे बक्सर, 15.10 बजे डीडीयू रूकते हुए देर रात्रि 00.10 बजे जबलपुर पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05 एवं शयनयान श्रेणी के 09 कोच होंगे ।

गोंदिया-पटना-गोंदिया पूजा स्पेशल (दुर्ग-रायपुर-बिलासपुर- राउरकेला-रांची के रास्ते)- गाड़ी सं. 08897 गोंदिया-पटना पूजा स्पेशल तीन नवंबर एवं चार नवंबर को गोंदिया से 11.20 बजे खुलकर अगले दिन 01.35 रांची, 04.50 बजे गोमो, 06.05 बजे कोडरमा, 07.50 बजे गया एवं 09.20 बजे जहानाबाद रूकते हुए 11.00 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 08898 पटना-गोंदिया पूजा स्पेशल 04एवं 05 नवंबर को पटना से 12.30 बजे खुलकर 13.20 बजे जहानाबाद, 14.20 बजे गया, 15.58 बजे कोडरमा, 18.00 बजे गोमो एवं 21.25 बजे रांची रूकते हुए अगले दिन 14.30 बजे गोंदिया पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।

## सीएमओ ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**केटी न्यूज/जौनपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में एनआरसी में भर्ती कुपोषित बच्चों को देखा। एन आर सी में कुल 10 बच्चे भर्ती थे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 के0के0 राय से बच्चों के स्वास्थ्य के विषय में विस्तृत जानकारी लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जिला अस्पताल में स्थापित ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के विषय में जानकारी लिया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन सक्रिय अवस्था में है तथा आवश्यकता पड़ने पर ब्लड कंपोनेंट सेपरेट कर पेशेंट को प्लेटलेट इत्यादि उपलब्ध करा दिया जाएगा।



इसके पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एम0के0 गुप्ता को निर्देश दिया कि जिन मरीजों को आवश्यक हो उनका अल्ट्रासाउंड एवं एक्सरे अस्पताल में ही करवाया जाए, किसी भी परिस्थिति में मरीज को अस्पताल से बाहर अल्ट्रा साउंड या एक्स-रे नहीं करवाना पड़े।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें , जिससे मरीजों को समस्त आवश्यक दवाएं अस्पताल द्वारा ही प्राप्त हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला पुरुष एवं महिला दोनों चिकित्सालयों के अधीक्षक से कहा कि अस्पताल परिसर को साफ स्वच्छ रखें एवं दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखें। हर तरह की जांच की व्यवस्था करें।

## सुभाषितम्

कोई भी व्यक्ति तुम्हें बिना तुम्हारी सहमति के हीनता का अनुभव नहीं करा सकता। - ऐना एलेना रूजबेल्ट

# धारा 498-ए परिवार को तोड़ने और ब्लैकमेल करने वाला कानून?

सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498-ए के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई है। कानून की यह धारा विवाह के बाद महिलाओं को उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाई गई थी। इस कानून का महिलाओं द्वारा गलत उपयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से तलाक, विवाह के पश्चात पति-पत्नी में विवाद, नारी स्वतंत्रता, समान अधिकार और संपत्ति के मामलों में इस कानून का उपयोग पति, ससुराल पक्ष को प्रताड़ित और ब्लैकमेल करने के लिए किया जा रहा है। धारा 498-ए का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना था। उन्हें ससुराल पक्ष के अत्याचार से बचाने के लिए यह संशोधन किया गया था। पिछले कई वर्षों में अदालतों में ऐसे हजारों मामले सामने आये हैं, जहां महिलाओं ने इस धारा का दुरुपयोग कर ससुराल पक्ष का उत्पीड़न किया है। इस कानून के तहत झूठी शिकायत करके ससुराल पक्ष को ब्लैकमेल किया जाता है। पति और उसके परिवार वालों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल भिजवाने की धमकी दी जाती है। मामला सुलझाने के लिए लाखों रुपए की वसूली ससुराल पक्ष से की जाती है। बॉम्बे हाईकोर्ट सहित आधा दर्जन हाईकोर्ट तथा देश की हजारों ट्रायल कोर्ट ने इस कानून के दुरुपयोग को लेकर समय-समय पर फैसले दिए हैं। कई मामलों में महिलाओं ने पति, उसके बुजुर्ग माता-पिता, यहां तक कि परिवार के बीमार सदस्य, जो बिस्तर से उठ नहीं सकते हैं, पति की बहन और उसके बहनोई को भी इस धारा के तहत झूठे आरोपों में फंसाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में दिए गए आदेश में स्पष्ट किया है, कि इस कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। कोर्ट ने कहा, जब तक झूठे मामले दायर कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक यह समस्या बनी रहेगी, परिवार टूटते रहेंगे। अदालतों और समाज के सभी पक्षों को इस कानून का दुरुपयोग ना हो, इसके लिए संवेदनशीलता और सतर्कता रखने की आवश्यकता है। न्यायालय ने यह भी कहा, कि पति और उसके परिवार के खिलाफ झूठे आरोप लगाए जाते हैं, तो वह भी कानूनी रूप से न्यायालयीन कार्रवाई कर सकते हैं। भीड़ तंत्र के दबाव में आकर सरकार इस तरह के विशेष कानून बना देती है। जिसकी जरूरत ही नहीं होती है। भारतीय दंड संहिता में सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के चाहे वह महिला हो या पुरुष सभी को समान अधिकार भारतीय दंड संहिता में हैं। तब इस तरह के विशेष अधिकार बनाने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाएं कमजोर वर्ग की होती हैं। उन्हें समय पर तत्काल न्याय मिलना चाहिए। इसके लिए जांच एजेंसियों और प्रशासन की भूमिका और जिम्मेदारी बड़ी होती है। जिम्मेदारी से बचने के लिए जांच एजेंसियां और सरकार इस तरह के कानून बनवाकर वाहवाही लूटती हैं। जल्द ही उसके दुष्परिणाम सामने आ जाते हैं। इस तरह के विशेष कानून बनाने से अपराध कम होने के स्थान पर और तेजी के साथ बढ़ते हैं। पिछले तीन दशक का अनुभव यही बताता है। निर्भया के बाद सरकार ने कई कड़े कानून यौन अपराधों को रोकने के लिए बनाए, लेकिन अपराध कम होने के स्थान पर और बढ़ गए। जांच एजेंसियां और प्रशासन यदि ठीक तरीके से काम नहीं करेगा। तो अपराधों पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता है। प्रशासन और जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है। सरकार की भी नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सरकार कानून बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। सुप्रीम कोर्ट जिसे संविधान ने सभी नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षक बनाया है। भीड़तंत्र के दबाव में सरकार यदि इस तरह के कानून बनाती है तो न्यायपालिका को समीक्षा करने का अधिकार है। यदि कानून का दुरुपयोग हो रहा है तो सुप्रीम कोर्ट इसे रद्द कर सकती है।

## चिंतन-मनन

# जीवन एक क्रिकेट मैच

प्रांतिकारी संत तरुणसागरजी ने क्रिकेट की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन एक क्रिकेट है, धरती की विराट पिच पर समय बॉलिंग कर रहा है। शरीर बल्लेबाज है, परमात्मा के इस आयोजन पर अम्पायर धर्मराज हैं। बीमारियाँ फील्डिंग कर रही हैं, विकेटकीपर यमराज हैं, प्राण हमारा विकेट है, जीवन एक क्रिकेट है। इस डे-नाइट मैच में हमें रचनात्मकता के जलवे दिखाने हैं और साँसों के सीमित ओवर में सृजन के रन बनाने हैं। गिल्लियाँ उड़ने का अर्थ साँस का टूट जाना है, एलबीडब्ल्यू यानी हार्ट-अटैक। दुर्घटना में मरने वाला रन आउट कहलाता है और सीमा पर शहीद होने वाला कैच आउट कहा जाता है। आत्महत्या का अर्थ हिट विकेट और हत्या स्टम्प आउट हो जाना है। कभी-कभी कुछ आप्रामक खिलाड़ी जल्दी ही पैवेलियन लौट जाते हैं, लेकिन पारी ऐसी खेलते हैं कि कीर्तिमान बना जाते हैं, सबका अपना-अपना रन रेट है, जीवन एक क्रिकेट है। घर आए अतिथि को भोजन के लिए पूछा करो, भोजन के लिए नहीं पूछ सकते तो पानी के लिए पूछा करो, पानी का नहीं पूछ सकते हैं तो बैठने के लिए आसन दिया करो। बैठने के लिए आसन भी नहीं दे सकते तो दो मीठे बोल बोला करो। दो मीठे बोल नहीं बोल सकते, मुस्कुराहट भी नहीं दे सकते तो चुल्लू भर पानी में डूब मरो। उक्त प्रेरक विचार उन्होंने प्रवचनमाला में व्यक्त किए। हाथों में मोबाइल हो न हो, चेहरे पर स्माइल हर हाल में होना चाहिए। आदमी स्मार्ट मोबाइल से नहीं, मुस्कुराहट से बनता है। हँसना पुण्य है और हँसाना परमपुण्य है। जब आप हँसते हैं तो आप ईश्वर की आराधना करते हैं। जब आप किसी रोते हुए को हँसाते हो तो ईश्वर आपकी आराधना करता है। दुनिया के सामने रोने की आवश्यकता नहीं है। जब पाँच सेकंड मुस्कुराने से फोटो अच्छी आ सकती है तो जिंदगी भर मुस्कुराने से जिंदगी क्यों नहीं अच्छी हो सकती। राजनीतिक लोग पार्टियाँ बदल लेते हैं, बैनर बदल लेते हैं, भाषण बदल जाता है, टोपी बदल जाती है, लेकिन टोपी के नीचे जो खोपड़ी है वही नहीं बदलती।

# अमेरिका में लगातार बिगड़ती आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति

- प्रहलाद सबनानी

विश्व में कई गतिविधियां एक चक्र के रूप में चलती रहती है। एक कालखंड के पश्चात चक्र कभी नीचे की ओर जाता है एवं एक अन्य कालखंड के पश्चात यह चक्र कभी ऊपर की ओर जाता हुए दिखाई देता है। विदेशी व्यापार के मामले में वर्ष 1750 तक पूरे विश्व में भारत की तूती बोलती रही है, परंतु इसके पश्चात यूरोपीयन देशों ने विस्तारवादी नीतियों के चलते अपने आर्थिक हित साधते हुए विभिन्न देशों पर अपना कब्जा जमा लिया। ब्रिटेन, फ्रांन्स, डच जैसे देशों ने एशियाई देशों एवं कुछ अफ्रीकी भू भाग पर पर अपना कब्जा जमाया तो स्पेन आदि देशों ने अमेरिकी महाद्वीप पर अपना कब्जा जमाया। समय के साथ चक्र कुछ इस प्रकार चला कि वर्ष 1950 आते आते अमेरिका पूरे विश्व में सबसे अमीर देशों की श्रेणी में शामिल हो गया और ब्रिटेन, जिसके बारे में कभी कहा जाता था कि ब्रिटेन की महारानी के राज्यों में सूरज कभी डूबता नहीं है, का आर्थिक दृष्टि से ढलान शुरू हो गया और आज ब्रिटेन के आर्थिक एवं सामाजिक ढांचे की स्थिति हम सभी के सामने है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था हाल ही में पूरे विश्व में छठे स्थान पर पहुंच गई है तथा अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी के पश्चात भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जबकि वर्ष 1750 के पश्चात जब ब्रिटेन ने भारत पर अपना कब्जा स्थापित कर लिया था उसके बाद भारत की स्थिति यहां तक बिगड़ी थी कि पूरी विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत के विदेश व्यापार की हिस्सेदारी वर्ष 1750 के 32 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1947 में 3 प्रतिशत के नीचे आ गई थी। परंतु, एक बार फिर कालचक्र अपना रंग दिखाता हुआ नजर आ रहा है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था के साथ ही वहां का सामाजिक ताना बाना भी छिन्न भिन्न होता हुआ दिखाई दे रहा है। दरअसल, अमेरिका ने पूंजीवादी नीतियों को अपनाकर अपने नागरिकों में केवल आर्थिक उन्नति को ही विकास के एकमात्र मार्ग के रूप में चुना था, इससे वहां के नागरिकों में किसी भी प्रकार से धन अर्जन करने की प्रवृत्ति विकसित हुई एवं सामाजिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ताना बाना छिन्न भिन्न हो गया। परिवार व्यवस्था समाप्त हो गई जिसका परिणाम आज हमारे सामने हैं कि आज अमेरिका में नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना, मेडीकेयर योजना, मेडीकैड योजना, प्रौढ़ नागरिकों को सुविधाएं एवं केंद्र (फेडरल) सरकार के कर्मचारियों को अदा की जा रही पेंशन, आदि योजनाएं सरकार द्वारा नागरिकों के हितार्थ अमेरिका में चलानी पड़ रही हैं। इन योजनाओं पर खर्च किए जा रहे 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि का लाभ करोड़ों अमेरिकी नागरिक प्रतिवर्ष उठा रहे हैं। यह राशि अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है। सुरक्षा की मद पर भी अमेरिका द्वारा 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च प्रतिवर्ष किया जाता है। बेरोजगारी बीमा लाभ योजना पर भी भारी भरकम राशि अमेरिकी सरकार द्वारा प्रतिवर्ष खर्च की जाती है। अमेरिका में सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसके कारण इस मद पर व्यय की जाने वाली राशि में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है, साथ ही लगातार बढ़ रहा सुरक्षा खर्च, स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय की लगातार बढ़ रही राशि के बीच वर्तमान में कर की दरों में वृद्धि नहीं करने के कारण बजटीय घाटे पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इकोनोमिक रिपोर्ट आफ द प्रेजीडेंट के अनुसार अमेरिका में वर्ष 2000 में 23,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बजट आधिक्य था जो वर्ष 2001 में घटकर 12,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया। परंतु, वर्ष 2002 में एक बार जो 15,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बजट घाटा प्रारम्भ हुआ तो इसके बाद से वह बढ़ता ही गया है। वर्ष 2009 में तो बजट घाटा बढ़कर 141,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया, वर्ष 2010 में 129,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2011 में 130,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2012 में 108,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं वर्ष 2020 में 313,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2021 में 277,000 करोड़ अमेरिको डॉलर एवं वर्ष 2022 में 188,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है।

अमेरिका में प्रति परिवार वास्तविक औसत आय वर्ष 1973 में (वर्ष 2015 में डॉलर की कीमत पर) 50,000 अमेरिकी डॉलर थी। अमेरिका के लगभग आधे परिवारों की वास्तविक औसत आय 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक थी एवं शेष आधे परिवारों की 50,000 अमेरिकी डॉलर से कम थी, जिससे आय की असमानता आज की तुलना में कम दिखाई देती थी। वर्ष 1973 से वर्ष 2015 तक अमेरिका में उत्पादकता में 115 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि परिवारों की औसत आय (मुद्रा स्फीति के समायोजन के बाद) केवल 11 प्रतिशत ही बढ़ी है। यह भी, इस बीच, अमेरिकी महिलाओं को भारी मात्रा में प्रदान किए गए रोजगार के अवसरों के चलते सम्भव हो पाया है। इस प्रकार, मुद्रा स्फीति के समायोजन के पश्चात, अमेरिका में वर्ष 1973 के पश्चात औसत आय में वृद्धि नगण्य ही रही है। वर्ष 1973 से वर्ष 2007 के बीच अमेरिकी मध्यवर्गीय परिवारों ने उपभोग पर औसत खर्च को दुगने से भी अधिक कर दिया है। जिसके कारण इन परिवारों की बचत दर 10 प्रतिशत से घट कर 2 प्रतिशत हो गई है। बल्कि कई परिवारों को तो अपने मकानों पर ऋण लेकर एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेकर भी काम चलाना पड़ रहा हैं।

जोसेफ शूम्पटर के अनुसार अमेरिका में कार ने घोड़ा गाड़ी को खत्म कर दिया एवं कम्प्यूटर ने टाइपराइटर को खत्म कर दिया। इसे “रचनात्मक विनाश” (क्रीएटिव डेस्ट्रक्शन) का नाम दिया गया, क्योंकि इससे उत्पादकता का स्तर बढ़ा था, परंतु रोजगार के लाखों अवसर समाप्त हो गए थे। अमेरिका में आज 5 में से 4 रोजगार के अवसर, सेवा क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं, जहां तुलनात्मक रूप से आय कम है। कृषि एवं उद्योग (विनिर्माण सहित) क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बहुत कम मात्रा में उपलब्ध हो पा रहे हैं। 60 वर्ष पूर्व तक अमेरिका विदेशी व्यापार के मामले में आत्मनिर्भर था। अमेरिका में विभिन्न उत्पादों का जितना उपभोग होता था उन लगभग समस्त उत्पादों का उत्पादन भी अमेरिका में ही होता था। बल्कि, विदेशी व्यापार के मामले में तो उस समय अमेरिका के पास विदेश व्यापार आधिक्य शेष रहता था। आज अमेरिका में विभिन्न उत्पादों का जितना उत्पादन होता है उससे कहीं अधिक उपभोग होता है। अमेरिकी नागरिक आज अपनी आय से अधिक व्यय करता हुआ दिखाई देता है। अमेरिका में कई नए शहरों की बसावट के पहिले, समस्त बड़े नगरों में 75 प्रतिशत श्रमिक रेल्वे एवं बसों से यात्रा करते थे। परंतु आज केवल 5 प्रतिशत नागरिक ही पब्लिक वाहनों का उपयोग, एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने जाने के लिए, करते हैं। समस्त नागरिकों के पास अपनी अपनी कार है एवं केवल स्वयं ही उस कार में वे यात्रा करते हुए पाए जाते हैं। इससे पेट्रोल, डीजल एवं गैस की खपत में बेतहाशा बृद्धि दर्ज हुई है। द्वितीय विश्व युद्ध तक अमेरिका कच्चे तेल का एक निर्यातक देश हुआ करता था परंतु आज अमेरिका अपनी कच्चे तेल की कुल आवश्यकता का एक तिहाई भाग आयात करता है।

अमेरिका में वर्ष 2000 में विदेशी व्यापार घाटा 38,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो 2021 में बढ़कर 86,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। 1970 के दशक तक, लगभग प्रत्येक वर्ष, अमेरिका के पास विदेशी व्यापार आधिक्य हुआ करता था। परंतु, इसके पश्चात अमेरिका की स्थिति विदेशी व्यापार के मामले में लगातार बिगड़ती चली गई है।

# सबसे बड़ा बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास है तरंग शक्ति

- योगेश कुमार गोयल

भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति का आयोजन चल रहा है, जो भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास “तरंग शक्ति” का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। “तरंग शक्ति” वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस “वॉर एक्सरसाइज” में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की “सूर्य किरण टीम” ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में “तिरंगा” बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये उसे निहारता ही रह गया।

तरंग शक्ति के दौरान 9 सितंबर को तो जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने “तेजस” में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। “तरंग शक्ति” के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रायल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के “तरंग शक्ति” अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में “डिफेंस एक्सपो” शुरू होगा. जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

तरंग शक्ति का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दशार्या जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले सभी देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना, उन्हें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और परिचालन समन्वय में सुधार करने में सक्षम बनाना है। “तरंग शक्ति” में उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के अलावा रक्षा प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं और वायु अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों के रक्षाकर्मी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों का दौरा भी करेंगे।

“तरंग शक्ति” भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले रेड फ्लैग अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है। करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास “रेड फ्लैग 2024” के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था। इन आयोजित मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स एंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज युद्ध अभ्यास शामिल थे। अमेरिका द्वारा “रेड फ्लैग” अभ्यास वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है और इसके दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना के अलावा सिंगापुर वायुसेना, ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स, रॉयल नीदरलैंड्स वायुसेना और जर्मन लूफ्टवाफे ने भी हिस्सा लिया था। भारतीय वायुसेना ने रेड फ्लैग में पहली बार 8 राफेल लड़ाकू विमान तैनात किए थे, जिन्हें ट्रान्साटलांटिक यात्रा के लिए आईएल-78 मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ-साथ सी-17 ग्लोबमास्टर विमान की भी सहायता मिली थी।

भारतीय वायुसेना द्वारा इससे पहले 1 से 10 अप्रैल 2024 तक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए 10 दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास “गगन शक्ति-2024” भी आयोजित किया जा चुका है, जिसमें देश के सभी वायुसेना स्टेशन बारी-बारी से शामिल हुए थे। उस युद्धाभ्यास में करीब 11 हजार वायु सैनिकों ने हिस्सा लिया था। “गगन शक्ति-2024” में चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयारी का परीक्षण भी किया गया था। उस हवाई सैन्य अभ्यास में तेजस, राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिराज 2000, चिनूक, अपाचे, प्रचंड, ट्रांसपोर्ट विमान ग्लोबमास्टर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलस, सी-295 ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था। उस दस दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास में केवल भारतीय वायुसेना के ही सभी वायुसेना स्टेशन शामिल हुए थे जबकि तरंग शक्ति में दुनिया के कुछ प्रमुख देश भारतीय वायुसेना के साथ हिस्सा ले रहे हैं।

# हरियाणा चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

- ललित गर्ग

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन “आप” से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही “आप” को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि “आप” प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा।

हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे।

## आज का राशिफल

**मेष** — आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके कोष में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**तुला** — आपको अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ** — आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी आमदनी में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

**वृश्चिक** — कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है।

**मिथुन** — आज दिन सामान्य है और आपको हर कार्य में सामान्य रूप से सफलता प्राप्त होगी।

**धनु** — आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगा।

**कर्क** — आज दिन लाभ से भरा होगा और शुभ कार्य में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी।

**मकर** — आपके धन में वृद्धि होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

**सिंह** — आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा।

**कुंभ** — सफलता प्राप्त होने से हर्ष होगा। सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपको कर्म फल की सिद्धि प्राप्त होगी।

**कन्या** — काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको एक साथ कई सारी जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी।

**मीन** — आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए भाग्य में वृद्धि का दिन है।

## विशेष

### मोदी पहुंचे मुख्य न्यायाधीश के घर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गणेश पूजा की आरती करने के लिए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के घर पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने गणपति बप्पा की आरती की। मोदी महाराष्ट्र की वेशभूषा और टोपी लगाकरआरती करने के लिए पहुंचे थे। महाराष्ट्र में कुछ महीने के बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। सेबी सहित अन्य कई महत्वपूर्ण मामले सुप्रीम कोर्ट के पास लंबित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले बोल चुके हैं। यदि सुदामा चावल की पोटली लेकर भी जाएंगे, तो सुदामा पर भी आरोप लगा दिए जाएंगे। मुख्य न्यायाधीश के घर प्रधानमंत्री सुदामा बनकर चावल की पोटली लेकर पहुंचे हैं। इसकी तीव्र प्रतिक्रिया देश में शुरू हो गई है।

### रेलवे में रियायत नहीं

केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत 70 साल से अधिक के बुजुर्गों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा देने की घोषणा की है। बुजुर्गों के साथ केंद्र सरकार कोई भेदभाव नहीं करेगी। बुजुर्ग गरीब हो या अमीर, सभी को बिना किसी भेदभाव के लाभ मिलेगा। भारत में बुजुर्गों की आबादी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। भारत में बुजुर्ग अब बड़ा वोट बैंक बन गये हैं। बुजर्ग परिवार अन्य सदस्यों के वोट दिलाने में सहायक होते हैं। सरकार का फैसला राजनीतिक हितों का संवर्धन करना है। अवसर कैसे लेना है यह इस सरकार से अधिक और कोई नहीं जानता है। बुजुर्गों को रेलवे में किराए की जो 50 फीसदी छूट मिलती थी। उसकी नाराजगी बुजुर्गों में है। केंद्र सरकार कैसे दूर करती है। इसका इंतजार बुजुर्ग बड़ी तेजी के साथ कर रहे हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1500: एड्रो अल्वारेज कैब्राल ने कालीकट पहुंचने के बाद यूरोपीय देशों का पहला कारखाना लगाया. 1586: ब्रिटेन की रानी एलिजाबेथ प्रथम की हत्या की साजिश के सिलसिले में एंथोनी बैरिंगटन और उनके सहयोगियों पर मुकद्दमा चला. 1929: प्रसिद्ध क्रांतिकारी जतीन्द्र नाथ दास का निधन 63 दिन भूख हड़ताल के बाद हुआ. 1943: च्यांग काई शेक चीन के राष्ट्रपति बने. 1948: हैदराबाद के खिलाफ पुलिस कार्यवाही की गई. 1966: बी.जे.वोर्सटर दक्षिण अफ्रीका के प्रधानमंत्री बने. 1970: इजरायल ने अधिकृत जार्डन से 450 अरबों को गिरफ्तार कर उन्हें छापामारों द्वारा बंधक बनाए. गए इजरायलियों के बदले रिहा करने की घोषणा की. 1975: अमरीकी रक्षा विभाग ने यूरोप में अपने आठ हजार सैनिकों की वापसी की योजना रद कर दी.

## दैनिक पंचांग

**13 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 257 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल **तिथि** दशमी 22.31 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 21.36 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 20.48 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 11.08 बजे तदनन्तर गर 22.31 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 09.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 41' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872101 **जूलियन दिन** 2460566.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 09 **विशेष** स्वामी ब्रह्मानंद लोधी निवार्ण दिवस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.05 बजे से |
| चंद्र | धनु में | तुला | 08.16 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.30 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.46 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.51 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 16.38 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.11 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.41 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 21.21 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.19 बजे से |
| 10.30 से | | कर्क | 01.33 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | सिंह | 03.49 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# किडनी स्टोन के इन लक्षणों को न करें अनदेखा

**किडनी स्टोन होने पर कुछ लोगों को यूरिन करने के दौरान ब्लीडिंग होने लगती है। इस लक्षण को हेमाट्यूरिया भी कहा जाता है। किडनी स्टोन होने पर शरीर कुछ शुरुआती संकेत देना शुरू कर देता है, जिनकी अनदेखी बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। किडनी स्टोरी (किडनी स्टोन) को मेडिकल भाषा में नेफ्रोलिथ या रीनल कैलकुली के नाम से भी जाना जाता है। इस बीमारी में पानी कम पीने के कारण यूरिन नली पथरी के टुकड़े बन जाते है, जिन्हें किडनी स्टोन कहा जाता है। शरीर में कैल्शियम या यूरिक एसिड की अधिकता के कारण भी किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है।**

अनियमित दिनचर्या और खानपान में लापरवाही के कारण आजकल लोग कई तरह की बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। इसमें किडनी स्टोन की समस्या भी काफी गंभीर है। किडनी स्टोरी (किडनी स्टोन) को मेडिकल भाषा में नेफ्रोलिथ या रीनल कैलकुली के नाम से भी जाना जाता है। इस बीमारी में पानी कम पीने के कारण यूरिन नली पथरी के टुकड़े बन जाते है, जिन्हें किडनी स्टोन कहा जाता है। इसके अलावा शरीर में कैल्शियम या यूरिक एसिड की अधिकता के कारण भी किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है। किडनी स्टोन होने पर शरीर कुछ शुरुआती संकेत देना शुरू कर देता है, जिनकी अनदेखी बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए।

### पीठ, पेट या बाजू में दर्द

यदि आपको बार-बार पसलियों के नीचे, बाजू और पीठ पर दर्द हो रहा है तो यह किडनी स्टोन होने का शुरुआती संकेत हो सकता है। किडनी स्टोन का दर्द पेट और कमर तक फैलता है।

### यूरिन करते समय दर्द या जलन

कुछ लोगों को यूरिन करते समय तेज दर्द या जलन भी महसूस होती है। जब किडनी स्टोन यूरेटर और ब्लैडर के बीच पहुंच जाता है तो पेशाब करते समय अत्यधिक दर्द होने लगता है। कई बार लोग इसे यूरिनरी इन्फेक्शन समझ कर अनदेखा कर देते हैं। किडनी स्टोन होने पर बार बार बाथरूम जाने की भी जरूरत महसूस होती है।

### यूरिन के दौरान ब्लीडिंग

किडनी स्टोन होने पर कुछ लोगों को यूरिन करने के दौरान ब्लीडिंग होने लगती है। इस लक्षण को हेमाट्यूरिया भी कहा जाता है। इस दौरान यूरिन में तीखी बदबू भी आती है। किडनी स्टोन होने पर मतली और उल्टी होना आम बात है।

### बार-बार बुखार से साथ ठंड लगना

किडनी स्टोन होने पर बार-बार बुखार और ठंड लगने जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। किडनी स्टोन के अलावा यह लक्षण अन्य गंभीर समस्याओं का भी संकेत हो सकता है। इसलिए बुखार आने के साथ तेज ठंड लगे तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।



# हल्दी से हल करें सेहत से जुड़ी ये परेशानियां

**क्या आप रोजमर्रा की छोटी-मोटी समस्याओं का इलाज घर पर ही करना चाहती हैं? लेकिन आपको इस बारे में सही जानकारी नहीं है कि परेशानी होने पर किस चीज का इस्तेमाल किया जाए**

जब सब्जियां काटते समय आपकी उंगली कट जाए या जब आपका बच्चा साइकिल चलाते समय गिरकर घायल हो जाता है या जब आप गार्डनिंग करते समय घायल हो जाते हैं, तो आप क्या करते हैं?

डॉक्टर के पास जाने से पहले हम जो पहला काम करते हैं, वह फर्स्ट एड लेना है। आपकी किचन में फर्स्ट एड किट की यह 1 चीज मौजूद है। अगर आप अभी तक इसके बारे में नहीं जानते हैं, तो अपना किचन कैबिनेट खोलें और इसमें रखी हल्दी का इस्तेमाल करें। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बायोटिक और हीलिंग जैसे अद्भुत गुण होते हैं, इसलिए इसे सबसे अच्छी फर्स्ट एड मेडिसिन माना जाता है। हमारे घरों में मामूली घाव, कटने, जलने और खरोंच के इलाज के लिए इसका इस्तेमाल लंबे समय से कई तरीकों से किया जा रहा है।

सर्दी-जुकाम और पेट दर्द को दूर भगाने के लिए भी आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। बीमारियों को दूर भगाने के लिए हल्दी का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है? आइए इसके बारे में आयुर्वेदिक एक्सपर्ट जीतूंचदन बता रही हैं।

एक्सपर्ट का कहना है, हल्दी कई रोगों का रामबाण इलाज है, इसलिए आपको इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। यह लिवर को डिटॉक्स करती है और इसे अच्छी तरह से काम करने में मदद करती है। यह न्यूरोडीजेनेरेटिव डिसऑर्डर जैसे अल्जाइमर (यह समस्या तब होती है, जब तंत्रिका तंत्र में तंत्रिका कोशिकाएं समय के साथ काम करना बंद कर देती हैं) से सुरक्षा देती है। साथ ही, हल्दी डायबिटीज को कंट्रोल करती है और मेटाबॉलिज्म को मजबूत बनाती है। इसके अलावा, यह पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करती है।

### दांतों की समस्याओं का इलाज

हल्दी एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-सेप्टिक होती है। इसकी मदद से आप दांतों की समस्याओं को दूर कर सकती हैं। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन से मसूड़ों में सूजन और दर्द को दूर किया जा सकता है। यह दांतों से प्लैक और बैक्टीरिया हटाती है और इससे दांतों को सफेद बनाया जा सकता है। साथ ही, इनेमल की समस्या को दूर किया जा सकता है। एक चम्मच सरसों के तेल में आधा चम्मच नमक और थोड़ी सी हल्दी मिलाएं। इसे अपने दांतों और मसूड़ों पर दिन में दो बार मसाज करें।

### जलने का इलाज


हल्दी में मौजूद करक्यूमिन दर्द और घाव दोनों के इलाज की सबसे अच्छी दवा है। इसमें भी एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं, जो जलन कम करने में मददगार होते हैं। यह औषधीय जड़ी-बूटी कटने, जलने और खरोंच के लिए एंटी-सेप्टिक के रूप में काम करती है। जलने पर तुरंत ठंडा पानी डालें, फिर चुटकी-भर हल्दी पाउडर के साथ ताजा एलोवेरा जेल को मिक्स करके लगाएं।

### दर्द का इलाज

हल्दी का इस्तेमाल खाने का रंग और स्वाद बढ़ाने के साथ ही खूबसूरती बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह सेहत के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होती है। यह बात तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हल्दी से दर्द को भी दूर किया जा सकता है।

हल्दी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर के फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं। साथ ही इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों के साथ प्रोटीन, विटामिन-सी, के, फाइबर, पोटैशियम, कैल्शियम, कॉपर, आयरन और जिंक मौजूद होते हैं। हल्दी में पाया जाने वाला करक्यूमिन घुटने और जोड़ों के दर्द को दूर करता है।

दर्द और सूजन को दूर करने के लिए हल्दी वाला दूध पिएं। इसके लिए 1 चम्मच हल्दी और 2 चम्मच अदरक का पाउडर मिक्स करें। फिर इस पेस्ट को दर्द वाले हिस्से पर लगाएं।



# च्युइंग गम चबाने से दूर हो सकती है एसिडिटी

**क्या आप भी एसिड रिफ्लक्स के कारण परेशान रहते हैं। बार-बार खट्टी डकार और सीने में जलन के कारण असहजता महसूस होती है। आपको च्युइंग गम चबाने से फायदा मिल सकता है।**

एसिड रिफ्लक्स डाइजेशन से जुड़ी समस्या है। जिससे सीने में जलन होता है,खट्टी डकार आती है। दरअसल ऐसा तब होता है जब भारी भोजन करने के बाद आप तुरंत बिस्तर पर लेट जाते हैं। इस कारण पेट का एसिड भोजन नली में वापस आने लगता है। एसिड आपके अन्नप्रणाली के अंदर ऊतकों को परेशान और उत्तेजित करता है,जो आपके पेट से आपकी छाती से होते हुए आपके गले तक चला आता है। इससे काफी असहजता महसूस होती है। कभी कभी तो यह तुरंत ठीक हो जाता है लेकिन कभी कभी व्यक्ति बहुत परेशान हो जाता है। अगर आप भी एसिडिटी से ऐसे ही परेशान रहते हैं तो च्युइंग गम चबाने से आपको आराम मिल सकता है।

### एसिड रिफ्लक्स के लक्षण

- हार्ट बर्न
- मुंह में खट्टे स्वाद वाला तरल पदार्थ आना
- ब्लोटिंग
- बार-बार खट्टी डकार आना
- गले में कुछ अटका हुआ महसूस होना
- बार-बार हिचकियां आना

### च्युइंग गम चबाने से दूर हो सकती है एसिडिटी

- च्युइंग गम चबाने से एसिडिटी की समस्या में राहत मिल सकती है। दरअसल जब आप च्युइंग गम चबाते हैं तो इससे स्लाइवा का उत्पादन ज्यादा होता है। च्यूइंगम लार के उत्पादन को उत्तेजित करता है,जो पेट के एसिड को बेअसर करने और एसिड रिफ्लक्स के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।
- लार में बाइकार्बोनेट होता है जो नेचुरल एसिड बफर के रूप में काम करता है।
- वहीं च्युइंग गम कुछ लोगों में निगलने को प्रोत्साहित करता है। इससे इसोफेगस से एसिड साफ करने में मदद मिलती है।
- वहीं च्यूइंगम में सूदिंग इफेक्ट होता है जो एसिड रिफ्लक्स के कारण होने वाली असुविधा को कम करने में मदद कर सकता है। इससे जलन में राहत मिलती है।
- एक्सपर्ट की माने तो इससे जलन में राहत मिलती है। च्युइंग गम चबाने से आपकी लार अधिक क्षारीय हो जाती है जो आपके पेट में एसिड को बेअसर कर सकता है।

# फायदे के लिए खाते हैं दलिया तो इसके नुकसान भी जान लीजिए

**दलिया में मौजूद हाई फाइबर और खनिज तत्वों के कारण इसका अधिक सेवन नुकसानदेह साबित हो सकता है, खासकर कुछ स्वास्थ्य परिस्थितियों में यह हानिकारक साबित होता है।**

दलिया का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है, खासतौर पर वजन कम करने और पाचन को दुरुस्त करने के लिए दलिया बेहद लाभकारी साबित होती है। लेकिन कहते हैं न कि अति किसी भी चीज की बुरी होती है, दलिया के अधिक सेवन पर भी यह बात लागू होती है। जी हां, अगर आप भी हेल्दी मील मानकर दलिया का अधिक से अधिक सेवन कर रहे हैं तो आपको इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जान लेना चाहिए।

दलिया में कई तरह के विटामिन और खनिज तत्वों के साथ ही हाई फाइबर पाए जाते हैं, जिसके चलते ये सेहत के लिए लाभकारी मानी जाती है। पर इसमें मौजूद हाई फाइबर के कारण इसका अधिक सेवन नुकसानदेह साबित हो सकता है।

### पेट की समस्याएं

दलिया के अधिक सेवन करने से पेट में गैस, दर्द और ऐंठन की समस्या हो सकती है। ऐसे में जिस लोगों को पेट की समस्याएं होती हैं, उनके लिए दलिया का अधिक सेवन हानिकारक साबित हो सकती है। इसके कारण आंत में सूजन की समस्या हो सकती है।


### शरीर में सूजन

हाई फाइबर की मौजूदगी के कारण दलिया के अधिक सेवन से शरीर में सूजन की समस्या हो सकती है। इसके अलावा आवश्यकता से अधिक दलिया खाने से दस्त और उल्टी जैसी दिक्कतें भी पेश आ सकती हैं। इसलिए इनसे बचने के लिए जरूरी है कि दलिया का सेवन सीमित मात्रा में किया जाए। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि हर रोज 85 से 200 ग्राम के लगभग दलिया का सेवन किया जा सकता है। हालांकि व्यक्ति विशेष की शारीरिक परिस्थिति के अनुसार इसकी मात्रा अलग हो सकती है, जिसके बार में उचित सलाह डॉक्टर शारीरिक परिक्षण के आधार पर दे सकते हैं। इसलिए अगर आपको किसी तरह की शारीरिक समस्या है तो आप इस बारे चिकित्सकीय सलाह ले सकते हैं। वहीं दलिया खाने से होने वाले नुकसान से बचने के लिए जरूरी है कि इसके दिन के मुख्य भोजन में शामिल करने के बजाय सुबह के नाश्ते में इसका सेवन करें। इससे दलिया का पूरा पोषण शरीर को मिलेगा, साथ इसका दुष्प्रभाव भी कम होगा।

### किडनी संबंधी रोग

दलिया में फास्फोरस जैसा खनिज तत्व काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो किडनी की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। ऐसे में जिन लोगों को किडनी संबंधी समस्या है उन्हे दलिया का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।





# इन वजहों से आपको रोज खाने चाहिए अंगूर

**अंगूर टेस्टी ही नहीं, बल्कि सेहतमंद भी होता है। आयुर्वेद में भी इसके गुणों को माना गया है। इसे रोज डाइट में शामिल कर आपको कई फायदे मिल सकते हैं।**

फल और सब्जियां सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। इनमें मौजूद गुण डाइजेशन, स्किन, दिल और भी कई चीजों के लिए लाभकारी होते हैं। इसलिए, हमेशा डाइट में इन्हें शामिल करे की सलाह दी जाती है। खासकर, मौसमी फल और सब्जियां आपको कई तरह से फायदा पहुंचा सकते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, दिन में एक मौसमी सब्जी और फल को जरूर खाना चाहिए। सर्दियों में मिलने वाला अंगूर टेस्टी ही नहीं, बल्कि सेहतमंद भी होता है। आयुर्वेद में भी इसके गुणों को माना गया है। इसे रोज डाइट में शामिल कर आपको कई फायदे मिल सकते हैं। अंगूर खट्टे-मीठे होते हैं और इसके टेस्ट के हिसाब से इसका शरीर में मौजूद तीनों दोषों पर अलग-अलग असर होता है।

- एक्सपर्ट का कहना है कि आपको मीठे अंगूर खाने चाहिए क्योंकि ये वात और पित्त दोष को बैलेंस करते हैं। वहीं, खट्टे अंगूर कफ और पित्त दोष को बढ़ाते हैं।
- अंगूर में लैक्सेटिव गुण पाए जाते हैं। ये बाउल मूवमेंट को आराम देने में मदद करते हैं।
- ये आंखों के लिए भी बहुत अच्छे होते हैं औ शरीर को पोषण देते हैं।
- अंगूर में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन बी 1, कैल्शियम पाया जाता है।
- अंगूर में ऐफ्डिजीऐक गुण भी पाए जाते हैं। ये सेक्सुअल हेल्थ (सेक्स लाइफ के लिए जरूरी विटामिन्सम) के लिए भी अच्छे होते हैं।
- अंगूर में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। सर्दियों में अक्सर पानी की कमी हो जाती है, इसलिए ये शरीर को अंदर से हाइड्रेशन देते हैं।
- आयुर्वेद की कई दवाईयों में भी सूखे अंगूरों का इस्तेमाल होता है।
- ये दिमाग को भी आराम देते हैं और मेमोरी को बूस्ट करने में मदद करते हैं।
- सूखी हुई अंगूर यानी किशमिश भी सेहत के लिए फायदेमंद होती है।

# कॉफी ही नहीं इन चीज़ों से भी मिलती है इंस्टेंट एनर्जी



ज्यादा काम करने से कई बार शरीर में थकान आ जाती है। ऊर्जा की कमी हो जाती है। शरीर में ताजगी बनाए रखने के लिए लोग अक्सर चाय या कॉफी पर डिपेंड रहते हैं। दिन भर में 3 से 4 कप कॉफी पी लेते हैं, लेकिन जरूरत से ज्यादा कैफीन का सेवन करने से आपको दिक्कत हो सकती है। इसके कारण नींद संबंधी समस्याएं भी हो जाती है। ऐसे में आप इंस्टेंट एनर्जी पाने के लिए कॉफी की जगह पर एक्सपर्ट के बताए इन चीजों का सेवन कर सकते हैं। इससे एनर्जी भी मिलती है और शरीर को काफी फायदा भी पहुंचता है। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट रिचा दोषी जानकारी दे रही हैं।

इंस्टेंट एनर्जी देते हैं ये खाद्य पदार्थ

**खजूर** – इंस्टेंट एनर्जी के लिए आप खजूर का सेवन कर सकते हैं। इसमें नेचुरल ग्लूकोज,फक्टोज और सुक्रोज पाया जाता है जिससे आपको तुरंत एनर्जी मिलती है। इसकी उच्च फाइबर और कार्बोहाइड्रेट सामग्री से एनर्जी का बढ़िया स्रोत बनाती है। इसमें आयरन होता है जो शरीर में सही ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देता है।

**केला** – केले को एनर्जी का पावर हाउस कहा जाता है। इसे खाने से आपको इंस्टेंट एनर्जी मिलती है। इसमें विटामिन,खनिज और अच्छे कार्ब्स हैं जो आप को तुरंत ऊर्जा देते हैं। इसमें मौजूद पोटेशियम मांसपेशियों को रिलैक्स करता है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम दिमाग को रिलैक्स करता है और ब्रेन फंक्शन को बढ़ावा मिलता है। ऐसे में आपको कभी भी कमजोरी या एनर्जी की कमी महसूस हो आप केले के सेवन से फायदा पा सकते हैं।

**दही, बीज और किशमिश** – एक्सपर्ट के मुताबिक दही में सीड्स और किशमिश डालकर खाने से भी तुरंत ऊर्जा मिलती है। किशमिश आयरन,फाइबर और कैल्शियम से भरपूर होता है। वहीं दही में भी फाइबर,कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट होता है। बीज में आप कद्दू,सूरजमुखी या अलसी के बीज मिला सकते हैं। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है। कुल मिलाकर ये कॉम्बिनेशन एनर्जी का बेहतरीन स्रोत माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आय से अधिक संपत्ति का मामला:एसीबी ने हाईकोर्ट में कहा- पूर्व मंत्री लुईस मरांडी का पैन नंबर गलत निकला

रांची, एजेंसी। रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले की जांच में नया खुलासा हुआ है। एसीबी ने बुधवार को हाईकोर्ट को दिए शपथ पत्र में बताया कि पूर्व मंत्री डॉ. लुईस मरांडी द्वारा दिया गया पैन नंबर सत्यापन में गलत निकला। एसीबी ने बताया कि पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुईस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ अलग-अलग पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। सरकार से अनुमति मिलने के बाद जांच की जा रही है। इससे पहले की सुनवाई में हाईकोर्ट ने एसीबी को यह बताने को कहा था कि उसकी जांच कहां तक पहुंची है। जांच में क्या-क्या मिला है। पंकज कुमार यादव ने हाईकोर्ट में इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की थी। आरोप था कि इन मंत्रियों की 2014 के मुकाबले 2019 में 200 से 1100 फीसदी संपत्ति बढ़ गई। यह केवल वेतन से नहीं हो सकता। उन्होंने मामले की सीबीआइ जांच कराने का आग्रह किया था। इसी बीच सरकार ने वर्ष 2022 में इस मामले की एसीबी जांच का आदेश दिया। फिर पीई दर्ज कर इन्हें नोटिस भेजा गया था। साथ ही संपत्ति की जांच के लिए रांची निबंधन कार्यालय से भी जानकारी मांगी गई थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

### बंग्लादेशी घुसपैठिये के मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई आज, केंद्र सरकार से अदालत ने मांगा है जवाब

रांची, एजेंसी। झारखंड हाईकोर्ट में बंग्लादेशी घुसपैठिये के मुद्दे पर गुरुवार को एक बार फिर सुनवाई होगी. अदालत ने केंद्र सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है. एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत में इस पर सुनवाई होनी है. गौरतलब है कि दानियल दानिश ने जनहित याचिका दायर कर बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश को रोकने की मांग की थी. दायर याचिका में कहा गया था कि साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा जिले में बड़े पैमाने पर बंग्लादेशी घुसपैठ हो रहा है. इससे पहले 5 सितंबर को अदालत ने संताल परगना के कई इलाकों में हो रहे अवैध प्रवासियों के घुसने पर जनसंख्या में हो रहे बदलाव को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई की. सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता इस सुनवाई के दौरान वर्चुअल रूप से जुड़े थे. उन्होंने कहा था कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश की अलार्मिंग स्थिति है. यह काफी गंभीर मामला है. घुसपैठिये झारखंड के जरिये देश के अन्य राज्यों में प्रवेश कर वहां की आबादी को भी प्रभावित करेंगे. इससे पहले तुषार मेहता ने बताया था कि केंद्र सरकार इस मामले में है. इस संवेदनशील विषय पर केंद्र सरकार अपने सभी स्टेक होल्डर जैसे बीएसएफ, आइबी आदि से विचार-विमर्श कर एक कॉम्प्रिहेंसिव जवाब दायर करेगी. झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार को आवेदन दायर करने का निर्देश दिया था. बता दें कि राज्य सरकार की तरफ से उनका पक्ष महाधिवक्ता राजीव रंजन रख रहे हैं.

### करीबी ने लगाया 26 लाख का चूना, पोर्ट कराने के बहाने लिया फोन और पैसे निकाल कर खेल गया जुआ

रांची, एजेंसी। साइबर अपराध थाने की पुलिस ने 26 लाख 13 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले के एक आरोपित प्रदीप कुमार महतो को गिरफ्तार कर लिया है। वह रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के हेसगार्हा पुंडी का रहने वाला है ।वह छिपकर हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र के कोलंबस कॉलेज के पीछे आनंदपुरी में रहता था और ठेकेदारी करता था। उसने शिकायतकर्ता का मोबाइल जियो से एयरटेल में पोर्ट कराने के लिए लिया था और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर राशि का हस्तांतरण कर लिया था। वह पैसा उसने जुआ में लगा दिया था। पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल, एक सिमकार्ड, पांच एटीएम, तीन पासबुक, दो पैन कार्ड व एक आधार कार्ड बरामद किया है। शिकायतकर्ता रामगढ़ के व्यवसायी सोहराई महतो हैं। उन्होंने 10 जून 2024 को साइबर अपराध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।आरोपित व्यवसायी का परिचित है। उक्त नंबर को एयरटेल में पोर्ट कराकर आरोपित ने अपने एक मजदूर के नाम पर करवा दिया। इसके बाद नंबर का इस्तेमाल कर व्यवसायी के खाते से इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सभी रुपये हस्तांतरित कर लिए।

# बीजेपी और कांग्रेस की स्क्रीनिंग शुरू, आपस में ही भिड़े कार्यकर्ता

रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए सभा पार्टियों ने अपनी ताकतें झोंक दी है. भाजपा और कांग्रेस ने एक तरफ जहां स्क्रीनिंग शुरू कर दी है. तो वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने भी अपना फोकस कोल्हान की तरफ दे दिया है. बुधवार को बीजेपी ने जहां राज्य के 81 विधानसभा सीटों के लिए कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की. इस दौरान कई जगहों पर बीजेपी कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गये. वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस की बात करें तो पार्टी की स्क्रीनिंग कमेट झारखंड पहुंची चुकी है. वे रांची, पलामू, हजारीबाग और धनबाद में पार्टी नेताओं के साथ संभावित प्रत्याशी को लेकर चर्चा करेगी.

आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर भाजपा की ओर से बुधवार को 81 विधानसभा में रायशुमारी की गयी. धनबाद, हजारीबाग व विश्रामपुर विधानसभा में रायशुमारी के दौरान जम कर हंगामा की सूचना मिली है. अपने-अपने प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये. पर्यवेक्षक



के हस्तक्षेप के बाद रायशुमारी की प्रक्रिया पूरी की गयी. हालांकि अन्य विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से रायशुमारी होने की सूचना है. धनबाद में एलबी सिंह व विधायक राज सिन्हा के समर्थकों ने बीच हंगामा हुआ. यहां पर कार्यकर्ताओं ने पैसा लेकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में राय देने का आरोप लगा रहे थे.

हजारीबाग में कार्यकर्ताओं की सूची में छेड़छाड़ को लेकर कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया. विश्रामपुर में एक संभावित प्रत्याशी की ओर से विजिटिंग कार्ड वितरित किये जाने को लेकर हंगामा हुआ. इधर रांची, हटिया, कांके, खिजरी विधानसभा में शांतिपूर्ण तरीके से रायशुमारी हुई. रांची में पर्यवेक्षक के रूप में गीता बलमुचु, जटाशंकर पांडेय ने प्रक्रिया पूरी करायी.

खरसावां में आरती सिंह व केके गुप्ता, सरायकेला में आदित्य साहू व नरेंद्र पांडेय, बहरागोड़ा में जवाहर पासवान व कृपाशंकर सिंह, हजारीबाग में गीता कोड़ा व सुमित पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे. प्रत्येक विधानसभा में लगभग 200-300 कार्यकर्ताओं ने रायशुमारी में हिस्सा लिया. साथ ही प्रत्याशी के तौर पर तीन-तीन की पर्ची जमा करायी. रायशुमारी के बाद सभी सीलबंद बॉक्स को प्रदेश भाजपा कार्यालय में जमा कराया गया है.

कांग्रेस में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. हर सीट से दावेदारों की लंबी लिस्ट है. स्क्रीनिंग कमेटी झारखंड पहुंच गयी है. स्क्रीनिंग कमेटी के संयोजक गिरीश चोड़ानकर, प्रकाश जोशी और पूनम पासवान पहुंच गये हैं. स्क्रीनिंग कमेटी रांची, पलामू, हजारीबाग और धनबाद में पार्टी नेताओं के साथ संभावित प्रत्याशी को लेकर चर्चा करेगी. संभावित प्रत्याशी भी अपना पक्ष स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष रखेंगे.

रांची, पलामू, हजारीबाग और धनबाद जिला के विधानसभा सीटों पर रायशुमारी होगी. इसमें दावेदारों की जमीनी ताकत का आकलन स्क्रीनिंग कमेटी करेगी. पार्टी के पदाधिकारियों से वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास होगा. जिलाध्यक्षों से मिली सूची का सबसे पहले स्क्रीनिंग कमेटी समीक्षा करेगी. पिछले चुनाव परिणाम का भी आकलन होगा.

## दिउड़ी मंदिर विवाद मामले में आदिवासी महाजुटान, 29 सितंबर को जनाक्रोश महारैली की घोषणा



रांची , एजेंसी।रांची के तमाड़ स्थित प्राचिन कालीन दिउड़ी मंदिर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पांच सितंबर को ग्रामीणों ने मंदिर पर ताला बंदी कर दी थी। मंदिर परिसर में बैठक कर ट्रस्ट के विरोध में भड़काऊ भाषण दिये गये थे। इसके बाद पुलिस ने 18 लोगों पर नामजद और 100 अज्ञात लोगों के पर मामला दर्ज कराया था। दो आरोपी राधाकृष्ण मुंडा और पूर्ण चंद्र मुंडा को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

आज बुधवार को पतरा मैदान में आदिवासी महाजुटान हुआ। इसमें सरना धर्म के गुरु बंधन तिग्गा, देवकुमार धान, प्रेम शाही मुंडा भी शामिल हुए। पांचवीं अनुसुची, सीएनटी और ग्रामसभा का हवाला देते हुए मंदिर के जमीन पर फिर से मालिकाना हक जताया गया। वहीं ट्रस्ट पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बिना ग्रामसभा की अनुमति के ट्रस्ट का निर्माण कैसे हुआ। इस बैठक में धर्म गुरु बंधन तिग्गा, देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा के अलावा लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, सुरेश सोय, एलेन उरांव, दिनकर कश्यप, कुंदर्शी मुंडा, सेलिना लकड़ा, पंचानंद सिंह मुंडा, सिदाम सिंह मुंडा, सोबरन मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## कई सरकारी वेबसाइट सालों से अपडेट नहीं, एक्सटर्नल लिंक भी नहीं करता काम

रांची, एजेंसी। आज जहां पूरी दुनिया इ-गवर्नेंस पर काम कर रही है, वहीं हमारे झारखंड में इ-गवर्नेंस का हाल कुछ अच्छा नहीं है. राज्य सरकार के अधिकांश विभागों की वेबसाइट कई महीनों ही नहीं, बल्कि सालों से अपडेट नहीं की गयी हैं. अगर कोई व्यक्ति सरकार की योजनाओं या सरकार के वर्तमान सर्कुलर, नोटिफिकेशन या टेंडर की जानकारी ऑनलाइन लेना चाहे, तो यह मुमकिन नहीं है. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने इ-गवर्नेंस को लेकर काफी काम किया था. उस वक्त कुछ दिनों तक ये वेबसाइट बेहतर तरीके से अपडेट किये गये, लेकिन आज भी कई वेबसाइट ऐसे हैं, जहां 2021, 2022 के बाद के कागजात, रिपोर्ट अपडेट ही नहीं हैं. झारखंड सरकार की अपनी एक वेबसाइट है. इससे सारे विभाग जुड़े हैं. उन विभागों में एक्सटर्नल लिंक दिया गया है. एक्सटर्नल लिंक से लोग उस विभाग से जुड़ी अन्य वेबसाइट पर जा सकते हैं. मगर लिंक से विभागों की वेबसाइट नहीं खुलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

झारखंड सरकार के कई विभाग ऐसे भी हैं, जिसकी वेबसाइट पूरी तरह अपडेट हैं. विभाग की वेबसाइट में हर जानकारी उपलब्ध है. हर एक्सटर्नल टैब खुलते हैं. झारखंड पुलिस, आइपीआरडी व उच्च शिक्षा विभाग आदि विभागों की वेबसाइट पूरी तरह अपडेट हैं.

इस वेबसाइट में नोटिस व अधिसूचना को अंतिम बार 10.12.2021 को अपडेट किया गया है. सर्कुलर भी अंतिम बार 07.10.2020 में अपडेट किया गया है. इस वेबसाइट में कई ऐसे भी डॉक्युमेंट्स है, जिसमें ना तो इशू नंबर है और ना तारीख.इस वेबसाइट में मंत्री की तस्वीर भी अपडेट नहीं है. 20.07.23 में पास हुए सेक्शन ऑर्डर को 08.02.2024 में ही अपलोड किया गया है. 20.07.2023 में पास हुए टेंडर ऑर्डर को भी भी08.02.2024 को अपलोड किया गया. प्रशासनिक अधिसूचना भी अंतिम बार 9.3.22 को अपलोड किया गया. वेबसाइट का रिसेंट टैब भी नहीं खुलता है.इसकी वेबसाइट में 12 मार्च 2024 को हुई बैठक को 12 जुलाई 2024 को अपलोड किया गया.

## जन शिकायत निवारण कैंप : थानों में केस दर्ज नहीं होने के बाद कैंप पहुंचे, 9 मामलों में वहीं दर्ज हुई प्राथमिकी

रांची, एजेंसी। थाना में शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से लोगों में बढ़ती नाराजगी के बाद डीजीपी के निर्देश पर बुधवार को भी रांची जिले में 5 जगहों पर जन शिकायत निवारण कैंप लगाया गया। इसमें ज्यादातर जमीन विवाद से जुड़े मामले आए। अपनों की प्रताड़ना, पति-पत्नी में विवाद, गुमशुदगी और ठगी जैसे मामले भी लोगों ने पुलिस के सामने रखे।

रांची जिले में 5 जगहों पर लगाए गए कैंपों में कुल 325 मामले पहुंचे। इनमें 9 मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इसमें यह जानकारी मिली कि पहले वे अपनी शिकायत लेकर थाने गए थे, पर मामला दर्ज नहीं किया गया। उन्हें थाने से ही लौटा दिया गया था। कैंप में थाना प्रभारी भी मौजूद थे।

वरीय अधिकारियों ने चेतावनी दी कि आइंदा ऐसी शिकायत आई तो कड़ी कार्रवाई होगी। इसके अलावा कैंप में आए ज्यादातर मामलों में पुलिस ने जांच के बाद उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर आवेदन ले लिया। वहीं कुछ मामलों में कोर्ट जाने की भी सलाह दी गई। इटकी और पिठोरिया थाना परिसर में कैंप आज : डीजीपी के निर्देश पर गुरुवार को ईटकी और पिठौरिया थाना परिसर में जन शिकायत निवारण कैंप लगाया जाएगा, जहां लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।



बड़े भाई का देहांत होते ही विवाहित बहन अपनी ससुराल जमशेदपुर से धुर्वा साइट-4 स्थित अपने मायके पहुंची और संपत्ति पर दावा ठोंकने लगी। भाई का श्राद्ध कर्म भी नहीं हुआ और छोटी बहन ने संपत्ति के लिए हंगामा शुरू कर दिया। मृतक का बेटा आयुष उपाध्याय परेशान होकर बुधवार को सफेद वस्त्र में ही जगन्नाथपुर थाना स्थित जन शिकायत निवारण कैंप पहुंचा और पूरे मामले की जानकारी दी।

कैंप में मौजूद सभी लोग सफेद वस्त्र में युवक को देखकर परेशान हो गए। जब उसने पूरी बात बताई तो लोग सन्न रह गए। थानेदार दिग्विजय सिंह ने पहले दोनों पक्षों की पूरी बात सुनी। इसके बाद मृतक की बहन से संपत्ति के कागजात मांगे, लेकिन वह कुछ भी नहीं दिखा पाई। काफी देर तक जब लोगों ने उसे समझाया तो वहां से चली गई। इसके बाद आयुष और उसके परिजन भी अपने घर चले गए।

तुपुदाना इलाके में रहने वाले साकेत कुमार का मोबाइल फोन गुम हो गया था। वे काफी परेशान थे। साकेत लगातार पुलिस से संपर्क कर अपना मोबाइल ढूंढने का आग्रह कर रहे थे। पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और मोबाइल बरामद कर लिया। इसके बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी दुलाल महतो ने कैंप में साकेत को बुलाकर उसका मोबाइल सौंप दिया। मोबाइल मिलने के बाद साकेत हंसते हुए कैंप से बाहर निकले।हटिया स्थित प्रगति नगर निवासी कौशल्या देवी कैंप पहुंची और अपनी पीड़ा बताते हुए काफी भावुक हो गई। उसने कहा कि पड़ोसी खुद को पुलिसवाला बताकर उन्हें परेशान कर रहा है। खुद के घर का गंदा पानी उनके घर की ओर बहा रहा जिसे मना करने पर खुद को पुलिस वाला बताकर धमकी देता है।

## झारखंड में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर हाईकोर्ट गंभीर, गृह सचिव और डीजीपी तलब, 18 सितंबर को अदालत में होना है हाजिर



रांची, एजेंसी। रांची के तमाड़ की नाबालिग का ट्रक ड्राइवर द्वारा अपहरण और दुष्कर्म, रिम्स की लिफ्ट में महिला डाक्टर से छेड़खानी, जमशेदपुर में स्कूल वैन में ड्राइवर के द्वारा तीन वर्ष का छात्रा के साथ यौन शोषण के मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

बुधवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने राज्य के गृह सचिव, नगर विकास सचिव, पुलिस महानिदेशक, रांची के उपायुक्त और रांची नगर निगम के प्रशासक को 18 सितंबर को अदालत में हाजिर होकर जवाब देने का निर्देश दिया है।

अदालत ने अधिकारियों को यह बताने को कहा है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न और अपराध की घटना सरकार के प्रयास के बाद भी क्यों नहीं रूक रही है। अदालत ने कहा कि स्कूल बसों में बच्चे आना-जाना करते हैं।बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना न हो इसके लिए स्कूल प्रबंधन को बस में एक-दो स्कूल स्टाफ का रखना जरूरी है, ताकि ऐसी घटनाओं की रोका जा सके।अदालत ने कहा कि महिलाएं घर से काम करने के लिए निकलती हैं, लेकिन जब तक उन्हें बाहर सुरक्षा नहीं मिलेगी तब तक महिलाएं कैसे भयमुक्त हुए काम कर सकेंगी। इस संबंध में अधिवक्ता भारती कौशल ने जनहित याचिका दायर की है।याचिका में कहा गया है कि इस साल जनवरी से लेकर जून तक महिलाओं के साथ दुष्कर्म और छेड़खानी की के करीब 185 मामले दर्ज किए गए हैं। प्रार्थी भारती कौशल ने अदालत को बताया कि स्कूलों में वैन भी चलते हैं। स्कूल प्रबंधन वैन के ड्राइवर का सत्यापन नहीं कराते। ऐसे वैन चालक बच्चियों का यौन शोषण करते हैं।

## ट्रॉली बैग के खिलाफ ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल ने किया प्रदर्शन

धनबाद, एजेंसी। ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल के केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर लाइन बॉक्स के बदले ट्रॉली बैग देने के फरमान के विरोध में बुधवार को डीआरएम कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया. देश भर में चल रहे आंदोलन के तहत धनबाद में भी प्रदर्शन किया गया. कमेटी के मंडल अध्यक्ष एके पांडेय ने कहा कि रेल प्रशासन के इस अव्यवहारिक फैसले के विरुद्ध केंद्रीय सहायक महासचिव एके ठाकुर एवं जोनल सहायक सचिव आरिफ खान के नेतृत्व में परिचालन प्रभावित किये बिना महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे हैं.

आंदोलन में शामिल गार्डों ने कहा कि रनिंग कर्मचारी ऐसे ही विपरीत परिस्थितियों में काम करते हैं. ड्यूटी के लिए उन्हें 72 घंटा तक घर से बाहर रहना पड़ता है. ऐसे में उनकी पर्सनल बिलांगिंग्स ही इतनी ज्यादा होती है कि उसे ही ढोने में काफी परेशानी होती है. मालगाड़ी में काम करने वाले गाड़ी प्रबंधक 10-15 घंटे तक ड्यूटी करते हैं. इसके लिए खाने-पीने का सामान और शौच आदि के लिए अतिरिक्त पानी लेकर चलना पड़ता है. लाइन बॉक्स स्टेशन में सुरक्षित रखे जा सकते हैं. जबकि ट्रॉली को हमेशा साथ रखना पड़ेगा. ऐसे में इसका बोझ उठा पाना संभव नहीं है.धरना प्रदर्शन के दौरान कहा गया कि लाइन बॉक्स में गाड़ी प्रबंधक के व्यक्तिगत सामान नहीं होते है.

## सरला बिरला यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन



रांची , एजेंसी। सरला बिरला यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को यूनिवर्सिटी के महानिदेशक प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा की पठन-पाठन में उत्कृष्टता के अलावा सशक्त चरित्र निर्माण भी उतना ही आवश्यक है। वे विवि के नए सत्र के लिए आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के अवसर पर मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सामान्य अनुशासन के अलावा शैक्षणिक और वित्तीय अनुशासन पर भी कई अहम बातें बताई। उन्होंने एसबीयू के साथ विभिन्न विदेशों विश्वविद्यालयों के एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि इससे विवि के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन का अवसर हासिल होगा।

**कार्यक्रम में मौजूद छात्रों को दिए कई गुरुमंत्र :** इंडक्शन कार्यक्रम में विवि के प्रभारी कुलपति प्रोफेसर एस.बी. डांडीन ने विद्यार्थियों को अच्छे कर्म, सहयोगी स्वभाव और जीवन में सकारात्मक प्रवृत्ति को अपनाते हुए अध्ययन को आत्मसात् की सलाह दी। कुलसचिव प्रो.वी.के. सिंह ने नए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बिरला परिवार की समृद्ध विरासत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी जड़ों से जुड़े रहने के विषय में बताया। डीन डॉ. नीलिमा पाठक ने विद्यार्थियों को बेहतरीन समय प्रबंधन, अनुशासन, कुशल आचरण और दृढ़ संकल्प के जरिए अपना लक्ष्य पूरा करने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन इशिका सिंह और समापन डॉ. शुभ्रजीत मंत्री ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को डीएसडब्ल्यू डॉ. अशोक अस्थाना, हरिबाबू शुक्ला, प्रो. राहुल वत्स, डॉ. पी. के. होता और सी. एस. महता ने अपने विभागों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. संदीप कुमार, डॉ. शैलेश नारायण सिंह, डॉ. राज कुमार सिंह समेत विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा करेंगे ये 7 तेज तर्रार एसपी, झारखंड सरकार ने दी जिम्मेदारी



जमशेदपुर, एजेंसी। प्रधानमंत्री के 15 सितंबर को शहर दौरे को लेकर बुधवार देर रात एसपीजी टीम (स्पेशल प्रोटेक्शन) के साथ एसएसपी कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी को लेकर विशेष बैठक की गई जिसमें झारखंड के वरीय पुलिस अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में राज्य के वरीय पुलिस अधिकारी संजय लाठकर, आइजी अखिलेश कुमार झा, कोल्हान डीआइजी, जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

शहर में प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झारखंड के सात आइपीएस की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक के बाद सभी अधिकारियों ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। अधिकारियों की शहर में जगह-जगह तैनाती कर दी गई है। इस बैठक में जिले के सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी मौजूद थे। अधिकारियों को सुरक्षा में किसी भी तरह के कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए।

## रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को मिला ऑन स्पॉट ऑफर लेटर

रांची , एजेंसी। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग की ओर से आज रोजागार मेला का आयोजन किया गया। ये आयोजन अवर प्रादेशिक नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, रांची में किया गया। इसमें कुल 19 नियोजकों से रिक्तियां प्राप्त हुई, जिनमें से 17 नियोजको ने भाग लिया। भाग लेने वाले नियोजकों में प्रमुख हैं- अमेटी यूनिवर्सिटी रांची, कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पीटल रांची, राज हॉस्पीटल रांची, सीएमसी मिटकॉन मेगा स्कील रांची, रानी हॉस्पीटल रांची, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण बैंक रांची, वर्सन सिक्यूरिटी सर्विस रांची एवं रांची सिक्यूरिटि प्रा लि इत्यादि।

रोजगार मेला मे 950 अभ्यर्थी शामिल हुए। नियोजकों द्वारा 90 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया एवं 105 अभ्यर्थियों को चयनित कर ऑन स्पॉट ऑफर लेटर दिया गया। मेला का आयोजन नियोजन पदाधिकारी, राजेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इसके



संचालन में नियोजन कार्यालय के अन्य कर्मियों की अहम भूमिका रही।

रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया गया, जिससे वे अपने कैरियर को एक नई दिशा प्रदान कर सकें। रोजगार तलाश रहे उम्मीदवारों के लिए नियोजनालय एक नई दिशा दिखा सकता है। बता दें कि अलग-अलग योग्यता के लिए रोजगार मेला का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

नियोजन कार्यालय ने कहा है कि समय-समय पर रोजगार मेला एवं भर्ती कैम्प का आयोजन कर निबंधित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोगजार के अवसर प्रदान किए जाते हैं। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के प्रभावी होने के उपरांत स्थानीय नियोजकों की भागीदारी मेला में बढ़ी है। अधिनियम के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से रोजगार के अवसर से जुड़ने के लिए स्थानीय उम्मीदवार रोजगार पोर्टल में नाम रजिस्टर्ड कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालय में आकर भी नाम रजिस्टर कर सकते हैं।

वहीं, निजी क्षेत्र के वैसे नियोजक जहां 10 या 10 से अधिक व्यक्ति कार्यरत हैं, को पोर्टल में निबंधन कराना अनिवार्य है। निबंधन नहीं कराने वाले नियोजकों के लिए दण्ड एवं जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। झारनियोजन में नियोजक अपनी रिक्तियाँ प्रकाशित कर सकते हैं जो रोजगार पोर्टल पर निबंधित अभ्यर्थियों को प्रदर्शित होती है। साथ ही रोजगार पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाईन प्रकाशित रिक्तयों के लिए आवेदन कर सकते है। नियोजक भी झारनियोजन अकांउट के माध्यम से अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट, साक्षात्कार एवं चयन की प्रक्रिया ऑनलाईन ही संपन्न कर सकते हैं।

# इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की नजर है आबू धाबी पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार की नवरत्न कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की इन दिनों नजर आबू धाबी पर है। आखिर ऐसा क्यों नहीं हो कंपनी के आबू धाबी ऑफिस के कारोबार में पिछले साल 57 फीसदी का उछाल आया है। इसी से उत्साहित कंपनी अब आबू धाबी को ग्लोबल हब के रूप में डेवलप करने की योजना बना रही है। इसकी जानकारी कंपनी की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वर्तिका शुक्ला ने दी है।

**पश्चिम एशिया में कारोबार की भारी संभावना–** वर्तिका शुक्ला का कहना है कि आबू धाबी ऑफिस के कारोबार में इन दिनों खूब बढ़ोतरी हो रही है। वित्त वर्ष 2022-23 पर नजर डालें तो उस दौरान कंपनी के उस कार्यालय ने 93 करोड़ रुपये का कारोबार किया। यह वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 146 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। मतलब कि 57 फीसदी की बढ़ोतरी। यही नहीं, चालू वित्त वर्ष के दौरान भी वहां से करीब 141 करोड़ रुपये का इंफ्लो हो चुका है। उनका कहना है कि पश्चिम एशियाई देशों में कई अरब डॉलर के कारोबार के अवसर हैं। इसी को खते हुए आबू धाबी कार्यालय में उसके कर्मचारियों की संख्या डेढ़ साल पहले के लगभग 30 कर्मचारियों से बढ़कर वर्तमान में 140 से अधिक हो गई है।




**वहां की कंपनियों पर नजर–** ईआईएल के सीमडी ने बताया जानते हैं, हम एडीएनओसी (अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी) और यूएई पर क्यों ध्यान केंद्रित कर रहे हैं इसकी पहली वजह है कि वे अपनी तेल उत्पादन क्षमता को 4 मिलियन बैरल प्रति दिन से बढ़ाकर 5 एमबी/डी करने के लिए एक परियोजना में निवेश कर रहे हैं। वे विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, चाहे वह अपतटीय, तटीय, गैस, पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र के प्रोजेक्ट हों। उन्हें हमारा काम पसंद है। तभी तो एक कंपनी के रूप में, हम अब अपने अबू धाबी कार्यालय को यूएई के आसपास की कई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए एक केंद्र के रूप में आकार देने पर बहुत ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**आर्डर बुक पहुंचा 11,350 करोड़ रुपये पर–** इस बीच कंपनी के आर्डर बुक में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इस साल 31 अगस्त तक इसका आर्डर बुक 11,350 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी के साथ इस साल 4,681 करोड़ रुपये का नया काम हाथ में आया है। बीते साल कंपनी का टर्नओवर 3232 करोड़ रुपये रहा है। जहां तक मुनाफे की बात है तो साल 2023-24 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले साल के 342 करोड़ रुपये से बढ़ कर 357 करोड़ रुपये हो गया है। यही नहीं, कंपनी की प्रति शेयर आय भी 6.09 रुपये से बढ़ कर 6.35 रुपये हो गया है।

**शेयर 7 फीसदी से भी ज्यादा चढ़े–** बीएसई में गुरुवार को इंजीनियर्स इंडिया के शेयरों में भारी बढ़ोतरी हुई। बुधवार को इसके शेयर 209.60 रुपये पर बंद हुए थे। आज सुबह यह बढ़ कर 213.35 रुपये पर खुले और कारोबार के दौरान यह करीब 8 फीसदी चढ़ कर 226.90 रुपये पर चले गए। दोपहर बाद दो बजे यह 226 रुपये पर ट्रेड हो रहा था, जो कि कल के मुकाबले 7.82 फीसदी ज्यादा है।

## अमेरिका में कंपनियों की बढ़ती दिवालिया संख्या, 2024 में अब तक 452 बड़ी कंपनियों का निकला दिवाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए यह साल चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। साल के पहले आठ महीनों में ही 452 बड़ी कंपनियां दिवालिया हो चुकी हैं, जो पिछले 14 वर्षों में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। महामारी के




समय 2020 में लॉकडाउन के कारण अगस्त तक 466 कंपनियों ने दिवालिया घोषित किया था। इस साल अगस्त में 63 कंपनियां और जुलाई में 49 कंपनियों ने दिवालिया घोषित किया, जिससे यह महीना पिछले चार वर्षों में उद्योग के लिए चौथा सबसे खराब महीना बन गया।

महामारी के बाद यह पहला मौका है जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था में इस स्तर की मंदी देखी जा रही है। कंपनियों के दिवालिया होने के साथ बेरोजगारी और उपभोक्ता खर्च में कमी की स्थिति भी चिंताजनक है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में और भी कंपनियों के दिवालिया होने की संभावना है।

## जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत कच्चा इस्पात उत्पादन अगस्त में मामूली बढ़कर 23.16 लाख टन पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील का अगस्त में एकीकृत कच्चा इस्पात उत्पादन एक प्रतिशत बढ़कर 23.16 लाख टन हो गया है। पिछले साल इसी महीने में कंपनी का एकीकृत कच्चा इस्पात उत्पादन 22.86 लाख टन रहा था। जेएसडब्ल्यू ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, एकीकृत कच्चे इस्पात उत्पादन में सालाना आधार पर एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

कंपनी ने अपने भारतीय परिचालन से अगस्त में 22.49 लाख टन इस्पात का उत्पादन किया। यह पिछले वर्ष इसी महीने के 22.15 लाख टन से दो प्रतिशत अधिक है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा, भारतीय परिचालन में मासिक कच्चे इस्पात का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में दो प्रतिशत अधिक रहा तथा क्षमता उपयोग 91 प्रतिशत रहा।

जेएसडब्ल्यू स्टील अमेरिका- ओहियो ने समीक्षाधीन माह में 0.67 लाख टन इस्पात का उत्पादन किया, जो अगस्त, 2023 में उत्पादित 0.71 लाख टन की तुलना में कम है। जेएसडब्ल्यू स्टील, 24 अरब डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह का प्रमुख कारोबार है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में की बड़ी खरीदारी, पुणे में 520 करोड़ रुपए की जमीन का सौदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियों में से एक माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में अपनी सबसे बड़ी संपत्ति खरीदारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, टेक दिग्गज ने पुणे में 520 करोड़ रुपए खर्च कर दिए हैं। इससे पहले साल की शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट ने 267 करोड़ रुपए की खरीदारी की थी और 2022 में भी उसने 300 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया था। इस प्रकार माइक्रोसॉफ्ट ने पुणे में अब तक करीब 850 करोड़ रुपए की संपत्ति खरीदी है।

**कहां की गई खरीदारी–** रियल एस्टेट सलाहकार स्क्वायर यार्ड्स के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट ने पुणे के हिंजवडी इलाके में 16.4 एकड़ जमीन खरीदी है। यह जमीन अगस्त 2024 में खरीदी गई और इसका कुल खर्च 520 करोड़ रुपए रहा। इस सौदे पर 31.18 करोड़ रुपए की स्टांप ड्यूटी और 30,000 रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क भी लगाया गया है। माइक्रोसॉफ्ट ने इस लेन-देन पर अभी तक कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है।

साल 2022 में, माइक्रोसॉफ्ट ने महाराष्ट्र के पिंपरी-चिंचवड़ में 328 करोड़ रुपये में 25 एकड़ जमीन खरीदी थी।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में हो सकती है कटौती

### कच्चा तेल 3 साल में पहली बार 70 से नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों के लिए अच्छी खबर है। सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमत में कटौती कर सकती है लेकिन इसके लिए उसने एक कंडीशन रखती है। पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस मिनिस्ट्री में सचिव पंकज जैन ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक कम रहती है, तो तेल कंपनियां पेट्रोल-डीजल की कीमत में कमी पर विचार कर सकती हैं। कच्चे तेल की कीमत तीन साल के निचले



स्तर पर आ गई हैं। इससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियों का मुनाफा बढ़ा है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों से पहले पेट्रोल और डीजल की कीमत में कटौती की जा सकती है।

मंगलवार को ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई। दिसंबर 2021 के बाद पहली बार कच्चा तेल इस स्तर पर आया है। ग्लोबल इकॉनमी की ग्रोथ धीमी पड़ने से तेल की मांग में कमी आने की आशंका है। इस कारण कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई है। इससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के मार्जिन में सुधार हुआ है। देश में 90 प्रतिशत मार्केट पर सरकारी तेल कंपनियों का कब्जा है। इनमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड शामिल हैं। इस साल आम चुनाव से ठीक पहले 14 मार्च को सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की थी।

### अभी कितनी है कीमत

पेट्रोल की कीमतों को 2010 में ग्लोबल मार्केट की कीमतों से जोड़कर नियंत्रण से मुक्त कर दिया गया था। साल 2014 में डीजल की कीमत को भी नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था। कई राज्यों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा है जबकि डीजल का रेट भी 90 रुपये प्रति लीटर से ऊपर है। पेट्रोल-डीजल के महंगे होने से हर चीज की कीमत प्रभावित होती है। अगर सरकार कीमत घटाने का फैसला करती है तो इससे महंगाई में भी कमी आ सकती है। रॉयटर्स के मुताबिक पेट्रोलियम सेक्रेटरी ने कहा कि भारत चाहता है कि ओपेक+ देश उत्पादन बढ़ाए क्योंकि भारत जैसे कई देशों में मांग बढ़ रही है।

भारत दुनिया का तीसरा बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है। देश अपनी जरूरत का 87 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। सचिव ने कहा कि भारतीय कंपनियां रूस सहित उन देशों से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदने को तैयार हैं जहां कीमत कम है। भारतीय रिफाइनर कंपनियां रूसी से कच्चे तेल का आयात कर रही हैं क्योंकि वह छूट दे रहा है। यूक्रेन युद्ध से पहले रूस से भारत का आयात एक फीसदी से भी कम था जो इस फाइनेंशियल ईयर के पहले 5 महीनों में बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया है। उसने इराक, सऊदी अरब, यूएई और अमेरिका को कहीं पीछे छोड़ दिया है।

# बजाज हाउसिंग फाइनैंस आईपीओ को रिकॉर्ड तोड़ निवेशक मांग, 3.2 लाख करोड़ रुपए की बोलियां प्राप्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजाज हाउसिंग फाइनैंस की शेयर बिक्री ने निवेशकों की रिकॉर्ड तोड़ मांग का सामना किया और 6,560 करोड़ रुपए के आईपीओ की पेशकश के लिए संचयी बोली 3.2 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गई। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में करीब 90 लाख आवेदन मिले, जिसने टाटा टेक्नोलॉजिज के पिछले रिकॉर्ड 73.5 लाख आवेदनों को पीछे छोड़ दिया।

ऐसी शानदार प्रतिक्रिया ने भारतीय आईपीओ बाजार के लिए नया बेंचमार्क तय कर दिया है और देसी वित्तीय कंपनी बजाज फाइनैंस व बजाज फिनसर्व के जरिये शेयरधारकों के लिए विशेष वैल्यू के सृजक के तौर पर बजाज समूह की परंपरा को मजबूत बनाया है।

बाजार के विशेषज्ञों का मानना है कि यह कामयाबी 5.5 लाख करोड़ डॉलर वाले देसी इक्विटी बाजार की मजबूती व गहराई को रेखांकित करती है और बड़े पैमाने पर होने वाली शेयर बिक्री को सहारा देने की उसकी क्षमता भी बताती है। यह मील का पत्थर वैश्विक वाहन दिग्गज ह्युंडै इंडिया के 25,000 करोड़ रुपए के अनुमानित आईपीओ और सॉफ्टबैंक समर्थित स्विगी के 10,000 करोड़ रुपए के अनुमानित आईपीओ से पहले देखने को मिला है।

बजाज हाउसिंग के आईपीओ को निवेशकों की विभिन्न श्रेणियों से भारी मांग देखने को मिली और कुल मांग बिक्री पेशकश के 67 गुने के पार चली गई। संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 222 गुना आवेदन मिले जबकि एचएनआई श्रेणी में 10 लाख रुपए तक और 10 लाख रुपए से ज्यादा निवेश करने वाले निवेशकों के मामले में आवेदन क्रमशः 51 गुना व 31 गुना मिले। वैयक्तिक निवेशकों के मामले में बोली 60,000 करोड़ रुपए के पार चली गई।




### टाटा टेक्नोलॉजिज के आईपीओ जैसा उत्साह

बजाज हाउसिंग फाइनैंस के आईपीओ को लेकर दीवानगी ने वैसे ही उत्साह से रूबरू कराया, जो नवंबर 2023 में टाटा टेक्नोलॉजिज की सूचीबद्धता के समय देखा गया था, जो करीब दो दशक में टाटा समूह का पहला सार्वजनिक पेशकश था। इश्यू को 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बोली मिली थी और टाटा टेक्नोलॉजिज का शेयर आगाज पर 2,65 गुना चढ़ा था।

इसी तरह बजाज हाउसिंग के शेयरों को भविष्य का एचडीएफसी बताया जा रहा है और सोमवार को इसकी सूचीबद्धता पर शेयर की कीमत दोगुने से ज्यादा होने की उम्मीद की जा रही है। यह कंपनी की वैल्यू 1.2 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा देगा और इसे जमा स्वीकार न करने वाली देश की सबसे मूल्यवान हाउसिंग फाइनैंस कंपनी बना देगा। अभी इस पर एलआईसी हाउसिंग फाइनैंस काबिज है, जिसकी वैल्यू 37,151 करोड़ रुपए है।

कीमत दायरे के ऊपरी स्तर पर बजाज हाउसिंग (बजाज फाइनैंस के पूर्ण स्वामित्व) की वैल्यू 58,000 करोड़ रुपए है। उच्च मूल्यांकन से हालांकि विश्लेषकों ने कुछ चिंता जताई है। एक रिसर्च नोट में मैक्वेरी के वित्तीय सेवा शोध प्रमुख सुरेश गणपति ने कहा है कि मूल्यांकन स्पेक्ट्रम के ऊपरी स्तर पर बजाज हाउसिंग फाइनैंस की कीमत वित्त वर्ष 26 के अनुमानित बुक वैल्यू पर 2.6 गुना है, जो परिसंपत्ति पर 2.5 फीसदी रिटर्न के लिए है।

इसके अतिरिक्त नोट में कहा गया है कि कंपनी का रिटर्न ऑन इक्विटी आईपीओ के बाद 15 फीसदी से घटकर 12 फीसदी होने का अनुमान है, जिसने 3,560 करोड़ रुपए की नई पूंजी जुटाई है। इस संदर्भ में हाउसिंग फाइनैंस दिग्गज एचडीएफसी का मूल्यांकन अपने सर्वोच्च स्तर पर बुक वैल्यू का करीब चार गुना था।

# 2,500 की करते थे नौकरी, 18 की उम्र में शुरू किया कारोबार... आज 41 देशों में फैला है साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विवेक चंद सहगल मदरसन ग्रुप के सह-संस्थापक हैं। एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर वह ग्लोबल ऑटोमोटिव इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक बन गए हैं। 28 सितंबर, 1956 को दिल्ली में जन्मे सहगल की सफलता की कहानी उद्यमिता का बेहतरीन उदाहरण है। 18 साल की उम्र में चांदी का व्यापार उनका पहला व्यवसाय था। 1970 के दशक की शुरुआत में उन्होंने 2,500 रुपये के वेतन से अपने करियर की शुरुआत की थी। आइए, यहां विवेक चंद सहगल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**पिलानी से की शुरुआती पढ़ाई –** विवेक चंद सहगल ने अपनी शुरुआती शिक्षा राजस्थान के पिलानी के बिड़ला पब्लिक स्कूल से हासिल की। फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। सहगल ने 1975 में अपनी मां स्वर्ण लता सहगल के साथ



मदरसन की शुरुआत की थी। शुरुआत में कंपनी चांदी के व्यापार में थी।

**ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में रखे कदम –** यह और बात है कि समय के साथ चांदी के व्यापार में गिरावट आई। इसे देखते हुए सहगल को अपनी रणनीति बदलनी पड़ी। इस तरह उन्होंने ऑटोमोबाइल व्यवसाय में कदम रखने के लिए एक रणनीतिक कदम उठाया। यह रणनीतिक बदलाव वास्तव में गेम चेंजर साबित हुआ। मदरसन को ग्लोबल दिग्गज के रूप में उभरने में मदद मिली। ऑटो कंपोनेंट्स में कंपनी के पहले कदम 1986 में पड़े जब इसने जापान की सुमितोमो वायरिंग सिस्टम्स के साथ ज्वाइंट वेंचर बनाया। इसने ऑटोमोटिव व्यवसाय में मजबूत ग्रोथ का मंच तैयार किया।

**41 देशों में फैला है साम्राज्य–** जब से विवेक चंद सहगल ने मदरसन समूह की बागडोर संभाली है, कंपनी का काफी विस्तार हुआ है। वह संवर्धन मदरसन ग्रुप के चेयरमैन हैं। यह समूह 41 देशों में फैला हुआ है। इसकी 350 से अधिक मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटें हैं। ग्रुप में 1,35,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। यह समूह ऑडी, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी प्रतिष्ठित कार निर्माताओं के लिए वायरिंग हार्नेस, विजन सिस्टम, मॉड्यूल और पॉलीमर प्रोडक्ट बनाती है।

**ऑस्ट्रेलिया में सबसे अमीर भारतीय–** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवेक चंद सहगल के उद्यमशीलता कौशल को पहचान मिली है। 2016 में उन्हें भारत में श्रङ्ख एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड मिला। 2023 तक उनकी संपत्ति 4.8 अरब डॉलर आंकी गई।

# दो दिन में 1,000 महंगा हुआ सोना, चांदी में उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में इस हफ्ते काफी तेजी आई है। इस सप्ताह अब तक सोने की कीमतों में 460 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है, जबकि चांदी का रेट 1,800 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गया है। गुरुवार को भी शुरुआती कारोबार में सोने और चांदी की कीमत में तेजी दिख रही है। एमसीएक्स पर अक्टूबर डिलीवरी वाला सोना सुबह 11 बजे 59 रुपये की तेजी के साथ 71986.00 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी 407 रुपये की तेजी के साथ 84857.00 प्रति किलो के भाव चल रही है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने-चांदी की कीमत में मिलाजुला रुख देखने को मिला। बुधवार को सोने का अक्टूबर वायदा अनुबंध 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ



71,927 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी का दिसंबर वायदा अनुबंध 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों के कारण सोने और चांदी की कीमतों में बहुत अधिक उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। अगस्त में यू.एस. कोर सीपीआई महंगाई में बढ़ोतरी उम्मीद से ज्यादा रही। इससे सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से फिसल गईं।

**सर्राफा कीमत–** राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों से सोने की कीमतों को बल मिला। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ ही पिछले दो दिन में सोने की कीमतों में 1,000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 500 रुपये की तेजी के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम से 74,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ओर से खरीदारी बढ़ने से बाजार में धारणा मजबूत हुई, जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई।

# श्रीलंका में लोगों को साफ पानी मुहैया कराने के लिए एडीबी ने मदद को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक ( एडीबी ) ने श्रीलंका के जल आपूर्ति और स्वच्छता क्षेत्र के सुधारों का समर्थन करने के लिए 10 करोड़ अमेरीकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। एडीबी ने बुधवार को बताया कि स्वीकृत ऋण जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति देश के लचीलेपन को बढ़ाने और दीर्घकालिक स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद करेगा। यह सहायता 100 मिलियन अमरीकी डॉलर के दो उप-कार्यक्रमों से बना होगा। यह जल आपूर्ति और स्वच्छता सेवाओं के अधिक लचीले और



टिकाऊ वितरण में योगदान देगा।

एडीबी के अनुसार, उप-कार्यक्रम 1 के तहत राष्ट्रीय स्तर पर और राष्ट्रीय जल आपूर्ति और जल निकासी बोर्ड (एनडब्ल्यूएसडीबी) के लिए नीतियां और रणनीतियां बनाई जाएंगी। जबकि उप-कार्यक्रम 2 के तहत सुधार कार्यों और दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन किया जाएगा।

एडीबी के वरिष्ठ शहरी विकास विशेषज्ञ पेड्रो अल्मेडा ने कहा, श्रीलंका में सुरक्षित और विश्वसनीय जल आपूर्ति की कुशल डिलीवरी खंडित जल संसाधन प्रबंधन द्वारा सीमित है और जलवायु परिवर्तन से यह और भी बदतर हो गई है। यह कार्यक्रम न केवल सुरक्षित जल तक पर्याप्त पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि इस क्षेत्र की शासन और स्थिरता चुनौतियों का भी समाधान करेगा। यह निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी सक्षम करेगा।

# पहला टी-20- ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 28 रन से हराया

## हेड ने करन के ओवर में लगातार 6 बाउंड्री मारी, 256.52 का स्ट्राइक-रेट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। 180 रन का टारगेट चेज कर रही मेजबान टीम 19.2 ओवर में 151 रन ही बना सकी। ट्रेविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 23 गेंद पर 59 रनों की पारी खेली।

### हेड-शॉर्ट की तेज शुरुआत, पावरप्ले की आखिरी बॉल पर विकेट

ट्रेविस हेड और मैथ्यू शॉर्ट की ओपनिंग जो?ी ने ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। इस जोड़ी ने पावरप्ले के 6 ओवर में 86 रन बना डाले, हालांकि 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर हेड 23 बॉल पर 59 रन बनाकर आउट भी हुए। उन्हें शाकिब महमूद ने कोक्स के हाथों कैच कराया। आउट होने से पहले हेड ने सैम करन के ओवर से 30 रन लिए। उन्होंने करन के ओवर में लगातार 6 बाउंड्री जमाई। इनमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

### मिडिल ओवर में इंग्लैंड का दबदबा, लिविंगस्टोन ने 3 विकेट निकाले

पावरप्ले के बाद इंग्लिश ने दबदबा बनाया। यहां टीम ने 4 विकेट निकाले। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श महज 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पावरप्ले के बाद 7वां ओवर लेकर आए आदिल रशीद ने बोल्ड कर दिया।

फिर लियाम लिविंगस्टोन ने 11वें ओवर में मैथ्यू शॉर्ट को भी पवेलियन भेज दिया। शॉर्ट 41 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सैम करन ने कैच किया। लिविंगस्टोन ने स्पेल के अगले ओवर में मार्कस स्टोयनिस और टिम डेविड को भी पवेलियन भेजा। स्टोयनिस ने 10 रन बनाए, जबकि डेविड खाता भी नहीं खोल सके। 14 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 144/5 रहा।

### इंग्लिश-ग्रीन ने 33 रन जोड़े, स्कोर 179 रन

132 रन के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाने के बाद कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस ने ऑस्ट्रेलिया को 179 रन के स्कोर तक पहुंचाया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 25 बॉल पर 33 रन की पारी खेली।इंग्लैंड की ओर से लिविंगस्टोन ने 3 विकेट झटके। वहीं जोफ्रा आर्चर और शाकिब महमूद को 2-2 विकेट मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल ने भारतीय बल्लेबाजों को निडर बनाया: रिकी पोंटिंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने निडर भारतीय बल्लेबाजों को तैयार करने का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग को दिया है जिन्होंने राष्ट्रीय टीम को घर से बाहर टेस्ट सीरीज में दबदबा बनाने में मदद की है। स्काई स्पोर्ट्स पर बोलते हुए पोंटिंग ने विदेशी दौरे पर भारत के अच्छे प्रदर्शन के पीछे का कारण बताया, खासकर ऑस्ट्रेलिया में जहां भारत ने लगातार सीरीज जीती हैं। भारत ने वास्तव में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर दबदबा बनाया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2014 में अपनी आखिरी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज जीती थी। पोंटिंग का मानना है कि इस दबदबे के पीछे मुख्य कारण भारतीय बल्लेबाजों की विदेशी परिस्थितियों में खुद को ढालने और निडर होकर खेलने की क्षमता है। उन्होंने कहा, उन्होंने गाबा में एक गेम जीता, जो कि कभी नहीं होता। मुझे लगता है कि उनके बल्लेबाज विदेशी बल्लेबाजी परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढाल लेते हैं। मुझे नहीं लगता कि वे गाबा या ऑप्टस ओवल से उतने डरे हुए हैं, जितने शायद पहले थे। शायद यह चयन का मामला है, या उन्हें अब बड़े मंच से डर नहीं लगता। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा, पिछले 10 सालों से आईपीएल के इर्द-गिर्द रहने के कारण मैंने देखा है कि बहुत से युवा खिलाड़ी अब बड़े मंच से नहीं डरते क्योंकि आईपीएल में बहुत दबाव होता है, यह उनके लिए विश्व कप जैसा है। उनके बल्लेबाज बहुत आक्रामक स्ट्रोक बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

**दलीप ट्रॉफी 2024**

### इशान किशन ने की मजबूती से वापसी, मिला मौका और जड़ा अर्धशतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे चरण के मुकाबले में इंडिया सी के लिए बल्लेबाजी करते हुए बेहतरीन अंदाज में वापसी की और इस सीजन के अपने पहले ही मुकाबले में अर्धशतक लगा दिया। खबर लिखे जाने तक इशान किशन ने अर्धशतक पूरा कर लिया था और क्रीज पर बल्लेबाजी कर रहे थे। इससे पहले यानी पहले चरण के मुकाबले में इंजरी की वजह से वो नहीं खेल पाए थे। दूसरे चरण के मुकाबले में भी उनके खेलने की उम्मीद नहीं की जा रही थी, लेकिन उन्हें अचानक की टीम में जगह मिली और उन्होंने कमाल कर दिया। इशान किशन ने इंडिया बी के खिलाफ चल रहे मुकाबले में खेल के पहले दिन पहली पारी में खबर लिखे जाने तक 50 गेंदों पर 51 रन बना लिए थे। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान एक छक्का और 7 चौके लगाए।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान

बांग्लादेशी क्रिकेट टीम ने 19 सितंबर से टीम इंडिया के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. टीम की कप्तानी नजमुल हुसैन शांतो के हाथों में रहेगी. बांग्लादेशी टीम भारतीय टीम से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी.

वहीं पाकिस्तान में लगी कमर की चोट के कारण बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इस्लाम भारत में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को इसकी घोषणा की. पाकिस्तान में दोनों टेस्ट जीतने के बाद बांग्लादेशी टीम भारत भी उलटफेर के इरादे से आ रही है. बांग्लादेश की टीम लगभग वही है, जिसने हाल में पाकिस्तान का सीरीज में सूपड़ा साफ किया.

बांग्लादेशी टीम में सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय ने पाकिस्तान सीरीज से बाहर रहने के बाद भारत के खिलाफ टेस्ट टीम में वापसी की है. उन्हें कमर में चोट लगी थी, जिसे ठीक होने में करीब दो सप्ताह का समय लगा.

### इस्लाम की जगह किसे मिले मौका

इस्लाम को कमर में समस्या के कारण भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर किया गया. उन्होंने रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट खेला और बाबर आजम सहित तीन विकेट लिए. हालांकि कमर में चोट के कारण वह दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए. पाकिस्तान में बांग्लादेश के गेंदबाज खालिद अहमद पिछली सीरीज से बाहर हो गए थे, जिनको इस्लाम की जगह टेस्ट टीम में मौका मिला है.

### जाकिर अली को पहली बार मौका...

बांग्लादेशी टीम में जाकिर अली अनिक को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया. 26 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज टेस्ट टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, जिन्होंने देश के लिए 17 टी20 मैच खेले हैं.



पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में मैच विजयी शतक लगाने के बाद लिटन दास के ही विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है, जाकिर अली अनिक को बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल किया गया है.

### चेन्नई में पहला टेस्ट, दूसरा टेस्ट कानपुर में

भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर को चेन्नई में पहला टेस्ट शुरू होगा, जबकि 27 सितंबर को कानपुर में दूसरा मैच शुरू होगा. आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भारत बांग्लादेश से सात स्थान आगे है और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर है. रोहित शर्मा की टीम बांग्लादेश से भिड़ने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन टेस्ट खेलेगी और फिर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी.

### भारत के खिलाफ बांग्लादेश की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान),शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, जाकिर अली, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, ताइजुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, नईम हसन,खालिद अहमद

### पहले टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल.



## विराट कोहली इतिहास रचने से मात्र 58 रन दूर, बांग्लादेश के खिलाफ बनाएंगे नया कीर्तिमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उतरेगी तो सभी की निगाहें विराट कोहली पर होंगी। कोहली बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए तेंदुलकर को पीछे छोड़ सकते हैं। विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने के लिए 58 रनों की जरूरत है।

विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर के बीच अक्सर तुलना की जाती रही है, हालांकि सचिन हमेशा कहते रहे हैं कि बाद वाले का कोई मुकाबला नहीं है। कोहली के नाम 80 अंतरराष्ट्रीय शतक हैं और शतकों की संख्या के मामले में वह तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 27,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 623 पारी (226 टेस्ट पारी, 396 वनडे पारी, 1 टी20 पारी) में ऐसा किया है। कोहली ने अब तक सभी प्रारूपों में 591 पारियां खेली हैं और 26942 रन बनाए हैं। अगर कोहली अपनी अगली आठ पारियों में 58 रन और बना लेते हैं जो कि बहुत संभव है तो वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 147 साल के इतिहास में 600 से कम पारियों में 27,000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। अब तक तेंदुलकर के अलावा ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग और श्रीलंका के कुमार संगकारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 से ज़्यादा रन बनाए हैं। इस बीच, संभावना है कि एफ्रो-एशिया कप को फिर से शुरू किया जा सकता है। अगर यह टूर्नामेंट वाकई शुरू होता है, तो विराट कोहली के बाबर आजम के साथ गेंदबाजी करने या शाहीन अफरीदी के जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर गेंदबाजी करने की संभावना खुल सकती है।

**अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट**

## बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच के शुरू होने का इंतजार जारी है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण लगातार चौथे दिन एक भी गेंद फेंके बिना खेल रद्द कर दिया गया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें आगे बताया गया है कि कल (शुक्रवार) सुबह आठ बजे मैच शुरू करने का निर्णय स्टेडियम का आकलन करने के बाद किया जाएगा। पिछले हफ्ते से शहर में लगातार बारिश हुई है और पहले दो दिन मैदान में खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण खेल बाधित रहा। फिर, तीसरे और चौथे दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले कहा था कि उन्हें इस टेस्ट की मेजबानी के लिए कानपुर और बेंगलुरु की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने ग्रेटर नोएडा को इसलिए चुना क्योंकि अन्य दो स्थानों का उपयोग बीसीसीआई मैचों (आगामी भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट और हाल ही में संपन्न दलीप ट्रॉफी का पहला राउंड) के लिए किया जा रहा था।मौजूदा टेस्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले महीनों में श्रीलंका और भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले कीवी टीम के पास परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका जरूर है।

## मोहम्मद आमिर ने तोड़ा भारतीय तेज गेंदबाज का रिकॉर्ड, 15 गेंद में बनाया इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में क्रिकेट लीग खेली जा रही हैं जिसमें एक से बढ़कर एक गेंदबाज अपनी गेंदबाजी का जलवा बिखेर रहे हैं। इन्हीं में से एक है कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल जिसमें पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ने महज 2.3 ओवरों में नया कीर्तिमान रच दिया है। ये गेंदबाज कोई और नहीं पाकिस्तान के जाने-माने तेज गेंदबाद मोहम्मद आमिर हैं। दरअसल, सीपीएल 2024 के 13वां मुकाबला बारबाडोस में बारबाडोस रॉयल्स और एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कन्स के बीच खेला गया। इस मैच में बारबुडा फाल्कन्स की ओर से खेलते हुए मोहम्मद आमिर ने महज 2.3 ओवरों में गेंद से ऐसा कहर बरपाया कि भारतीय तेज गेंदबाज का बड़ा रिकॉर्ड टूट गया। आमिर ने सिर्फ 15 गेंद डाली और बिना कोई विकेट लिए बगैर विकेट लिए ही नया कीर्तिमान रच दिया।

### आमिर ने भुवी को छोड़ा पीछे

पाकिस्तानी तेज गेंदबाज ने 2.3 ओवरों में महज 11 रन खर्च किए। इस दौरान उनका ओवर मेडन रहा जो ञ्20 क्रिकेट में बहुत कम ही देखने को मिलता है। इस मेडन ओवर की बदौलत मोहम्मद आमिर ने भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को पीछे छोड़ दिया। दरअसल, मोहम्मद आमिर अब टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने भुवी को पछाड़ते हुए ये बड़ा मुकाम अपने नाम किया है। मोहम्मद आमिर दुनियाभर की टी-20 क्रिकेट में शिरकत करते हैं और यही वजह है कि वह भुवी का ये बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने में सफल रहे हैं। दूसरी तरफ भुवी घरेलू क्रिकेट और आईपीएल खेलते हैं जहां मेडन ओवर डालना बहुत मुश्किल होता है।

### टॉप-3 में शामिल हुए आमिर

मोहम्मद आमिर के नाम अब टी-20 क्रिकेट में 26 मेडन ओवर फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वहीं, भुवी ने 25 मेडन ओवर डाले हैं। हालांकि दोनों गेंदबाजों की पारियों में काफी अंतर है। आमिर ने 302 पारियों में ये कमाल किया है जबकि भुवी के नाम 286 पारियों में 24 मेडन ओवर शामिल हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने के मामलें में आमिर अब तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आमिर से ज्यादा मेडन ओवर सुनील नरेन और शाकिल अल हसन ने डाले हैं।

### टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वाले गेंदबाज

सुनील नरेन- 30
शाकिब अल हसन- 26
मोहम्मद आमिर- 25
भुवनेश्वर कुमार- 24
जसप्रीत बुमराह- 22



## एक दिन में दो बार हारा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया ने तो हराया ही, टीम ने भी खत्म किया 23 साल का इंतजार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 11 सितंबर को इंग्लैंड ने एक नहीं 2 मुकाबले खेले और दोनों में उसे हार का सामना करना पड़ा. एक हार तो वो रही जो उसे टी-20 सीरीज के पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया से मिली. वहीं दूसरी हार उसे आयरलैंड ने वनडे सीरीज के आखिरी मैच में रसीद की. जिस तरह से इंग्लैंड की मेंस टीम ऑस्ट्रेलिया से व्हाइट बॉल सीरीज खेल रही है. ठीक वैसे ही वहां की महिला टीम भी आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद वाली सीरीज खेलने में मशगूल है. आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड से वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला जीतकर ना सिर्फ अपनी क्लीन स्वीप को टाला है बल्कि 23 साल के इंतजार को भी खत्म किया है.



आयरलैंड ने महिला वनडे में आखिरी बार इंग्लैंड को साल 2001 में हराया था. उसके बाद ये पहला मौका रहा जब इंग्लैंड की महिला टीम ने आयरलैंड के आगे घुटने टेके. आयरलैंड ने इंग्लैंड को वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में 3 विकेट से हराया, जिसमें उसके 18 साल की गेंदबाज एमी मैग्यार की बड़ी भूमिका रही.

इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच खेला तीसरा वनडे बारिश से प्रभावित रहा. 50 ओवर का ये मुकाबला घटाकर 22-22 ओवर का खेला गया. इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी की पर वो पूरे 22 ओवर विकेट पर नहीं जम सकी. 20.5 ओवर में 153 रन बनाकर ही उसका खेल खत्म हो गया. इंग्लैंड की इस पतली हालत की वजह एमी मैग्यार रहीं, जिन्होंने 3.5 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए.अब आयरलैंड के सामने 154 रन का लक्ष्य था, जिसे उसने 7 विकेट खोकर हासिल किया. आयरलैंड ने ये मैच आखिरी गेंद पर जीता और 2001 से चले आ रहे अपने इंतजार को खत्म किया. इंग्लैंड के गेंदबाजों की आयरलैंड को लक्ष्य से पहले रोकने की कोशिशें पूरी हुई लेकिन वो कामयाब नहीं हो सकींआयरलैंड ने वनडे सीरीज का आखिरी मैच जीतकर अपनी क्लीन स्वीप को भी टाल दिया. इंग्लैंड ने ये सीरीज 2-1 से जीती. उसने पहला वनडे 4 विकेट से जबकि दूसरा वनडे 275 रन से जीता था. अब दोनों टीमों के बीच 14 सितंबर से ञ्20 सीरीज होगी जो कि खास तौर पर इंग्लैंड के लिए अगले महीने होने वाली ञ्20 वर्ल्ड कप के लिए अहम रहने वाली है.

# मासूम चेहरा, उदार दिल और हिट फिल्मों की मालकिन हैं श्रिया सरन





**अभिनेत्री** श्रिया सरन ने टॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक हिट और दमदार फिल्में दी हैं। अपनी खूबसूरती, मासूमियत और शानदार अदाकारी के चलते उन्होंने अभिनय की दुनिया में एक अमिट छाप छोड़ी है। श्रिया ना सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि वह एक उदार और बड़ा दिल भी रखती हैं। आज खूबसूरत अभिनेत्री अपना 42वां जन्मदिन मना रही हैं। आइए उनके जन्मदिन के अवसर पर उनसे जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें जानते हैं। श्रिया सरन का जन्म 11 सितंबर 1982 को उत्तराखंड के हरिद्वार में हुआ। श्रिया की पढ़ाई लिखाई दिल्ली में हुई। दरअसल, उनके पिता भेल में काम करते थे और उनकी मां स्कूल में पढ़ाती थी। श्रिया की डांस में भी काफी रुचि थी, जिसके चलते उन्होंने डांस क्लास भी ज्वाइन की और कॉलेज के दिनों में वह डांस प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेती थीं।

डांस ने ही श्रिया को अभिनय की दुनिया तक ले जाने में मदद की। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते-लेते श्रिया को रेणु नाथन के म्यूजिक एल्बम 'थिरकती क्यूं हवा में' काम करने का अवसर मिला। इसी दौरान उन्हें रामोजी फिल्म्स की फिल्म 'इष्टम' मिल गई और अभिनय की दुनिया में उनकी गाड़ी चल पड़ी, जिसके बाद उन्होंने दोबारा मुड़कर पीछे नहीं देखा। हालांकि, उन्होंने शोहरत का असली स्वाद तब चखा जब वह रजनीकांत के साथ फिल्म 'शिवाजी द बॉस' में नजर आईं। श्रिया ने साल 2003 में 'तुझे मेरी कसम' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। श्रिया सरन को आर माधवन की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' का भी ऑफर मिला था।

इस फिल्म के एक सीन में उन्हें आर माधव की आंखों में देखकर 'आई लव यू' बोलना था कई बार कोशिश करने के बाद भी वह ऐसा नहीं कर पाईं, जिसके चलते उनके हाथ से यह फिल्म निकल गई। एक पुराने साक्षात्कार में श्रिया ने साझा किया था कि लंबे समय तक वह अपनी पॉकेट मनी बचाकर रखती थीं और उन्हें ले जा कर ब्लाइंड स्कूल में दान दे दिया था। यह घटना बताती है कि श्रिया कितनी उदार दिल की हैं।


# रेड डालने फिर से आ रहे अजय देवगन, इंतजार हुआ खत्म! 21 फरवरी 2025 को रिलीज होगी 'रेड 2'



अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेड 2' की रिलीज तारीख सामने आ गई है। फिल्म की घोषणा होने के बाद से ही प्रशंसक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। बुधवार को निर्माताओं ने इसके रिलीज तारीख की घोषणा करते हुए उनकी उत्सुकता को दोगुना कर दिया है। यह फिल्म साल 2018 में आई 'रेड' का सीक्वल है, जिसमें अजय देवगन ने एक आईआरएस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को पहले 15 नवंबर को रिलीज किया जाना था।

## इस दिन 'रेड 2' होगी रिलीज

बॉलीवुड स्टूडियो टी-सीरीज ने अपने सोशल मीडिया पर घोषणा करते हुए एक पोस्ट जारी किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, एक्शन तीव्रता और रहस्य को वापस लेकर आ रहे हैं। 'रेड 2' 21 फरवरी 2025 को रिलीज होगी!' अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड 2' आयकर विभाग के गुमनाम नायकों की कहानी बताएगी। उनकी किताबों से सच्ची घटनाएं सामने लाएगी। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में वाणी कपूर और रजत कपूर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। अभिनेता रितेश देशमुख 'रेड 2' में खलनायक की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। इसके पहले भाग को भी राज कुमार ने ही निर्देशित किया था, जो दर्शकों को खूब पसंद आई थी। फिल्म ने क्रिटिक्स की भी सराहना प्राप्त की थी। इस सीक्वल को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने अपने बैनर टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियोज के तहत बनाया है।



# शाहरुख खान ने ली करण जौहर की चुटकी कहा पिक्चर भी तो बना मेरे भाई

शाहरुख खान और करण जौहर काफी अच्छे दोस्त हैं। इस जोड़ी ने फैंस को कुछ शानदार फिल्मों की सौगात दी है। मंगलवार (10 सितंबर) शाम शाहरुख व करण द्धद्धस्न अवार्ड्स 2024 की प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर आए। इस दौरान दोनों ने साथ में काफी मस्ती करने के साथ एक-दूसरे की टांग खिंचाई भी की। शाहरुख ने बताया कि करण रिहर्सल के लिए फिजिकली अवेलेबल नहीं थे और जूम पर सब प्लान हुआ।

करण ने मुझे कहा कि वह होस्टिंग के लिए रिहर्सल नहीं कर पाएंगे। वे जूम पर करेंगे। करण ने मुझसे कहा कि भाई मैं जूम पर कर लूंगा, मैं इतना जल्दी करता हूं। मैं तो इतना होस्टिंग करता हूं न। इस पर शाहरुख ने चुटकी लेते हुए कहा कि चैट शो भी होस्ट करता है, फिल्म शो भी होस्ट करता है। पिक्चर भी तो बना मेरे भाई तू। कितना होस्ट करेगा तू। शाहरुख की बात सुनकर ना सिर्फ करण बल्कि वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगते हैं। करण ने फिर कहा कि एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी ने भी मुझसे ऐसा ही कहा। मुझे लगता है यह काफी गलत लग रहा है सभी फिल्ममेकर के लेवल पर। मुझे अब और फिल्में बनानी चाहिए।

शाहरुख ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी बताया कि वह काफी समय से द्धद्धस्न अवार्ड सेरेमनी को मिस कर रहे हैं, लेकिन इसके पीछे वजह उनके वर्क कमिटमेंट्स हैं। किंग खान ने जानकारी दी कि इस बार सेरेमनी में शाहिद कपूर, जान्हवी कपूर, कृति सेनन और विकी कौशल परफॉर्म करेंगे।

# मिर्जापुर पर बनेगी फिल्म, ऋतिक बनेंगे कालीन भइया?

**अमेजन** प्राइम की वेब सीरीज मिर्जापुर को दर्शकों से बहुत प्यार मिला है। सीजन 1 से लेकर तीसरे सीजन तक दर्शकों को यह सीरीज बेहद पसंद आई है। सीरीज को लेकर अफवाह है कि इसको फिल्म के रूप में पेश किया जा सकता है। मेकर्स का प्लान है कि सीरीज के लंबे फॉर्म को छोट बनाकर फिल्म के रूप में बड़ी स्क्रीन पर रिलीज किया जाए। इसी के साथ, ये अफवाह भी है कि फिल्म में बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन कालीन भइया का किरदार निभा सकते हैं। इन अफवाहों पर वेब सीरीज के डायरेक्टर गुरमीत सिंह ने रिएक्ट किया है।

बातचीत में मिर्जापुर के डायरेक्टर गुरमीत सिंह ने कहा कि इसको लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर्स और स्टूडियो अभी इसपर विचार और चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई भी आधिकारिक जानकारी वही लोग (प्रोड्यूसर्स और स्टूडियो) उपलब्ध करा सकते हैं। गुरमीत सिंह ने आगे कहा कि इस बारे में वो हां या ना में जवाब नहीं दे सकते क्योंकि ये जानकारी सिर्फ प्रोड्यूसर्स और स्टूडियो ही दे सकता है।

वहीं, ऋतिक रोशन के कालीन भइया बनने पर हुए सवाल को लेकर भी उन्होंने वही जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जब तक ऊपर से कोई जानकारी नहीं आती है, वो इस बारे में कुछ भी नहीं बता सकते हैं। वहीं, मिर्जापुर सीरीज की बात करें तो इसका पहला सीजन 2018 में स्ट्रीम हुआ था। वहीं, सीरीज का तीसरा सीजन इसी साल रिलीज किया गया है। सीरीज में कालीन भइया का किरदार पंकज त्रिपाठी ने निभाया है। सीरीज में पंकज त्रिपाठी के अलावा दिव्येन्दु शर्मा, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी, रसिका दुग्गल, विक्रांत मेसी, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, कुलभूषण खरबंदा, हर्षिता गौड़ और शीबा चड्ढा जैसे कलाकार नजर आए थे।



# रकुल प्रीत सिंह को 4 दिन शूटिंग के बाद प्रभास की फिल्म से निकाल दिया बाहर

रकुल प्रीत सिंह ने खुलासा किया है कि करियर के शुरुआती दिनों में उन्हें एक-दो नहीं, बज्कि कई फिल्मों से रातों-रात रिप्लेस कर दिया गया। इनमें प्रभास के साथ एक बड़ी फिल्म भी थी, जिसकी उन्होंने चार दिन शूटिंग भी कर ली थी। उन्होंने सुशांत के साथ एमएस धोनी नहीं करने का भी मलाल है।

रकुल प्रीत सिंह उन पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के साथ ही साउथ की फिल्मों में खूब नाम कमाया है। दिल्ली की इस हसीना ने 2009 में कन्नड़ फिल्म गिल्ली से एक्टिंग डेब्यू किया था। अब रकुल ने एक इंटरव्यू में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनकी पहली तेलुगू फिल्म वेंकटाद्री एक्सप्रेस की रिलीज से पहले उन्हें दो फिल्मों से रातों-रात रिप्लेस कर दिया गया था। खास बात ये है कि इनमें से एक में प्रभास थे।

और तो और रकुल ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी की बायोपिक एमएम धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी में पहले उन्हें कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में यह रोल दिशा पाटनी को दे दिया गया। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में रकुल ने अपने फिल्मी करियर पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने साउथ सिनेमा और बॉलीवुड में नेपोटिज्म का भी जिक्र किया।

# ऑस्कर अवॉर्ड से खुश नहीं हैं हॉलीवुड अभिनेत्री हैली बेरी, खुलकर बताई इसकी वजह



मशहूर हॉलीवुड अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता हैली बेरी पहली अश्वेत महिला हैं, जिन्हें इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें साल 2002 में मॉन्सटर्स बॉल के लिए इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उसके बाद से 22 वर्षों में अब तक किसी भी अश्वेत महिला को इस अवॉर्ड से सम्मानित नहीं किया गया है। इसके बाद भी हैली बेरी अपने ऑस्कर अवॉर्ड से निराश हैं। मेरी क्लेयर के साथ एक इंटरव्यू के दौरान हैली बेरी ने कहा, मैं अभी भी हमेशा इस बात से निराश रहती हूं कि मेरे बाद कोई भी अश्वेत महिला अभिनेत्री ऑस्कर नहीं जीत पाई, मैं हर साल इस बात से दुखी होती हूं और यह निश्चित रूप से इसलिए नहीं है, क्योंकि कोई भी इसके योग्य नहीं था।

हैली बेरी ने कहा, मेरे लिए दिल टूटने का सबसे बड़ा कारण है कि ऑस्कर में और अधिक अश्वेत महिलाओं के लिए कभी दरवाजा नहीं खोला गया, जैसा कि उन्होंने अपने स्वीकृति भाषण के दौरान घोषित किया था।

# जसलीन रॉयल ने गुरु रंधावा के खिलाफ दायर किया मुकदमा

## कॉपीराइट उल्लंघन से जुड़ा है मामला

गुरु रंधावा पंजाबी मनोरंजन जगत का एक बड़ा नाम हैं। वह गायक, गीतकार और संगीतकार हैं, जिनके गाने अक्सर चार्टबस्टर साबित होते हैं। उन्हें लाहौर, पटोला, हाई रेटेड गबरू आदि गानों के लिए जाना जाता है। मशहूर गायक के लिए मुश्किलें पैदा होती नजर आ रही हैं। हाल में ही गायिका जसलीन रॉयल ने उनके खिलाफ कॉपीराइट से जुड़ा एक मुकदमा दायर किया है।

जसलीन ने अपने संगीत के कॉपीराइट को लेकर टी-सीरीज, गीतकार राज रणजोध और गायक गुरु रंधावा के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। एक बयान के अनुसार, गायिका द्वारा इन पर एल्बम जी थिंग के गीत ऑल राइट में उनके संगीत से जुड़ी रचनाओं के अनधिकृत उपयोग का आरोप लगाया गया है। बयान में कहा गया है कि जसलीन ने अजय देवगन अभिनीत रनवे 34 के प्रचार कार्यक्रमों के लिए साल 2022 में कुछ मूल संगीत रचनाए बनाई थीं। इन रचनाओं को गीतकार राज रणजोध के साथ ऑडियो-वीडियो कॉल और मैसेजों के जरिए साझा किया गया था। बाद में इन रचनाओं को गाने के स्क्रैच वर्जन में शामिल किया गया था।

### सहमति के बिना रचनाओं के इस्तेमाल का जसलीन ने किया दावा

इस गाने को लेकर गुरु रंधावा से बातचीत की गई थी। हालांकि, उनके द्वारा रिकॉर्ड किया गया गाना जसलीन को पसंद नहीं आया, जिसके कारण सभी इस गाने के लिए जुड़ नहीं पाए। जसलीन के पास इस संगीत के सभी अधिकार थे। साल 2023 में, जसलीन को एहसास हुआ कि टी-सीरीज द्वारा रिलीज किया गए गाने ऑल राइट में उनकी मूल रचनाओं का उपयोग किया गया है। इस गाने को गुरु रंधावा ने अपनी आवाज दी है।

गायिका ने उनकी सहमति के बिना उनके मूल संगीत रचनाओं का उपयोग करने और उन्हें श्रेय न देने को लेकर मुकदमा दायर किया है। जारी किए गए बयान के अनुसार, मुकदमे में कॉपीराइट उल्लंघन और नैतिक अधिकारों के उल्लंघन का दावा किया गया है। जसलीन के वकीलों ने अदालत से एक अंतरिम आदेश प्राप्त किया है, जिसमें टी-सीरीज को सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म से गाना हटाना पड़ेगा। राज रंजोध और गुरु रंधावा को भी किसी भी तरह से गीत का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया है।



साभार-एजेंसी